



# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

▶▶ जयपुर, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025 ▶▶ वर्ष 16 ▶▶ अंक 344 ▶▶ पृष्ठ 12 ▶▶ मूल्य 1.50 रु.




रैंप पर चलते चलते दो बाद लड़खड़ाई हिना खान

पेज: 10


## पीएम मोदी हरियाणा दौरे पर...

# बोले, मुसलमानों से हमदर्दी, तो मुस्लिम अध्यक्ष बनाए कांग्रेस

**'वक्फ कानून का सही इस्तेमाल होता तो मुसलमानों को पंचर बनाने की जरूरत नहीं पड़ती'**



**हिसार/यमुनानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र सोमवार को हरियाणा दौरे पर रहे। सुबह करीब 10 बजे उन्होंने हिसार में हरियाणा के पहले एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। यहां से हिसार-अयोध्या फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद पीएम यमुनानगर पहुंचे। यहां उन्होंने 8 00 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट, कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास और रेवाड़ी बाइपास का उद्घाटन कया। पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा, ''देश आजाद होने के बाद 2013 तक वक्फ का कानून चलता था। 2013 में कांग्रेस ने कानून में संशोधन कर दिया, ताकि चुनाव में वोट पा सकें। कानून को ऐसा बना दिया कि बाबा साहेब के संविधान की ऐसी-तैसी कर दी। इसका सही उपयोग होता तो मुसलमानों को साइकिल के पंचर बनाने की जरूरत नहीं होती।''

पीएम मोदी ने आगे कहा, ''कांग्रेस कहती है कि ऐसा मुसलमानों के हित में किया। मैं पूछना चाहता हूं कि अगर सच्चे मन से मुसलमानों के लिए थोड़ी भी हमदर्दी है तो कांग्रेस पार्टी अपनी पार्टी का अध्यक्ष किसी मुसलमान को बनाए, लेकिन इनके नेता ऐसा कुछ नहीं करेंगे। ये सिर्फ देश के नागरिकों के अधिकारों को छीनना चाहते हैं।'' हिसार में पीएम मोदी ने कहा अब श्रीकृष्ण जी की पावन भूमि हरियाणा, श्रीराम जी की भूमि अयोध्या से सीधी जुड़ गई है। बहुत जल्द हिसार से दूसरे शहरों के लिए भी उड़ानें शुरू होंगी। मेरा वादा रहा है कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज में उड़ेगा। 10 सालों में करोड़ों भारतीयों ने जीवन में पहली बार हवाई सफर किया है। हमने वहां भी नए एयरपोर्ट बनाए, जहां कभी अच्छे रेलवे स्टेशन तक नहीं थे। 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे, 70 साल में 74। आज देश में एयरपोर्ट की संख्या 150 के पार हो गई है। ▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

**कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर के साथ क्या किया**

### पीएम नरेन्द्र मोदी ने रामपाल कश्यप को अपने हाथों से पहनाए जूत

#### 14 साल से चल रहे थे नंगे पांव

**यमुनानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 14 साल से नंगे पांव चल रहे कैथल के रामपाल कश्यप को अपने हाथों से जूते



पहनाए। उस समय रामपाल कश्यप ने संकल्प लिया था कि जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन जाते, तब तक वह नंगे पांव चलेंगे और जूते नहीं पहनेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उन्हें जूते पहनाने के बाद आशीर्वाद दिया और काम करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि काम में जुट जाओ। ▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

## न्यूज ब्रीफ

### पीएनबी घोटोले का आरोपी चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

**ब्रूसेल्स।** पंजाब नेशनल बैंक से लोन धोखाधड़ी मामले में आरोपी हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को पुलिस ने बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने



बताया कि भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को उसकी गिरफ्तारी हुई, फिलहाल वह जेल में है। उसकी गिरफ्तारी के बाद बेल्जियम ने पहली प्रतिक्रिया देते हुए बताया है कि उसे आगे की न्यायिक प्रक्रिया के लिए जेल में रखा गया है।



### अमित शाह ने अखिल भारतीय फोरेंसिक विज्ञान शिखर सम्मेलन का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्य अतिथि के रूप में 14 अप्रैल को नई दिल्ली में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विवि. द्वारा आयोजित 2 दिवसीय अखिल भारतीय फोरेंसिक विज्ञान शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। इसका विषय 'नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन और आतंकवाद से निपटने में फोरेंसिक विज्ञान की भूमिका' था।

## टैरिफ वॉर का साइड इफेक्ट | मंदी का खतरा मंडराया...

# अमेरिका में महंगाई की मार, चीन पर भी होगा असर?

**नई दिल्ली।** विश्व के 75 देशों को पारस्परिक टैरिफ से 90 दिन की मोहलत देने और चीन पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने के डोनाल्ड ट्रंप के कदम से यह साफ हो गया है कि यह सिर्फ व्यापार को संतुलित करने का मामला नहीं है। यह विश्व की दो बड़ी आर्थिक महाशक्तियों के बीच वर्चस्व की जंग है। इसमें टैरिफ सिर्फ एक टूल है। पिछले करीब तीन दशकों में चीन निर्यात के दम पर करीब 19 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया है। करीब 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला अमेरिका चीन की बढ़ती सामरिक ताकत पर अंकुश लगाना चाहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन की सामरिक ताकत पर अंकुश लगाने का कारगर तरीका व्यापार की दुनिया में उसके दबदबे को कमजोर करना है। डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई में अमेरिका टैरिफ के जरिये यही करने का प्रयास कर रहा है। दुनिया की दो बड़ी महाशक्तियों के बीच वर्चस्व की इस जंग का असर पूरे विश्व पर पड़ेगा। कुछ विशेषज्ञ इसे सप्लाई चेन में बड़े बदलाव के साथ मंदी की आशंका भी जता रहे हैं। चीन अमेरिका के बीच व्यापारिक युद्ध विश्व को कैसे प्रभावित करेगा इसकी पड़ताल अहम मुद्दा है।

**भारत पर पड़ेगा मिला-जुला असर**



### महंगे हो सकते हैं स्मार्टफोन, लैपटॉप और उपकरण

भारत का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर चीनी कम्पोनेंट पर निर्भर है। विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स में यह निर्भरता अधिक है। बैटरी से लेकर सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले पैनल तक सबकुछ चीन से आता है। इसका मतलब है कि आने वाले हफ्तों में स्मार्टफोन लैपटॉप और उपकरण महंगे हो सकते हैं।

### फार्मा उत्पादों की बढ़ सकती है लागत

भारत दवा उत्पादन में अग्रणी देश है। लेकिन दवा बनाने के लिए लगभग 70 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है। अगर कच्चे माल की आपूर्ति में किसी तरह की बाधा आती है तो इससे न सिर्फ उत्पादन लागत बढ़ेगी बल्कि निर्यात के लिए भेजी जाने वाली खेप पहुंचाने में देरी होगी। वैश्विक जेनरिक दवा बाजार पर इसका बुरा असर पड़ेगा।

### स्टील उत्पादकों पर बढ़ेगा दबाव

स्टील की बात करें तो अमेरिका और यूरोप के बाजारों में निर्यात की गुंजाइश कम हो रही है। ऐसे में चीन के स्टील उत्पादक स्टील भारत जैसे वैकल्पिक बाजारों में डंप करने का प्रयास कर सकते हैं। इससे स्थानीय स्तर पर स्टील की कीमतों में गिरावट आएगी। भारत में स्टील उत्पादकों को नुकसान हो सकता है। ▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

# एक साथ उठीं 5 अर्थियां, चीख उठा लखनऊ

## खाटू श्याम जा रहे इंजीनियर का पूरा परिवार हादसे में खत्म | जयपुर के पास मनोहरपुर मोड़ पर एक दिन पहले हुआ था हादसा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/लखनऊ।** जितनी हृदय विदारक दुर्घटना थी, उससे भी अधिक असह्य था एक साथ पांच अर्थियों का उठना। इनमें वृद्ध माता-पिता के शव थे, तो युवा पुत्र-बहू और नन्ही बच्ची के भी। यह देख मुसाहिबगंज अपने आंसू नहीं रोक पा रहा था। केवल मुसाहिबगंज नहीं, आसपास के क्षेत्रों में जिसने भी सुना सत्यप्रकाश के घर दौड़ पड़ा। बड़ी बहू और बड़े पुत्र को सबने ढांढस बंधाया। साथ ही नियति की क्रूरता से उबरने की हिम्मत दी। खाटू श्याम जाते वक्त रविवार सुबह मुसाहिबगंज निवासी सत्यप्रकाश, उनकी पत्नी रामदेवी, बेटे अभिषेक, बहू प्रियांशी और सात महीने की बच्ची श्री की मौत हो गई थी। सभी के शव सोमवार तड़के घर पहुंचे। आठ बजने तक गली में पैर रखने की जगह तक नहीं थी।



### बेसुध होकर गिर पड़ी देवरानी

उधर, बड़ी बहू ज्योति, चचेरी बहू रीता सिंह समेत अन्य लोगों को जब आखिरी बार सभी मृतकों का चेहरा दिखाया गया तो फफख पड़ीं। वहीं देवरानी शव से लिपटकर रोते हुए कहने लगी भाभी उठो। इस तरह चली जाओगी कहते हुए रोने लगी और बेसुध होकर गिर पड़ी। उधर, सत्यप्रकाश के स्वभाव को सभी इतना पसंद करते थे कि मुस्लिम समाज के लोग भी भारी संख्या में अंतिम यात्रा में शामिल हुए। वहीं, मृतक सत्यप्रकाश का पोता जीयांशु सभी के शव देख रो पड़ा। बार-बार अपनी मां से कहता रहा कि दादा-दादी तो छोड़कर चले गए, आप मेरे साथ रहो। इसके बाद हिमांशु, चाचा चंद्र प्रकाश समेत अन्य लोगों ने एक-एक कर कंधा देकर सभी शव को उठाकर गुलाला घाट की तरफ बढ़े तो परिवारीजन की चीखों से इलाका गूंज उठा। एक तरफ जहां श्री के शव को घर के पास दफनाया गया, तो वहीं गुलाला घाट में सभी का अंतिम संस्कार किया गया।

### आखिरी बार सभी ने श्री के शव को गोद में लिया

सात महीने की श्री की मौत का किसी को विश्वास नहीं हो रहा था। हर कोई अपनी गोद में लेकर बार-बार उसका चेहरा निहार रहे थे। अभी रो देगी, फिर खिलौने से भरे झूले में बैठा देंगे, लेकिन वह नहीं उठी और खिलौने से भरा झूला वैसे ही सूना रह गया। बार-बार सब यही कह रहे थे कि भगवान इस बच्ची का क्या कसूर था? मुसाहिबगंज निवासी साफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक सिंह ने तीन दिन की छुट्टी ली थी। फिर शनिवार को बैंक मैनेजर पत्नी प्रियांशी, पिता सत्यप्रकाश, मां रामा देवी और सात महीने की बच्ची श्री के साथ को मैनपुरी बहन सिंपल के बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए गए थे। वहां से सभी का खाटू श्याम जाने का कार्यक्रम बन गया और देर रात निकल पड़े। रविवार सुबह जयपुर के दौसा जिले के मनोहरपुर मोड़ पर ट्रेलर की टक्कर से सभी की मौत हो गई थी।

## आतंकी तहव्वुर से रोज 10 घंटे पूछताछ कर रही एनआईए

### राणा ने केवल पेन, नोटपैड और कुरान मांगी, खाने में अब तक कोई फरमाइश नहीं

**नई दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी सोमवार को चौथे दिन पूछताछ जारी है। मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय के नेतृत्व में एनआइए के अधिकारियों की एक टीम



राणा से रोज 8 से 10 घंटे तक पूछताछ कर रही है। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान राणा सहयोग भी कर रहा है। पिछले 4 दिन में राणा ने केवल तीन चीजें मांगी हैं एक कलम, कागज या नोटपैड और कुरान। ये तीनों उसे दिए गए हैं। सने अभी तक किसी खास तरह के खाने की मांग नहीं की है ▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 134वां जयंती समारोह का भव्य आयोजन

# सीएम शर्मा बोले बाबा साहब ने देश ही नहीं, दुनिया को राह दिखाई









### समाज के सभी वर्गों के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने देश ही नहीं, पूरी दुनिया को राह दिखाई है। बाबा साहब ने अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान का जो सपना देखा था, उसे पूरा करने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने चार जातियों युवा, महिला, किसान और मजदूर के सशक्तीकरण के लिए दूरगामी कदम उठाए हैं और प्रदेश के हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

सीएम शर्मा सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने सबसे बड़ा संविधान देकर भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बनाया। भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. अम्बेडकर ने पीड़ित, शोषित, वंचित और उपेक्षित लोगों के लिए भेद-भाव रहित समाज का मार्ग दिखाया है। सीएम शर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने सभी वर्गों में शिक्षा पर जोर दिया और महिला सशक्तीकरण तथा श्रम सुधार के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दुनिया उनके सामाजिक दर्शन और कानूनी ज्ञान का लोहा मानती है और उन्हें सिंबल ऑफ नॉलेज भी कहती है।

### 'प्रधानमंत्री ने किया बाबा साहब के विचारों का प्रसार'

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवपीढ़ी को डॉ. साहब के योगदान से परिचित कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय किए। प्रधानमंत्री ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थानों जन्म भूमि (महू), दीक्षा भूमि (नागपुर), महापरिनिर्वाण भूमि (दिल्ली), चैत्य भूमि (मुम्बई) और शिक्षा भूमि (लंदन) को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया है। साथ ही, उन्होंने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की। सीएम श्ने कहा कि डॉ. अंबेडकर महिलाओं की उन्नति के प्रबल पक्षधर थे। उनकी इसी भावना को सम्मान देते हुए प्रधानमंत्री की पहल पर संविधान संशोधन किया गया और लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर जब जीवित थे, तब उन्हें कोई सम्मान नहीं दिया गया। ▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर


### पाली के कुलदीप को सामाजिक सेवा पुरस्कार और डॉ अनुपमा को महिला कल्याण पुरस्कार

समारोह में शर्मा ने बाबा साहब की प्रतिमा और संविधान की प्रति को माथे से लगाकर नमन किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया। साथ ही, उन्होंने कुलदीप पंवार पाली को अम्बेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार और डॉ अनुपमा सोनी को अंबेडकर महिला कल्याण पुरस्कार भी प्रदान किए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहब के विचारों के प्रसार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री श्री शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि वंचितों के उत्थान के लिए राज्य सरकार ने जो भी वादे किए थे, वो पूरे किए जा रहे हैं।

### बाबा साहब के जीवन से जुड़े पंचतीर्थों के भ्रमण के लिए योजना

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, आर्थिक कमजोर वर्ग और दिव्यांग जनों को संबल देने के लिए अनुजा निगम और अल्पसंख्यक विकास निगम द्वारा दिए गए बकाया ऋणों के मामलों को निपटाने के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के दिशा-निर्देश जारी किए और स्वच्छकारों को सेफ्टी किट वितरित किए। साथ ही, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों को औद्योगिक भूखण्ड के पट्टों का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने मस्कुलर डिस्ट्रोफी पीड़ितों को इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर भी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पंचतीर्थ भ्रमण योजना के तहत राज्य सरकार अनुसूचित जाति के लोगों को बाबा साहब के जीवन से जुड़े पंचतीर्थों का भ्रमण करवा रही है। योजना के अंतर्गत आज उन्होंने बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया।





# बाबा साहेब की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई

## अगली अम्बेडकर जयंती से पहले रेस्ट हॉउस में बनेगा अम्बेडकर ऑडिटोरियम



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** शहर के वार्ड 46 की भामी बस्ती से लेकर अम्बेडकर भवन कालेरा बास तक 134वीं जयंती के उपलक्ष में रैली निकाली गई। रैगर बस्ती, वाल्मीकि बस्ती, बूंटिया से अलग-अलग मोहल्लों से भामी बस्ती से एकत्रित होकर अम्बेडकर भवन के लिए रवाना हुई। रैली में राजेन्द्र राठौड़ और चूरू विधायक हरलाल सारण रथ पर सवार होकर रैली में शामिल हुए। मोहल्लों से गुजरते समय जगह- जगह पुष्पा वर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। रैली में बाबासाहेब के समर्थक नाचते-झूमते अम्बेडकर भवन पहुँचे जहाँ रैली आम सभा में परिवर्तित हो गई। मंच पर उपस्थित अतिथियों का रेखा बरोड़ और कंचन सरेवा ने बैच लगाकर अभिनन्दन किया। राजस्थान पुलिस के जवान डॉ. भागीरथ मेघवाल ने राजेन्द्र राठौड़ और हरलाल सारण को संविधान की प्रति भेंट की। सभा को सम्बोधित करते हुए राजेन्द्र राठौड़ ने कहा की बाबासाहेब एक ऐसे महामानव थे जिन्होंने अपने बाल्य काल से ही गरीबी और छुआछूत को करीब से देखा। बाबासाहेब अपने उसूलों के इतने पक्के थे की उन्हें कोई पद का लालच नहीं था। इस अवसर पर राठौड़ ने कहा की अगले वर्ष आने वाली अम्बेडकर जयंती से पहले मैं और हरलाल मिलकर चूरू में भव्य ऑडिटोरियम बनाकर शिलान्यास करेंगे, इसके लिए आगामी बजट में घोषणा करवाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने बताया की बाबासाहेब ने जीवनपर्यन्त सर्व समाज के हितों और अधिकारों के लिए संघर्षरत रहें लेकिन हम अनुसूचित जाति-जनजाति के लोग बाबा साहेब को अनुसूचित जाति-जनजाति का बताकर उनके महान कद को छोटा करने का तुछ कार्य कर रहें हैं। लुगरिया ने अनुसूचित जाति-जनजाति की बस्तीयों में राजेन्द्र राठौड़ के द्वारा करवाए गये विकास कार्य गिनवाये और उनका आभार व्यक्त किया। लुगरिया ने राजेंद्र राठौड़ और चूरू विधायक हरलाल सारण से चूरू जिला मुख्यालय पर अम्बेडकर ऑडीटोरियम एवं बाबा साहेब की प्रतिमा पुन: स्थापित करने की मांग रखी। पैरा ओलम्पिक कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया, भाजपा प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, गजानंद खेड़ीवाल अध्यक्ष अम्बेडकर जयंती समिति, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम सारस्वत, सांवरमल गहनोलीया, पूर्व पार्षद विश्व नाथ जांगिड़, पार्षद प्रतिनिधि हरिराम चोपड़ा, पूर्व सभापति विजय कुमार आदि लोगों ने सभा को सम्बोधित किया। मंच पर प्रधान दीपचंद राहड़, पार्षद प्रतिनिधि आनंद रछोया, विजय वाल्मीकि,पार्षद मेघराज भार्गव, सुरेंद्र नायक राजगढ़, पवन चांवरिया, सुनीता खटीक, राजू भाट, प्रकाश सांसी, पुष्पा खारडिया, रमेश सांसी, प्रकाश नायक, सोनू धानक सरपंच, भाजयुमो महामंत्री गुरु धानका, रणजीत माहीच, बृजलाल गोठवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल, विश्वनाथ राजगुरु, विमला मेघवाल पूर्व पार्षद लालचंद पंवार, रामेश्वर धौलपुरिया, पवन बागड़ी, नौरंग वर्मा आदि लोग मंचस्थ थे। कार्यक्रम का संचालन किशनलाल गहनोलिया, डॉ. मूलचंद वर्मा व नंदलाल बौद्ध ने किया। इस अवसर पर सुरेश नाई बूंटिया ने कार्यक्रम में एक क्विंटल लड्डू वितरित करवाए। इस अवसर पर पूर्व पार्षद कलावती लुगरिया, किशन रछोया, चंद्रप्रकाश, गोविन्द लुगरिया, रिछपाल कानखेड़िया, सुनील खेड़ीवाल, सोहनलाल ठेकेदार, संदीप लुगरिया, रविंद्र इंदौरा, विनीत, दीनदयाल, फरियाद खान, सलीम गौरी, अमराराम नायक, राजकुमार अलवाड़िया, महेश माहीच, धर्मवीर माहीच, किशन, गणेश, रामचंद्र काँटीवाल, रामेश्वर धौलपुरिया, रिद्धकरण रछोया, जीवन प्रजापत, सीताराम खरोड़, पूर्ण होटला, अतरसिंह कौल, सुगनाराम जिनोलिया, लक्ष्मण इंदलिया, अशोक सुणीया, राकेश मैव, छोटुराम भामी, शंकरलाल झाझडा, घिसाराम झाझड़ा, दानाराम गोठवाल, भंवरलाल चौहानिया, मनीराम बरोड़, मुकेश बरोड़, नोरतन इंदलिया, राकेश इंदलिया, मूलचंद दूत, विनोद कुमार सैनी, विमला महिचा, मनी देवी, सजना माहीच, सुमन चोपड़ा, सुनीता गोठवाल, गुंजन माहीच आदि व सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयन्ती पर दी श्रद्धांजलि



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में अंबेडकर सर्किल पर कांग्रेस जनों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि आज भारत नहीं अपितु विश्व के 15 देश बाबा भीमराव अंबेडकर जी के संविधान को अपना रहे हैं, उन्होंने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से भारतीय समाज में जातिवाद, असमानता और अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा की। बाबा साहब द्वारा लिखित भारतीय संविधान ने भारतीय नागरिकों को स्वतंत्रता, समानता और न्याय का अधिकार प्रदान किया। अम्बेडकर जयंती के इस अवसर पर, हमें उनके विचारों को याद करने का समय है, और उनके संदेश को आज के समय में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। हमें समाज में विविधता, समानता, और न्याय की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए, जैसे कि अम्बेडकर जी ने सपना देखा था। उनकी जयंती हमें उनके द्वारा शुरू किए गए सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों को समझने का मौका प्रदान करती है, जो भारतीय समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके तत्पश्चात कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने ओमप्रकाश ढहलाबास एवं प्रकाश हाडाले, जितेन्द्र सारवान, पदम गोयर द्वारा आयोजित प्रसाद वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजेंद्र पाल शर्मा, गफूर खान, रोहिताश चौधरी, अजीत यादव, कमलेश सैनी, मुकेश सारवान, प्रधान जाकिर हुसैन, रिपु दमन गुप्ता, राकेश बैरवा, अनवर साजिद, ओमप्रकाश ढहलाबास, मुबारिक हुसैन, डी सी मीणा, दशरथ सिंह शेखावत, लीली यादव, बशमीना, हीरेन्द्र शर्मा, हुकुम सिंह, के के खंडेलवाल, सोनू गोपालिया, रामप्रकाश शर्मा, डालचंद वर्मा, प्रशांत राजा, मनीष कोली, गोपेश शर्मा, रमन सैनी, जमशेद खान, पंकज शर्मा, इम्तियाज, ओमप्रकाश सैनी, गोपाल तिवाड़ी, इकबाल खान आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. भीम राव अम्बेडकर के जन्मदिन पर विशाल रैली का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर साहब के जन्मदिन पर निकली विशाल रैली का जगह जगह भव्य स्वागत पुष्प वर्षा कर किया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफ़ीक मंडेलिया टीम ने नई सड़क पर कॉम काजियान सदर संजय भाटी ने फूलों की वर्षा कर व जल, जूस पीलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष असलम खोखर,वरिष्ठ नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, दिलावर खान, यायाह खान, पार्षद, शाहरुख खान, खालीद कुरैशी, अजीज खान, समीउल्लाह गोरी, नुमान सैय्यद, बाबू मंत्री, फारूक चौहान, आरिफ रिसालदार, जाकिर झरियावाला, विजय सारस्वत, सोनू खान, काजी अब्बास, आमीन खान आदि ने किया। स्टेशन रोड कुंभाराम आर्य स्थल के पास पार्षद विमल शर्मा, नारायण बालन, सूर्य प्रकाश, अली मोहम्मद भाटी, युगेश गॉड, पार्षद अनीश खान, आदि ने भी रैली का स्वागत जूस पीलाकर किया।

### डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** बालिका महाविद्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी कविता पंसारी ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में यशवंती शर्मा ने प्रथम तथा मुस्कान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही इस अवसर पर राजकीय लोहिया महाविद्यालय में आयोजित पदयात्रा कार्यक्रम में एन.एस.एस. जिला समन्वयक महेंद्र कुमार जी खारड़िया के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेविकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### अंबेडकर जयंती पर प्रस्तावना की शपथ दिलवाई




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** नेहरू युवा केंद्र झुंझुनूं के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी मधु यादव और लेखाधिकारी महेश के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विक्रम सिंह ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन बुडाना अंबेडकर सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर प्रस्तावना की शपथ दिलवाई और साफ सफाई भी करवाई। अंत में विक्रम सिंह ने सभी का सम्मान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस विशेष मौके पर पंकज सिरोवा, गुलाराम, राकेश, दलीप, रवींद्र, संदीप, कृष टांक, सुवाराम, मोहित कुमार, राहुल, अमित कुमार, गौरव, नेतराम, प्रमोद, सौरभ, प्रदीप, सुदेश नारनोलिया, विक्रम सिरोवा, अनिल कुमार, राहुल, धर्मेंद्र, मनीष, अजय, मोहनलाल, प्रदीप, देवकरण सिरोवा, मनेश्वर सिरोवा, सुरेश, अंकित कुमार, सचिन, विवेक, नवीन कुमार, सुनिल कुमार, अशोक आदि ने भाग लिया और मौजूद रहे।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** न्यू कॉलोनी स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन जीएल कालेर तथा अध्यक्षता रामसिंह रोहिला ने की व अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने की बात विद्यार्थियों को बताई। प्रधानाचार्य रामसिंह रोहिला ने अंबेडकर के संबंधों का उल्लेख कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने अंबेडकर के कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके योगदान की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा विद्यार्थियों को देश हित के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने भी अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला तथा अपनी ओजस्वी कविताओं से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर शीशराम, राकेश रेपस्वाल, राकेश बेनीवाल, सुरेंद्रसिंह शेखावत, अनिल, बाबूलाल सैनी, मुकेश सैनी, कैलाश, बबिता, पुष्पा, प्रमिला, सारिका, ममता, मुकेश, प्रतिमा शर्मा, श्याम सिंह, मारूफ खान, विकास नितड़, देवीदत्त, दलीप सिंह, ओमप्रकाश सैनी आदि उपस्थित थे।

### स्वयं सेविकाओं से सविधान के प्रति जागरूक रहने एवं उनके पथ पर चलने के लिए प्रेरित किया



**झुंझुनूं।** महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान पीजी कॉलेज में एनएसएस के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस दौरान महावाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड़ तथा स्टाफ ने अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस प्रभारी डॉ. गोपाल शर्मा ने स्वयं सेविकाओं से सविधान के प्रति जागरूक रहने एवं उनके पथ पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# बाबा साहब डॉक्टर भीमराव को श्रद्धासुमन अर्पित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** विधायक मनोज न्यागंली के नवनिर्माण कार्यालय भवन में बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की 133 वी जयंती सादुलपुर में विधायक मनोज न्यागंली के मुख्य आतिथ्य मे मनाई गई बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की और इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यागंली ने कहा था कि बाबा साहब के द्वारा जो समतामूलक समाज की स्थापना करने का सपना संजोया था वो आज साकार रूप में हम देख रहे हैं। बाबा साहब ने जो संविधान की ताकत दी थी वो आज हमारे जीवन का आधार है न्यागंली ने शिक्षा पर जोर देकर कहा कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है जो जितना पीएगा उतना ही दहाड़ेगा। इस अवसर पर नौरगपुरा सरपंच विकास कुलडिया, धानोठी सरपंच बलवीर मेहरा, पूर्व सरपंच बलवीर पूनिया, पूर्व पार्षद एडवोकेट चिरंजीलाल, एड राजेन्द्र पटीर सहित सदीक खींची, रामकिशन बैरासरिया बैक उपाध्यक्ष, पूर्व पार्षद ज्ञानीराम प्रजापत, हाजी मुश्ताक कुरैशी, रामलाल मीणा, मुनेश पूनिया, सन्तोष वंदना, राजकुमार मेघवाल, सत्यवीर बैरासर,मौसिन खींची,बनवारीलाल सूणिया, करण चौपडा आदि ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रामपाल ग्वालिसर, भूपसिह ढाका, फैसल पहाडखानी, सोमवीर खीचड, राकेश नाई, अजीत जागिड, महेंद्र पूनिया, दानाराम जांगिड़, अकबर चौहान, तुलाराम नायक, इस्लाम कुरैशी,सजंय भोजाण,मातूराम सिघंल, भवानी शंकर खत्री, आशिष खैरू, अशोक दन्देउ सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन मास्टर सलीम खांन ने किया। कार्यक्रम में भामाशाह भावेश सुरतपुरा ने मिठाई वितरण कर खुशिया मनाई गई।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से मनाई जयंती, युवाओं ने निकाली बाइक रैली



**मंडावा।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मंडावा उपखंड स्तर पर सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर जयंती को लेकर युवाओं ने विशाल बाइक रैली निकाली। रैली पालिका चौक से प्रारंभ मुख्य बाजार, सौंथलिया दरवाजा, सुभाष चौक, गौशाला बाजार बिसाऊ चौराहे होते हुए झुंझुनूं रोड स्थित अंबेडकर भवन पहुंची। जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। रैली में कस्बे सहित आसपास के सैंकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर बाबा साहेब को चाहने वालों ने सुभाष चौक पर भी सुभाष प्रतिमा पर भी पुष्प माला अर्पित कर नमन किया। रैली के समापन के बाद अंबेडकर भवन में समाज बंधुओं ने बैठक कर बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज उत्थान, उच्च शिक्षा सहित सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि हमें बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चल कर उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

# मन्दिर में मूर्तियों को किया स्थापित



**चूरू।** नई सड़क पर राधा कृष्ण मंदिर में मूर्ति स्थापना राधा कृष्ण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में कृष्णा देवी शर्मा की स्मृति पर कृष्णा देवी के सौजन्य से राधा कृष्ण व शिव परिवार की मूर्तियों को प्राण प्रतिष्ठित कर संत हरिशरण महाराज के कर कमलों से स्थापित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा भाजपा प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, पूर्व सभापति विजय शर्मा, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल आदि की गरिमामई उपस्थिति रही। आयोजकीय भूमिका में संजय रक्षक,सीमा पवार, शंकर जालुका, अमर सिंह भाटी, राजेश रक्षक, श्यामलाल रक्षक, राजेंद्र रक्षक अमित शर्मा, अनिल पाठक, राजेश शर्मा सुशील निर्वाण सुनील सैन आदि उपस्थित थे। पंडित रवि प्रकाश शर्मा, शिवरतन शर्मा, विनोद शर्मा, सुनील शर्मा, खगेन्द्र शर्मा, सचिन शर्मा, आदि विद्वान पंडितो ने मंत्रोच्चार से माहौल को भक्ति में बना दिया।

# संविधान हमें अपने मौलिक अधिकारों से चलना सिखाता है : पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** पंडित दीनदयाल मेडिकल कॉलेज में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार ने की। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि देश में हमारें लिए यह गौरव का दिन हैं। जिस संविधान से हम चलते हैं। वो हमें अपने कर्तव्य का बोध करवाता है। जिस संविधान हमें अपने मौलिक अधिकारों से चलना सिखाता है। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहब के बताए मार्गों पर चलना होगा। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि संविधान के अनुसार ही देश चलता है। संविधान देकर डॉ.भीमराव अंबेडकर ने हमें मजबूती प्रदान की है। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ.एमएम पुकार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी, एमआरएस इंचार्ज ताराचंद मेघवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, प्रधान दीपचंद राहड़, विजय शर्मा, महेंद्र न्योल, गोपाल बालान, नर्सिंग अधीक्षक रमेश कुमारी, डॉ. जयसिंह, डॉ. रमाकांत वर्मा, डॉ. नूतन वर्मा, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. विजेंद्र गहनोलिया, रेवंतमल महिचा, गणेश सिंह, देवीदान, आनंद शर्मा, संदीप धौलपुरिया आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार डीबी अस्पताल पार्क में भी बाबा साहब अंबेडकर जयंती समारोह मनाया गया। समारोह में डॉ. आनन्द प्रकाष, डॉ. नूतन वर्मा, डॉ.संदीप कुल्हरी, डॉ. अजीत गढ़वाल, डॉ. विजेन्द्र गहनोलिया, डॉ. इकराम हुसैन, डॉ. राजेन्द्र रोयल, नर्सिंग ऑफिसर विनोद माहिचा, संतोष बलाई, सुमेर सिहाग, प्रदीप गावड़िया आदि मौजूद रहे।

# कृति आज प्रतिकृति से पराजित हो रही है : कालिया




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** हिंदी साहित्य का परिदृश्य आज बहुत उत्साहजनक नहीं है। प्रकाशन संकट हिंदी के सामने सबसे बड़ा संकट है। अच्छी रचनाएं प्रकाशन का इंतजार करती रह जाती हैं तो वहीं प्रकाशक लेखकों से पैसे लेकर चुनिंदा प्रतियां प्रकाशित कर वाहवाही लूटते हैं। सरकारी खरीद और बाजार की अपनी परिभाषाएं हो गई हैं। कृति आज प्रतिकृति से पराजित हो रही हैं। उक्त विचार स्थानीय प्रयास संस्थान द्वारा सूचना केंद्र में रविवार शाम को आयोजित हिंदी साहित्य पुरस्कार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए प्रख्यात साहित्यकार ममता कालिया ने व्यक्त किए। कालिया ने कहा कि समय और राजनीति सब साहित्य और साहित्यकारों के खिलाफ हैं। ऐसे समय में साहित्य को पुरस्कृत करना एक जरूरी काम है। राजस्थान के लेखकों को प्रयास संस्थान सम्मानित कर रहा है, यह प्रशंसनीय है। समारोह में बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए साहित्यकार भगवानदास मोरवाल ने कहा कि सामाजिक और सांस्कृतिक सौहार्द्र के जरूरत वाले इस समय में लेखकों पर बड़ा दायित्व है और मेवात क्षेत्र के इस मसले पर काम करते हुए उन्होंने महसूस किया है कि लेखक इस दिशा में उल्लेखनीय काम कर सकता है। समारोह के अध्यक्ष अठानवें वर्षीय शिक्षाविद् प्रो. घासीराम वर्मा ने कहा कि साहित्य और साहित्यकार ही समाज को दिशा दे सकते हैं। इससे पूर्व प्रयास संस्थान की ओर अतिथियों द्वारा इक्कावन हजार राशि का घासीराम वर्मा साहित्य पुरस्कार वर्ष 2022 के लिए सवाई माधोपुर के विनोद पदरज को कविता संग्रह 'आवाज अलग अलग हैं', 2023 का फतेहपुर में जन्में कवि कृष्ण कल्पित को कृति 'रेख्ते के बीज और अन्य कविताएं', वर्ष 2024 को जयपुर निवासी जितेंद्र भाटिया को कृति 'कांक्रीट के जंगल में गुम होते शहर' को प्रदान किया गया। समारोह में ग्यारह हजार रुपये का रूकमणी वर्मा युवा साहित्यकार पुरस्कार वर्ष 2022 के लिए डूंगरपुर के हर्षिल पाटीदार को, वर्ष 2023 के लिए भोजाण-राजगढ की डिंपल राठौड़ को एवं 2024 का जयपुर के मेवाराम गुर्जर को प्रदान किया गया। समारोह में स्वागत भाषण एवं साहित्यकारों का परिचय प्रो. एचआर ईसराण ने दिया। समारोह में डॉ. एमपी बुडानिया, रामेश्वर प्रजापति, ओमप्रकाश तंवर, रामरतन सिहाग, डॉ. रामकुमार घोटड़, सुधींद्र सुधी, राजीव बहड़, रियाजत अली, नसीम बानो, अभिनव सरोव, अंजू नेहरा, विकास मील, सददाम हुसैन, जमील चौहान, लालचंद सैनी, सत्यनारायण बाकोलिया, राजेंद्र कसवां, डॉ. विशाल विक्रम, श्यामसुंदर शर्मा, विजयकांत शर्मा, विवेकदीप बौद्ध, ज्योत्सना राठौड़, रूकमानंद भाकर, गीता रावत, केआर पाटवाल, मोहनलाल अर्जुन, राधेश्याम कटारिया, जगदीश पंवार, पंकज शर्मा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

# डॉ. भीमराव राव अंबेडकर पर किया सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की 134वी जयंती पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक डॉत्र पवन पूनियां ने की। जबकि बतौर अतिथि कृषि विभाग से दयानंद और विजयपाल मौजूद थे। डॉ. पूनियां ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दी जाने वाली सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर अजा जजा वर्ग के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। जिनमें लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट झुंझुनूं प्रभारी मनोज कुमार गनोलिया को अंबेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार 2025 के रूप में प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा सामाजिक कार्यकर्ता रामस्वरूप वर्मा, पवन आलड़िया, मंजू चंदानी, सुनिता ढाका, विभागीय योजनाओं की क्रियान्वित में सहयोगी कृष्ण कुमार राठी व राजेंद्र कुमार धवल को भी सम्मानित किया गया।

## आयुष्मान आरोग्य शिविरों में आमजन ने बड़ी संख्या में लिया लाभ

### रोगियों की हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी और सिकलसेल जैसे रोगों की हुई स्क्रीनिंग, मिला निःशुल्क उपचार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार सोमवार को जिलेभर में 'आयुष्मान आरोग्य शिविरों' का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में आमजन ने लाभ लिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि आयुष्मान भारत हेल्थ वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के अंतर्गत आयोजित किए गए 'आयुष्मान आरोग्य शिविरों' में रोगियों के पंजीकरण के साथ हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी और सिकलसेल जैसे रोगों की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' के अंतर्गत आमजन की 'आभा आईडी बनाई गई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में शुरू की गई योजना की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आमजन को सुलभ, निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविरों का आयोजन किया गया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि शिविरों में रोगियों को आवश्यक दवाइयां और जांचें निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। टेली-कंसल्टेशन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की परामर्श सेवाएं दी गईं। आमजन का 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य यानी मा योजना' में पंजीकरण किया गया। चिकित्सा संस्थानों पर योग सत्रों का आयोजन भी किया गया। साथ ही शिविरों की रिपोर्टिंग एवं फोटोग्राफ 'आयुष्मान भारत आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल' पर अपलोड किए गए।

### राजस्थान में कल से बदलेगा अदालतों का समय

## हाईकोर्ट से लेकर अधीनस्थ अदालतों में दोपहर 1 बजे तक होगी सुनवाई




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान की अदालतों में 15 अप्रैल से समय बदलेगा। हाईकोर्ट से लेकर प्रदेश की अधीनस्थ अदालतें अब सुबह की शिफ्ट में चलेगी। हाईकोर्ट में सुबह 8 बजे लेकर दोपहर 1 बजे तक और अधीनस्थ अदालतों में सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 12.30 बजे तक सुनवाई होगी। अदालतें 27 जून तक मॉर्निंग शिफ्ट में काम करेगी। प्रदेश में अदालतों की स्थापना के बाद से ही गर्मियों में कोर्ट्स मॉर्निंग शिफ्ट में संचालित होती है। जुलाई से फिर अदालतें अपने रूटीन समय पर संचालित होगी। नई समय सारिणी के तहत हाईकोर्ट में रजिस्ट्री और अधीनस्थ न्यायालयों में कार्यालय का समय सुबह साढ़े 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। अधीनस्थ अदालतों में जजेज कोर्ट रूम के अलावा अपने चैम्बर में सुबह साढ़े 7 से 8 बजे तक और दोपहर को साढ़े 12 बजे से 1 बजे तक काम करेंगे।

### प्रदेश में मदिरा की नई दरों की सूची जारी

## आरएसबीसीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है रेट लिस्ट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** आबकारी विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत प्रदेश में मदिरा की नई दरों की सूची जारी कर दी गई है। नई दरों की सूची आरएसबीसीएल की विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है जिसे आमजन ऑनलाइन देख सकते है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के अनुसार आबकारी विभाग की वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर मदिरा की नई दरों की सूची आमजन के लिए प्रदर्शित कर दी गई है। इसे प्रकार कोई भी व्यक्ति प्रदेश में मदिरा की नई दरों की सूची का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त कर सकता है। उक्त वेबसाइट में मुखपृष्ठ पर पब्लिक सेक्शन में एप्रूव्ड रेट लिस्ट के लिंक पर क्लिक करने पर भारत निर्मित विदेशी मदिरा, बीयर सहित अन्य ब्रांड की मदिरा की नई रेट लिस्ट उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में नई रेट लिस्ट की अनुसार ही अनुज्ञाधारी दुकानों पर मदिरा विक्रय किया जाएगा। एमआरपी से अधिक वसूली पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।


जागरूक टाइम्स

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710

+91-9587022840

+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com


### श्रीगंगानगर,बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर में हीटवेव का अलर्ट जारी किया

# राजस्थान में पारा 45 डिग्री के पार पहुंचा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में गर्मी से हाल बेहाल हो गए। बाड़मेर में आज पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। जैसलमेर, फलोदी में भी आज तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

सीमावर्ती जिले लू, हीटवेव की चपेट में रहे। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, राज्य में 17-18 अप्रैल तक राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। अगले 2-3 दिन में तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। इससे बाड़मेर-जैसलमेर के एरिया में पारा 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने 16 अप्रैल से राजस्थान के पश्चिमी जिलों (श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर) के लिए हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।




### बाड़मेर में पारा सामान्य से 6 डिग्री ऊपर

*सोमवार को राजस्थान में दिन में सबसे ज्यादा गर्मी बाड़मेर में रही, जहां का अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जो यहां के औसत तापमान से 6 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर था। सुबह 11 बजे तक ही पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। लू चलनी शुरू हो गई। वहीं, बीती रात बाड़मेर में न्यूनतम तापमान 28 .2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर, फलोदी में आज तापमान 44 और 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन दोनों ही जिलों में पारा आज औसत से 5 डिग्री ऊपर चला गया। जैसलमेर में भी दिन में तेज गर्मी के साथ लू चली। जोधपुर में अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 41.7, जालोर में 41.6 चूरू में 41.4, डूंगरपुर में 41.1, भीलवाड़ा में 40.4, कोटा, उदयपुर में 40.2, गंगानगर में 40.9 और सिरोही में अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।*

### राजस्थान और गुजरात में रहेंगे लू जैसे हालात

मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान और गुजरात के कुछ इलाकों में लू जैसे हालात बनने जा रहे हैं। एक हफ्ते पहले 6 से 8 अप्रैल के बीच भी इन राज्यों में भीषण गर्मी पड़ चुकी है। हालांकि, बीते कुछ दिनों में मौसम में थोड़ा बदलाव हुआ था और लू की स्थिति में थोड़ी कमी आई थी, लेकिन आने वाले दिनों में एक बार फिर लू जैसी स्थिति बनने जा रही है। इसके साथ ही राज्य की राजधानी जयपुर, जोधपुर, कोटा, चूरू, चित्तौड़गढ़, पिलानी, पाली, सीकर और गंगागनगर में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर सकता है। गुजरात के कच्छ के कांडला, राजकोट और सुरेंद्र नगर में भी पारा 45 डिग्री से ऊपर जा सकता है। प्रदेश के अहमदाबाद, गांधीनगर, जूनागढज, डीसा, अमरेली और पाटन में तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच सकता है ।

# बीजेपी अंग्रेजों की तरह फूट डाल रही : जूली

### कहा महिलाओं, पिछड़ों को अधिकार देने पर आरएसएस ने संविधान की प्रतियां जलाई थीं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** अंबेडकर जयंती पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बीजेपी और आरएएस पर निशाना साधते हुए कहा जो काम अंग्रेज करते थे, वही बीजेपी कर रही है। अंग्रेज फूट डालो राज करो की नीति के तहत जो करते थे। वही काम बीजेपी कर रही है।

बीजेपी का राजस्थान में राज था तो गुर्जर और मीणाओं को आपस में लड़वा दिया। हरियाणा में जाट और गैर जाट को लड़ा दिया। महाराष्ट्र में मराठा बनाम गैर मराठा कर दिया। मणिपुर में मैतई और कुकी को लड़ा दिया। इसका नतीजा यह है कि सवा साल से मणिपुर जल रहा है। जूली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अंबेडकर जयंती पर हुई गोष्ठ में बोल रहे थे। जूली ने कहा- आज भारतीय जनता पार्टी को हम देख रहे हैं। हमें उसी दिन से समझ आ जाना चाहिए था कि इस पार्टी की विचारधारा और सोच क्या है। यह वही सोच है, जब संविधान लागू हुआ और बाबासाहेब अंबेडकर ने पिछड़ा और महिलाओं के लिए समानता का अधिकार दिया। उसी दिन आरएसएस के लोगों ने संविधान की प्रतियां जलाई थीं। यह इनकी सोच उसी दिन से है। जूली ने कहा- गृह मंत्री संसद में कहते हैं कि अंबेडकर,अंबेडकर क्या लगा रखा है। अंबेडकर अंबेडकर करना फैशन हो गया है। इतना नाम अगर भगवान का ले लेते तो मोक्ष हो जाता। देश का गृहमंत्री इस तरह की बात कर रहा है तो समझ लीजिए इन लोगों की सोच क्या है। इन लोगों की विचारधारा क्या है। ये संविधान को कमजोर कर रहे हैं। यह लोग किस तरह संविधान को कमजोर कर रहे हैं। उसका अंदाजा प्रेस फ्रीडम में हमारी विश्व रैंकिंग गिरने से पता लगता है। आज बोलने की आजादी खत्म हो रही है। सरकार के खिलाफ बोलने वालों को जेल में डाला जा रहा है।

### चुनाव से छह महीने पहले केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी नेताओं को डराती हैं

जूली ने कहा- चुनाव से छह महीने पहले इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई और



केंद्रीय एजेंसीज सक्रिय हो जाती हैं। नेताओं को डराने धमकाने का काम करती हैं। यह संविधान को कमजोर करने की बात है। देश में 193 जगह विपक्षी नेताओं पर ईडी की कार्रवाई की और केवल दो लोगों पर चालान पेश हुआ। यह संविधान पर हमला है, यह संविधान को कमजोर करने वाली बात है।

### जिन्हें जनता नहीं जानती थी ऐसे सीएम बना दिए, ताकि हां जी हां जी कहते रहें

जूली ने कहा- आज देश में चाहे एससी एसटी, पिछड़ा कोई भी वर्ग हो, अपनी बात कहने की स्थिति में नहीं है। ऐसे लोगों को मुख्यमंत्री बना दिया, जिनको जनता जानती नहीं थी। हां जी करते रहेंगे।

### बीजेपी ने कई राज्यों में चुनी हुई सरकारें गिराई, यह संविधान कमजोर करने की हरकतें

जूली ने कहा- संविधान में जिस तरह के प्रावधान हैं कि देश में आम जनता अपने वोट से सरकारों को चुनेगी। चुनी हुई सरकारों को गिराया गया। चुने हुए विधायकों से इस्तीफे दिलवाकर सरकारों को अल्पमत में लाया गया, फिर चुनाव करवाए गए। कर्नाटक, महाराष्ट्र , मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में सरकारें गिराई गईं। यह बाबा साहब के संविधान में नहीं था। यह संविधान को कमजोर करने की तो बात है। आज देश में आम आदमी क्या हालत है, जो लोग कहते थे कि हम किसान की आमदनी को दोगुना करेंगे वो आज आधी भी नहीं बढ़ाई।

## जयपुर में परिचित ने किया नाबालिग लड़की से रेप

### 7 साल तक करता रहा ब्लैकमेल

**जयपुर।** जयपुर में परिचित युवक के नाबालिग लड़की से रेप करने का मामला सामने आया है। नशीली मिठाई खिलाकर आरोपी



ने अश्लील वीडियो बना लिया। अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर पिछले 7 साल तक देहशोषण करता रहा। तूंगा थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच थानाधिकारी (तूंगा) हिम्मत सिंह कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि तूंगा की रहने वाली 23 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। परिचित होने के कारण आरोपी से बातचीत के साथ उसका घर पर आना-जाना था। आरोप है कि साल-2018 में नाबालिग होने के दौरान आरोपी उससे मिला। अकेला पाकर आरोपी ने उसके मिठाई खाने के ऑफर की। मिठाई में नशा मिला होने के कारण वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ रेप किया। अपने मोबाइल में उसका अश्लील वीडियो बना लिया। होश आने पर विरोध करने पर अश्लील वीडियो दिखाकर चुप करवा दिया।

अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रेप करने लगा। पिछले सात साल से ब्लैकमेल कर धमकाकर आरोपी उसका देहशोषण करता रहा। टॉर्चर से परेशान होकर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पोक्सो व आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# धर्मेन्द्र उपाध्याय की फिल्म सेवानिवृत्ति का पोस्टर रिलीज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री राधा गोविंद फिल्म्स की ओर से निर्मित सामाजिक संदेश से भरपूर फिल्म 'सेवानिवृत्ति' का पोस्टर जयपुर के हाथोजधाम में आयोजित एक गरिमामय समारोह में भाजपा विधायक और महंत बालमुकुंदाचार्य ने जारी किया। इस मौके पर फिल्म की पूरी टीम, स्थानीय नागरिक और मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। फिल्म के लेखक और निर्देशक धर्मेंद्र उपाध्याय ने जानकारी दी कि 'सेवानिवृत्ति' एक ऐसी फिल्म है, जो परिवार के ताने-बाने में बेटियों की भूमिका और जिम्मेदारी को दर्शकों के समक्ष संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन प्रदान करेगी, बल्कि समाज को एक सकारात्मक दृष्टिकोण भी देगी। फिल्म की निर्माता माया देवी उपाध्याय, सह-निर्माता ओ.पी. शर्मा, और कार्यकारी निर्माता नवल किशोर शर्मा हैं। फिल्म का निर्माण सी आर जी फिल्म्स के सहयोग से किया गया है।

**'सेवानिवृत्ति' एक ऐसी फिल्म है, जो परिवार के ताने-बाने में बेटियों की भूमिका और जिम्मेदारी को दर्शकों के समक्ष संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत करती है।**

**बेटियों की जिम्मेदारियों को दर्शाएगी कहानी**




### कलाकारों की दमदार मौजूदगी

*फिल्म 'सेवानिवृत्ति' में कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। इनमें चारु शर्मा, कपिल वशिष्ठ, ओ.पी. शर्मा, सुमुख महर्षि, पारुल वत्स, मंजु वशिष्ठ के नाम शामिल है। फिल्म का छायांकन ओमी ने किया है, जबकि लाइन प्रोड्यूसर की भूमिका में महेश कुमावत ने काम संभाला। फिल्म की टीम ने बताया कि 'सेवानिवृत्ति' को जल्द ही सोनोटेक चैनल पर रिलीज किया जाएगा, जहां दर्शक इसे निशुल्क देख सकेंगे। पोस्टर लॉन्च के दौरान विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि इस तरह की फिल्मों को समाज में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जो सामाजिक मूल्यों, रिश्तों और जिम्मेदारियों को सशक्त रूप में प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं और इसके संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की अपील की।*

## गिरिराज वशिष्ठ सर्वसम्मति से बने अध्यक्ष

**जयपुर।** जयपुर के रामगढ़ मोड स्थित प्रतापेश्वर महादेव विकास सेवा समिति में रविवार को चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में गिरिराज वशिष्ठ को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी सूर्यनारायण शर्मा ने बताया कि समिति में हर तीन साल में चुनाव होते हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कार्यकारिणी का गठन किया। राजेश सक्सेना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और गोविंद नारायण शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया। संजीव शर्मा को सचिव और कमल प्रसाद वशिष्ठ को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। रवि खुशलानी को संगठन मंत्री और गिरधर शर्मा को सांस्कृतिक मंत्री बनाया गया। योगेश चतुर्वेदी, मुरारीलाल शर्मा, सूर्यप्रकाश वशिष्ठ और दीपक शर्मा को सदस्य नियुक्त किया गया। समिति के संरक्षक महेश चन्द गुप्ता ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

# कोचिंग माफियाओं के चक्कर में एसडीएम बना 'मुन्नाभाई

### हनुमानराम एसओजी से बोला-आरएएस बना तो छोड़ दिया था डमी कैंडिडेट बनना, दोस्ती में कर बैठा भूल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती-2021 में डमी कैंडिडेट बनने वाले फतेहगढ़ एसडीएम हनुमानराम ने एसओजी से हुई पूछताछ में कई सच कबूले हैं।

हनुमानराम केवल एसआई भर्ती नहीं, पटवारी से लेकर ग्राम सेवक और शिक्षक भर्ती में भी डमी कैंडिडेट बनकर लोगों को पास करवा चुका है। उसने फोटो देखकर स्वीकार किया कि पटवारी भर्ती में वांछित डमी कैंडिडेट वो खुद है। पकड़े जाने के बाद हनुमानराम ने एसओजी के सामने इमोशनल कार्ड खेलने की भी कोशिश की। रोते और गिड़गिड़ाते हुए बोला- पैसों की तंगी दूर करने के लिए वो कोचिंग माफियाओं के झांसे में आकर ये काम करने लगा था। आरएएस-2021 में सिलेक्शन होने के बाद उसने ये काम बंद कर दिया था। हालांकि दोस्तों के कहने पर आखिरी बार एसआई भर्ती में नरपतराम के लिए 15 लाख में डमी कैंडिडेट बनने की भूल कर बैठा। हनुमानराम ने एसओजी को यह भी बताया कि वो तो खुद कोचिंग माफियाओं को कॉल कर कहता था सुधर जाओ, ये काम छोड़ दो। वहीं, खुद के पकड़े जाने का डर भी सता रहा था। हनुमानराम से एसओजी एडीजी वीके सिंह, एसपी लोकेश सोनवाल और सीमा शर्मा पूछताछ कर रही है।



### एसओजी के सामने उसने कौन-कौन से सच कबूले

एसओजी की पूछताछ में हनुमानराम ने बताया कि दसवीं कक्षा से ही उसका राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) का अफसर बनने का सपना था। जसवंतपुरा जवाहर नवोदय स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की 12वीं कक्षा में उसने आर्ट्स में उसने टॉप कर 90.20 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। तबसे ही कोचिंग संस्थाओं ने उससे संपर्क करना शुरू किया था। तब आर्थिक स्थिति सही नहीं होने से वो कोचिंग नहीं जा पाया। जिसका उसे मलाल था और वो पैसे कमाना चाहता था। हनुमानराम ने साल 2015 से सूरतगढ़ के भाटिया आश्रम में रहकर तैयारी की। बाद में जयपुर में रहकर आरएएस भर्ती की तैयारी करने लगा। आरएएस-2016 में हनुमानराम का चयन सांख्यिकी विभाग में हो गया था। नौकरी जॉइन करने के बाद हनुमानराम की योग्यता को देखते हुए कोचिंग माफियाओं ने उसे बड़ा लालच दिया। सरकारी भर्तियों में डमी कैंडिडेट बनने का ऑफर दिया। नौकरी लगने के बाद पूरे विश्वास के साथ हनुमानराम डमी के रूप में बैठता था और मोटी रकम वसूलता था। पूछताछ में सामने आया कि हनुमानराम ने पटवारी, ग्राम सेवक, शिक्षक, एसआई भर्ती में भी डमी बनकर दूसरे अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा दी थी। हनुमानराम के पास आरएएस भर्ती-2021 में भी डमी कैंडिडेट बनने का ऑफर था। मगर उसने अपना करियर बनाने का फैसला लिया और इनकार कर दिया।



### आरएएस भर्ती में डमी बैठने का मिला था ऑफर

आरएएस-2021 में हनुमानराम ने 22 वीं रैंक हासिल की थी। इसके बाद भी कोचिंग और पेपर लीक माफिया से जुड़े लोग हनुमानराम के संपर्क में रहे। मगर उसने साल 2021 भर्ती में सिलेक्ट होने के बाद डमी कैंडिडेट के रूप में बैठना बंद कर दिया था। प्रारंभिक पूछताछ में हनुमानराम ने स्वीकार किया है कि उसने दोस्तों के कहने पर 15 लाख रुपए में नरपतराम के बदले डमी बैठने का सौदा किया था। जिसमें से केवल डेढ़ लाख रुपए उसे दिए गए, बाकी पैसे देने में नरपतराम आना कानी कर रहा था।

# बाबा साहब की जयंती पर मंत्री विजय सिंह ने अंबेडकर विकास भवन के लिए जमीन की घोषणा की



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** शिक्षा नगरी कुचामन में समाज में समरसता, समानता और शिक्षा के संदेशवाहक भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अम्बेडकर विकास समिति की ओर से आयोजित शोभायात्रा और समारोह ने शहर को सामाजिक एकता के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत तिलक पब्लिक स्कूल रैगर समाज भवन से हुई, जहां पूर्व उप मुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। अम्बेडकर विकास समिति के अध्यक्ष हेमराज चावला ने बताया कि यह शोभायात्रा डीजे की गूंज और बहुजन महापुरुषों की 9 आकर्षक झांकियों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई कनोई पार्क स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल तक पहुंची। शोभायात्रा में विभिन्न वर्गों सहित 5000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा का ब्राह्मण समाज, जैन समाज सहित सर्वसमाज द्वारा पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण के पश्चात एक गरिमामय समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में डॉ. अंबेडकर के सामाजिक योगदान और उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। साथ ही मंत्री विजय सिंह ने समिति की मांग पर 10 बीघा भूमि आवंटन की सहमति दी और कनोई पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर विधायक कोष से भव्य छतरी निर्माण की घोषणा कर समारोह को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष हेमराज चावला ने की, जिन्होंने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि नगर परिषद सभापति आसिफ खान और सेवानिवृत्त सीबीईओ जगदीश राय रहे। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें देवीलाल दादरवाल सरपंच, सुरेश डाबरिया, रतनलाल ढेनवाल, गजेंद्र कंसोटिया, जसराज खुड़ीवाल, बाबूलाल कुमावत, खेताराम सिसोदिया, रुपाराम भाटी, सम्पत देवी चावला, किरण कांसोटिया, मुन्नी देवी, राजेन्द्र कुमावत, गोविंद मंडावरा, बजरंगलाल, दिनेश लाडना, राधेश्याम कांसोटिया, सूजाराम बनिया, रामनिवास जाटोलिया, मनोहर चावला, प्रदीप झाला, विक्रम जोया एवं कुचामन नगरपरिषद के समस्त पार्षद और सरपंच एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती पर भाजपा नेता डॉ. मालानी ने पेश की मिसाल



## टीन शैड से बनी टपरी के नीचे चूल्हे के पास बैठ गरीब परिवार के साथ खाया खाना

**झुंझुनूं।** अंबेडकर जयंती के मौके पर सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर बाबा साहेब को याद किया गया। जिले के बुहाना में भाजपा नेता डॉ. मधुसूदन मालानी ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया। दरअसल अंबेडकर जयंती पर एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. मधुसूदन मालानी बुहाना पहुंचे थे। कार्यक्रम के बाद अचानक डॉ. मालानी पास के ही एक गरीब परिवार ताराचंद के घर पहुंचे। जहां पर परिवार की महिलाएं टीन शैड के नीचे बनी एक टपरी में कच्चे चूल्हे में खाना बना रही थी। डॉ. मालानी ने चूल्हे के पास बैठकर ही गरमागरम रोटियां पूरे देशी अंदाज में खाई। डॉ. मालानी ने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को भी पहुंचाते हुए परिवार से निवेदन किया कि वे उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर का उपयोग करें। ताकि पूरे परिवार का स्वास्थ्य अच्छा रहे। डॉ. मालानी ने बताया कि भाजपा की डबल ईंजन सरकार पूरे देश में सामाजिक समरसता के लिए काम कर रही है। हर कार्यकर्ता सामाजिक समरसता का संदेश देने के लिए जाति और धर्म से ऊपर उठकर बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिए हुए है।

## न्यूज ब्रीफ

### महात्मा ज्योतिबा फुले व डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** ढूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले व डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में निशुल्क चिकित्सा सलाह एवं जांच शिविर का आयोजन दीनदयाल नगर झुंझुनूं में किया गया। जिसमें 85 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। जिसमें न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. नितिन चौधरी, गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय ओला, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. महेंद्र एवं जनरल फिजिशियन डॉ. इरफान नजीर द्वारा स्वास्थ्य संबंधित सलाह व परामर्श दिया गया एवं निशुल्क बीपी, शुगर, अस्थमा एवं हिमोग्लोबिन की जांच की गई। जिसका बढ़िया प्रभाव रहा व लोगों ने बढ़ चढ़कर इसमें सहयोग किया व सलाह व परामर्श शिविर का लाभ लिया। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में एक ही छत के नीचे सुपर स्पेशलिटी न्यूरो एवं स्पाइन विशेषज्ञ, गुर्दा व मूत्र रोग विशेषज्ञ, घुटना कूल्हा ट्रांसप्लांट व हड्डी जोड़ सर्जरी व ट्रोमा, बीपी शुगर, अस्थमा, पित्त की थेली, अपेंडिक्स ईसीएचएस, आरजीएचएस, चिरंजीवी (मा योजना) में निशुल्क निदान की सेवाएं 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध कराई जा रही है।

### रीको में एक फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से आग, 20 लाख का नुकसान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** सोमवार सुबह एक सोफा बनाने की फैक्ट्री में आग लग गई। आग से करीब 20 लाख रुपए का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक झुंझुनूं शहर के रीको एरिया में विजय कुमार जाखड़ की एक सोफा बनाने की फैक्ट्री है। जिसमें सोमवार सुबह करीब नौ बजे शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग की सूचना पर तुरंत मौके पर झुंझुनूं नगर परिषद की तीन दमकलें और एक दर्जन से अधिक कर्मचारी पहुंचे। जिन्होंने आग को बुझाने का प्रयास किया। एक तरफ की आग बुझाई नहीं जा रही थी। जिसे जेसीबी की मदद से तोड़ा गया और फिर आग को बुझाया गया। जानकारी के मुताबिक करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया गया। लेकिन आग से फैक्ट्री में लगा सोफा बनाने का सारा सामान स्वाहा हो गया। वहीं फैक्ट्री में लगे टीनशैड और दीवारें भी कमजोर हो गई। टीनशैड और दीवारें इतनी कमजोर हो गई है कि अब इसे जेसीबी से तुड़वाकर दुबारा नया ही बनाना ही पड़ेगा। आग की सूचना पर पास पड़ौस के लोग भी मौके पर पहुंचे। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

### सदर थाने के सीआई रहे ओमप्रकाश का निधन

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** झुंझुनूं ही नहीं, बल्कि राजस्थान पुलिस के एक गमगीन कर देने वाली खबर है। राजस्थान पुलिस के सीआई और झुंझुनूं के सदर थाने के इंचार्ज ओमप्रकाश का बीती रात को निधन हो गया। वे करीब 23 दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। जानकारी के मुताबिक सदर थाने के इंचार्ज सीआई ओमप्रकाश को 22 मार्च की रात को हार्ट अटैक हुआ था। जिसके बाद उन्हें झुंझुनूं के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें 23 मार्च की सुबह जयपुर के लिए रैफर कर दिया गया। जयपुर के निजी अस्पताल में सीआई ओमप्रकाश काफी समय तक वेंटिलेटर पर रहे। उन्होंने बीच में रिकवर भी किया। लेकिन बीती रात को करीब एक बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। सीआई ओमप्रकाश के निधन पर पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर है। सीआई ओमप्रकाश बेहद संजीदा, ईमानदार और मिलनसार पुलिस अधिकारियों में शामिल रहे है। पहले वे पुलिस लाइन में आरआई थे। कुछ समय पहले ही उन्हें सदर थाने की कमान सौंपी गई थी।

### गलत दवा लेने से बिगड़ी तबीयत, हुई मौत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** कस्बे में एक महिला की गलत दवा लेने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक चूड़ी अजीतगढ़ निवासी कौशल्या ने रिपोर्ट दी है कि उसकी बेटी उर्मिला की 22 साल पहले चिड़ावा के वार्ड नंबर 23 निवासी संदीप के साथ शादी हुई थी। उसका दामाद सिरसा में काम करता है। उसकी बेटी उर्मिला अपने तीन बच्चों के साथ चिड़ावा रहती है। रविवार दोपहर को उसका पति सिरसा था और तीनों बच्चे बाहर थे। उस वक्त उर्मिला ने किसी गलत दवा का सेवन कर लिया। जब उर्मिला का बेटा घर आया तो उसकी मां उल्टियां कर रही थी। जिस पर उसने यह जानकारी अपनी मौसी शर्मिला को दी और तीनों बच्चे अपनी मां को लेकर चिड़ावा अस्पताल पहुंचे। हालत गंभीर होने पर उर्मिला को झुंझुनूं ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को मृतक की मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### बच्चों ने हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**झुंझुनूं।** शहर के नयाबास स्थित श्री चिंतन हरण बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती पर छोटे बच्चों ने जन्मोत्सव मनाया। सिंदूरी चोला, फूल मालाओं व गुब्बारों से मंदिर को सजाया गया। सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया।

# स्कार्पिओ गाड़ी अनियंत्रित होकर दूसरी गाड़ी से टकराई, मेजर समेत छह घायल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सूरजगढ़।** थाना इलाके के स्यालू बस स्टैंड के पास सोमवार को एक ब्लेक स्कॉर्पिओ गाड़ी अनियंत्रित होकर फिल्मी स्टाइल में ना केवल डिवाइडर पार कर गई। बल्कि सामने से आ रही दूसरी गाड़ी से भी टकरा गई। इस हादसे में एनएसजी में मेजर समेत छह जने घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। ब्लेक स्कॉर्पिओ में सवार दो घायलों की गंभीर हालत होने पर पहले चिड़ावा से झुंझुनूं और बाद में झुंझुनूं से जयपुर रैफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के पथरवा गांव की कुम्हारों की ढाणी निवासी दिनेश कुमार अपनी स्कॉर्पिओ गाड़ी से अपने दोस्तों के साथ खाटूश्यामजी और सालासर के दर्शन कर वापिस अपने गांव लौट रहा था। स्कॉर्पिओ गाड़ी में दिनेश के अलावा बलवान, श्यामसुंदर व दो अन्य युवक बैठे थे। स्यालू बस स्टैंड के पास आकर ब्लेक स्कॉर्पिओ अनियंत्रित हो गई। जो डिवाइडर पार करते हुए दूसरी साइड तक चली गई। इसी दौरान सूरजगढ़ की ओर से एक कार आ रही थी। जिसमें एनएसजी में कार्यरत मेजर अविनाश शर्मा थे। जो दिल्ली ट्रेनिंग पूरी करके बीकानेर जा रहे थे। स्कॉर्पिओ गाड़ी आकर उनकी कार से टकराई। जिसके बाद तेज धमाका हुआ। धमाके के साथ ही मौजूद ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। स्कॉर्पिओ सवार पांचों घायलों को चिड़ावा के उप जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं कार सवार मेजर को चिड़ावा के ही एक निजी अस्पताल ले जाया गया। चिड़ावा से पांचों घायलों को झुंझुनूं रैफर किया गया। वहीं दो गंभीर घायलों को झुंझुनूं से जयपुर रैफर किया गया। चिड़ावा के निजी अस्पताल ले जाए गए मेजर की स्थिति खतरे से बाहर है। जिनका ईलाज वहीं पर चल रहा है।

# विधायक ने अंबेडकर जयंती पर भामाशाहों का किया सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी शाखा झुंझुनूं के तत्वावधान में अंबेडकर भवन में बाबा साहेब अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू थे। अध्यक्षता कलेक्टर रामावतार मीणा ने की। विशिष्ट अतिथि डीआईजी शरद चौधरी, एडीएम डॉ. अजय आर्य, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां थे।

अतिथियों द्वारा भामाशाहों का सम्मान किया गया। जिसमें प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सीताराम महरिया द्वारा भवन में 5.27 लाख रुपए की लागत से एक वातानुकूलित कमरा बनाने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा तथा रामकुमारी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स मुकुंदगढ़ के रमन कुमार को 1.01—1.01 लाख रुपए देने पर, डॉ. जगदीश बरवड़, कमला रानी, अमीलाल गोठवाल, महेंद्रसिंह तंवर, डॉ. सीताराम गोठवाल, अमरसिंह धीरज, नेशनल फर्नीचर झुंझुनूं, विनोद कुमार धेनवाल, तुलसीराम सर्वा, एमआर बलोच आईएफएस, इंद्राज मरोड़िया सीआई को 51000—51000 रुपए तथा संजीव कुमार कस्वां, हरिराम आलड़िया, ताराचंद बरवड़ ने 21000—21000 रुपए का सहयोग करने पर सम्मानित किया गया। संस्था संरक्षक महावीर सानेल ने संस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं संस्था अध्यक्ष अमरसिंह धीरज ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सड़क हादसे में हलवाई का काम करने वाले व्यक्ति की गई जान

## रात को किसी शादी में काम करके लौट रहा था

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**खेतड़ी।** खेतड़ीनगर थाना इलाके के स्टेट हाइवे नंबर 13 खेतड़ी—सिंघाना सड़क पर बीती रात को एक सड़क हादसे में हलवाई का काम करने वाले व्यक्ति की जान चली गई। जानकारी के मुताबिक खरखड़ा राजपुतान निवासी 54 साल का शीशराम पुत्र लीलाराम सैनी हलवाई काम करता है। बीती रात को भी वह गोठड़ा में एक शादी का काम करके वापिस लौट रहा था कि अज्ञात वाहन की टक्कर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को राजकीय उप जिला अस्पताल में रखवाया। परिजनों की रिपोर्ट के बाद सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। खेतड़ीनगर एसएचओ विजय चंदेल ने बताया कि हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। इस मामले में सीसीटीवी कैमरों की मदद से दुर्घटना कारित करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि शीशराम के एक बेटा राजेश है और उनकी एक बेटी की शादी हो चुकी है।

# अंबेडकर पार्क में समारोहपूर्वक मनाई गई बाबा साहेब की जयंती



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** डॉ. बीआर अंबेडकर स्मृति संस्थान झुंझुनूं के तत्वावधान में अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का 134वां जन्मदिवस समारोह धूमधाम से बनाया गया।

मुख्य अतिथि सांसद बृजेंद्र ओला थे। जबकि विशिष्ट अतिथि विधायक पितराम सिंह काला, कलेक्टर रामावतार मीणा, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र झाझड़िया, पूर्व सभापति नगमा बानो, कांग्रेस नेता अमित ओला व मधु खन्ना भी मंचासीन थे। इस मौके पर सांसद ओला ने बाबा साहेब के जीवन पर विचार रखते हुए भरोसा दिलाया कि वे अंबेडकर पार्क के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। अध्यक्ष मांगीलाल मंगल ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर कैलाश किशन लाहौरा, डॉ. कमल मीणा, सुरेश चोपड़ा, ओमप्रकाश एसीपी, रामनिवास भूरिया, रामेश्वर वर्मा, जीएल कटारिया, रामप्रसाद आल्हा, सरोज आल्हा, सीताराम बास बुडाना, नानूराम गहनोलिया, डीके महरिया, राकेश, सहदेव सिरोवा, रामानंद आर्य, मनोहर बाकोलिया, मोतीलाल आलड़िया, जगदीश बरवड़, इंद्राजसिंह भूरिया, राजेश महरिया, संदीप टंडन, जितेंद्र गर्वा, संदीप चावला, किशन नायक, शिक्षक लक्ष्मण उपस्थित रहे। अजय वर्मा बाडलवास ने बाबा के श्लोक लिखे पोस्टर का सांसद बृजेंद्र ओला से विमोचन करवाया। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव कामरेड फूलचंद बरवड़ ने किया।

# सरकारी संस्कृत विद्यालय में नए भवन निर्माण के लिए 4.30 करोड़ रूपए स्वीकृत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिलानी।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बेवर में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां का विद्यालय आगमन पर परिवार की ओर से डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी, नवनीत पूर्व प्रधानाचार्य, एसडीएमसी सदस्य जयसिंह फौजी, विजेंद्र पूनियां, हिंदू पूनियां, वेदपाल पूनियां एवं समस्त ग्रामवासियों ने स्वागत एवं सम्मान किया। राजकीय संस्कृत विद्यालय बेवर में डॉ. सतीश पूनियां के अथक प्रयासों से राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा 4.30 करोड़ रुपए विद्यालय में नए भवन व खेल मैदान निर्माण के लिए 4.30 करोड़ रुपए स्वीकृत करवाए गए। विद्यालय उप प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद तिवारी ने बताया कि विद्यालय में नए भवन एवं खेल मैदान निर्माण आधुनिक रूप से भवन का निर्माण किया जाएगा। जिसमें सभी प्रकार की सुविधाओं से संपन्न होगा। जो सरकारी संस्कृत विद्यालय राज्य का पहला संस्कृत विद्यालय होगा। जिसमें विभिन्न प्रकार के आधुनिक निर्माण कार्य कराया जाएगा। सभी ग्रामवासियों ने पूनियां का हार्दिक अभिनंदन किया। डॉ. प्रमोद कुमार तिवाड़ी उप प्रधानाचार्य ने अपने स्वागत भाषण में कहा की पूनियां द्वारा विद्यालय में निरंतर कार्य करवाए जा रहे हैं। जिसमें विद्यालय को क्रमोन्नति करवाना विद्यालय में बोर्ड परीक्षा सेंटर लाना एवं विद्यालय हित में पांच शैक्षिक स्टाफ लगवाना आदि तथा आगे भी जितने भी स्टाफ की कमी होगी। उन्होंने पूर्ति करने के लिए पूर्ण भरोसा दिलाया। वेदपाल पूनियां एवं डॉ. सतीश पूनियां अपने पैतृक गांव के विद्यालय को निरंतर उन्नत करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की विद्यालय हित में जो भी कार्य होगा निरंतर करवाने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री कृष्ण भाकर चांदकोठी, मंडल अध्यक्ष धर्मवीर, कृष्णा जांगिड़, महिपाल पूनियां, शेरसिंह जांगिड़, दयानंद जांगिड़, धर्मेंद्र पूनियां, सुरेश पूनियां, निहालसिंह स्वामी, नोडल अधिकारी सुरेंद्र पूनियां, जयसिंह झाझड़िया, जोगेंद्र पूनियां, संजय, राजेंद्र पूनियां सहित अनेक ग्रामीण जन मौजूद थे।

# बिजली के तार डालने को लेकर एक ही परिवार के लोगों में झगड़ा

## मां-बेटे घायल, चिकित्सालय में भर्ती

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी कोतवाली थाना क्षेत्र के शहर के किरी भदौरिया पाड़ा मोहल्ले में बिजली के तार डालने को लेकर एक ही परिवार के लोगों में झगड़े का मामला सामने आया है। झगड़े के दौरान आरोपियों ने मां और बेटे की बुरी तरह मारपीट की है। घायल मां-बेटे को बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में भर्ती कराया है। शहर के किरी भदौरिया पाड़ा निवासी 40 वर्षीय कमलेश पत्नी नन्हों कुशवाह ने बताया कि- उनका बेटा सोना उर्फ रामरज अपने ताऊ की छत पर रविवार की शाम बिजली का तार डालने गया था। इस दौरान आरोपी ताऊ ने उसकी मारपीट कर दी और तार को निकाल कर फेंक दिया। जब उसने बेटे की पिटाई को लेकर अपने जेठ से समझाइश का प्रयास किया तो उसको भी गालियां दी गई। जिसका विरोध करने पर जेठ और उसके परिवारीजन हमले पर उतारू हो गए। आरोपियों ने मां-बेटे को लाठी डंडों से जमकर पिटाई की है।

## संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर शहर में निकली शोभायात्रा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में सोमवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर जहां महाराणा प्रताप खेल मैदान पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं शाम 4 बजे से शहर में दिव्य-भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बाबा अंबेडकर की प्रतिमा के साथ तमाम सजीव झांकियां और फ्लेक्स झांकियां शामिल हुई। शोभायात्रा में बैंड बाजे,ढोल बाजे और डीजे भी जमकर बजे। वहीं युवाओं ने जमकर गगनभेदी जय भीम के नारे लगाए। बीआर अंबेडकर की जयंती को लेकर अंबेडकर शोभायात्रा समिति द्वारा पिछले 15 दिन से तैयारी की जा रही थी। सबसे पहले सुबह अंबेडकर पार्क में बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और बाबा के बताए सिद्धांतों पर चलने का सभी ने संकल्प लिया गया। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी भी जयंती पर बाबा का माल्यार्पण करने पहुंचे। जिसमें भाजपा की मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे के साथ जिला महामंत्री अनिल गोयल एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

**महाराणा प्रताप खेल मैदान पर हुआ कार्यक्रम :** शोभायात्रा से पूर्व शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व आईएएस पीआर मीणा मौजूद रहे। इस दौरान भीम मिशनरी गायक एच किशोर इंदलिया ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान मंच से 11 अप्रैल को आयोजित बाबा साहब को जानो शिक्षाप्रद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का सम्मान किया गया साथ में समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों का सम्मान किया गया। इसके बाद शाम 4 बजे से शोभायात्रा का आयोजन हुआ, जो शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। शोभायात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष नेमीसिंह ने बताया कि बाबा साहब की 134 वीं जयंती पर दिव्य-भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में सैंकड़ों की संख्या में युवाओं और सामाजिक संगठनों के लोगों ने भाग लिया।

**शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत :** जैसे ही शहर में बाबा भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा निकली। जगह-जगह पर लोगों द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत परमार और उनकी टीम ने बसेड़ी रोड़ पर शोभायात्रा का स्वागत किया। वहीं सामाजिक संगठनों द्वारा भी शहर में जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किये। शोभायात्रा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि होतम सिंह, राजवीर सिंह,मोहर सिंह, राजेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## पिलानी में डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया याद



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिलानी।** डॉ. भीमराव अंम्बेडकर समता संस्थान के तत्वावधान मे सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती अंबेडकर प्रतिमा स्थल के पास स्थित बिरला स्कूल पिलानी (बिरला होस्टल) मध्य विभाग के मैदान में पिलानी विधायक पितराम सिंह काला के मुख्य आतिथ्य में बड़े धूमधाम के साथ मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिरला एज्युकेशन ट्रस्ट पिलानी के निदेशक मेजर जनरल एसएस नायर (रिटायर्ड) एवीएसएम अति सेवा मेडल ने की। विशिष्ट अतिथि विकासचंद्र करोल (आईसीएस) उप महालेखा नियंत्रक भारत सरकार, पिलानी तहसीलदार सोनू आर्य, विद्या विहार नगर पालिका पिलानी अध्यक्षा कमलेश रणवां व राजस्थान जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप ढेवा थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा बाबा साहेब के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात अतिथियों का संस्था के अध्यक्ष डॉ. हरिसिंह सांखला के नेतृत्व में विनोद आलड़िया, होशियार सिंह, ईश्वरलाल, बाबूलाल पंवार, अरविंद बाडेटिया, महेंद्र पार्षद, पूर्व सरपंच रोहिताश धाणका, रामावतार बाडेटिया, मोतीलाल बाडेटिया, सज्जन नूहंद आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में संस्था अध्यक्ष डॉ. सांखला ने अपने संबोधन में अतीत से का स्वागत करते हुए संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा कस्बा पिलानी स्थित अंबेडकर प्रथम स्थल को विकसित करने के लिए पिलानी विधायक पितराम सिंह काला व विद्या विहार पालिका अध्यक्षा कमलेश रणवां से आर्थिक सहयोग की अपील की एवं अपनी ओर से व? नवाचार संस्था के अन्य पदाधिकारी की ओर से अतिथियों एवं आए हुए आगंतुकों का तहे दिल से स्वागत किया। इसी क्रम में लक्की डांस एकेडमी टीम के बच्चों द्वारा मनमोहन संस्कृत कार्यक्रमों कि प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि पिलानी विधायक काला ने अपने संबोधन बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के कारवां को आगे बढ़ाने, नई पीढ़ी को शिक्षित बनाने व नशे की लत बचने कि बात कही। उन्होंने पिलानी में पीने के पानी की समस्या को शीघ्र ही दूर करने के कहीं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पिलानी व चिड़ावा चिड़ावा के लिए 34 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। जिसमें जिसमें कुंभाराम लिफ्ट परियोजना के तहत पिलानी के लोगों को एक वर्ष के अंदर पीने का पानी उपलब्ध हो जाने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि विधायक ने अंबेडकर प्रतिमा स्थल को विकसित करने के लिए अपने कोटे से पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि विकासचंद्र करोल ने अपने संबोधन के मध्यम से बाबा साहेब की जीवनी से जुड़े प्रश्नों की उपस्थित जनसमूह से प्रश्नोत्तरी की तथा प्रश्नों का सही जवाब देने वालो को पारितोषिक भेंट सम्मानित किया। इस मौके पर बीईटी निदेशक मेजर जनरल नायर, पिलानी तहसीलदार सोनू आर्य, कमलेश रणवां, ढेवा व धर्मपाल बौद्ध ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बिरला स्कूल पिलानी के प्राचार्य धीरेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान शेरसिंह नेहरा, चिड़ावा उप प्रधान रणधीर बुडानिया, जगदीशप्रसाद सोनी, जगदीशप्रसाद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

### बालिका छात्रावास हेतु 50 लाख रूपये की घोषणा, ई-लाइब्रेरी भी बनेगी

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**अलवर।** भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर अलवर में खुदनपुरी स्थित छात्रावास एवं अंबेडकर सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके भारतीय संविधान के निर्माण में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए नमन किया। केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि बाबा भीमराव अम्बेडकर का जीवन संघर्षों से लड़कर न केवल अपने बल्कि पूरे देश को एक बेहतर भविष्य देने की प्रेरणा देता है। बाबा साहेब सदैव सामाजिक न्याय और सर्वांगीण आर्थिक विकास के लिए कार्यरत रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों को विकसित करने का कार्य किया है। बाबा साहब ने सामाजिक जीवन में मानवीय मूल्यों को बढ़ाने के लिए संविधान के रूप में ऐसा दस्तावेज दिया है, जिस पर हिंदुस्तान के 140 करोड लोग देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। बाबा साहब ने भगवान बुद्ध के आत्म दीपोभव सिद्धांत को अपनाया, जिससे शिक्षा प्राप्त कर कोई भी व्यक्ति अध्यात्म के माध्यम से बाहरी के साथ-साथ आंतरिक जीवन में भी संतुलन रख सकता है। बाबा साहब ने शिक्षा का संदेश देकर शिक्षा को व्यक्ति व समाज के जीवन में परिवर्तन लाने का माध्यम बताया। शिक्षा के मौलिक विषय को लेकर अलवर में कार्य किए जा रहे है, जिसमें ई-लाइब्रेरी के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई का समुचित वातावरण प्रदान किया जा रहा है। वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि देशभर में बाबा साहब के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, बाबा साहब दलित, पिछड़े, शोषित समाज की आवाज बने एवं संविधान की संरचना कर देश को मूलभूत अधिकार देने का कार्य किया। बाबा साहब कहते थे जो समाज पढ़ेगा, वह आगे बढ़ेगा। बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन शिक्षा के प्रसार, सामाजिक भेदभाव के अंत और वंचितों के सशक्तिकरण को समर्पित किया।

**बालिका छात्रावास के लिए 50 लाख रूपये की कि घोषणा व लाइब्रेरी भी ई-लाइब्रेरी में होगी अपग्रेड :** खुदनपुरी में अम्बेडकर छात्रावास में डॉ. भीमराव ज्ञान प्रकाश समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा इस दौरान स्मारिका का विमोचन कर समिति के सभी पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। मंत्री यादव ने डॉ. भीमराव ज्ञान प्रकाश समिति द्वारा बनवाए जा रहे बालिका छात्रावास के लिए सांसद निधि से 50 लाख रुपए देने एवं छात्रावास की लाइब्रेरी को ई- लाइब्रेरी के रूप में अपग्रेड करने की घोषणा की तथा उन्होंने कहा कि पूर्व में मालाखेड़ा में भवन के लिए 20 लाख रुपए दिए हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के शिक्षित बनो संदेश को बालिका शिक्षा के माध्यम से सही मायने में मूर्त रूप दिया जा सकता है।

**सामान्य चिकित्सालय में शीतल जल प्याऊ का किया लोकार्पण, चित्र प्रदर्शनी का किया अवलोकन :** इसके पश्चात केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने राजकीय जिला सामान्य चिकित्सालय के सामने शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया। उन्होंने अंबेडकर सर्किल पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल व जयराम जाटव, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, प्रधान वीरमति व दौलतराम, बन्नाराम मीणा, पूरणमल बैरवा, इंदर यादव, ऋषि राज शर्मा, संजय नरूका, रिंकी वर्मा, राजेंद्र कसाना, सुदेश मेहता, अमित अग्रवाल, मनोज निहलवानी, सतीश यादव, राजकुमार, मुकेश बैरवा, लाल चंद, सुंदरलाल, जगदीश प्रसाद बौद्ध, कमलेश कुमार ओम प्रकाश बौद्ध, मंगल राम बौद्ध, मास्टर रामकिशन आदि मौजूद रहे।

## पंकज गर्ग जार के जिलाध्यक्ष चुने गए

**भीलवाड़ा।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान 'जार' भीलवाड़ा इकाई के दो वर्षीय कार्यकाल के लिए रविवार को हुए चुनाव में पत्रकार पंकज गर्ग, राजस्थान को अध्यक्ष और दिलशाद खान, महासचिव तथा धीरज कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष चुने गए। जार के चुनाव प्रभारी शहजाद खान ने बताया कि जार के सदस्यों की जनरल मीटिंग वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र ओरडिया की अध्यक्षता एवं अशोक जैन के मुख्य आतिथ्य में होटल ओलिवर में आहूत की गई जिसमें जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जार के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र ओझा, प्रदेश सचिव प्रकाश चपलोत, कार्यकारिणी सदस्य संजय लड्ढा की सहमति के बाद अपनी कार्यकारिणी की चुनाव अधिकारी ने घोषणा की। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष मुरली मनोहर सेन, सचिव लोकेश तिवारी, संयुक्त सचिव ब्रजेश शर्मा कार्यकारिणी सदस्यों में महेंद्र नागोरी, सुरेंद्र सागर (मांडल) दयाराम दिव्य (मंगरोप) गोविंद पायक को मनोनीत किया गया। जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान जार की नवनिर्वाचित जिला इकाई एवं प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्व सम्मति से पारित किए गए।

# खेतड़ी थाने में लाए युवक की मौत, पूरा थाना लाइन हाजिर


जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खेतड़ी।** थाने में चोरी के एक मामले में पूछताछ के लिए लाए युवक की पहले तबियत बिगड़ी और उसके बाद उसकी मौत हो गई। इस मामले में एसपी शरद चौधरी ने पूरे थाने को लाइन हाजिर कर दिया है। बावजूद इसके मृतक के परिजनों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जानकारी के मुताबिक करमाड़ी गांव में फरवरी माह में हुई एक ग्वार चोरी के मामले में पुलिस ने गत दिनों एक आरोपी को पकड़ा था। जिसने बताया था कि उसके ही थाना क्षेत्र सीकर जिले के अजीतगढ़ के सिपुर निवासी पप्पूराम मीणा व तीन-चार अन्य लोग भी इस वारदात में शामिल थे। जिस पर पुलिस ने सिपुर निवासी पप्पूराम मीणा को रविवार को हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए थाने लेकर आए। लेकिन रात को थाने में ही पप्पूराम मीणा ने तबियत बिगड़ गई। जिसे पहले खेतड़ी और बाद में झुंझुनूं रैफर किया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। इस मामले में परिजनों का आरोप है कि पप्पूराम मीणा को पुलिस ने करीब एक हफ्ते से टॉर्चर कर रही है। उसके साथ थाने में हुई मारपीट के कारण उसकी मौत हुई है। पप्पूराम मीणा की मौत की सूचना पर ना केवल परिजन, बल्कि बड़ी संख्या में ग्रामीण और मीणा समाज के लोग भी खेतड़ी पहुंच गए। जहां पर थाने के सामने प्रदर्शन चल रहा है। इधर, इस मामले में एसपी शरद चौधरी ने खेतड़ी सीआई गोपाललाल जांगिड़ समेत पूरे थाने को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं पुलिस लाइन से सीआई मांगीलाल मीणा समेत पूरा नया स्टाफ खेतड़ी भेज दिया है। बावजूद इसके परिजन अभी तक विरोध कर रहे है। परिजनों का कहना है कि इन सभी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किया जाना चाहिए। साथ ही वे डीएसपी व सीआई समेत सभी पुलिसकर्मियों पर हत्या की धाराओं में मामला दर्ज करने, परिवार को सहायता के लिए एक करोड़ रूपए की राशि देने तथा एक सरकारी नौकरी देने जैसी मांग कर रहे है। साथ ही चेतावनी दी है कि जब तक मांग नहीं मानी जाएगी। ना तो वे शव लेंगे, ना ही पोस्टमार्टम कराएंगे और ना ही धरना स्थल से वापिस जाएंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से मौके पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता लगाया गया है। लगातार समझाइश का प्रयास चल रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी का भंडाफोड़, मंडावा में चला रहे थे माइक्रोसाफ्ट का फर्जी कस्टमर केयर सेंटर

### तीन युवतियों समेत कुल 13 जने गिरफ्तार, 21 लैपटॉप और 21 मोबाइल के अलावा अन्य सामग्री जब्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मंडावा।** स्थानीय पुलिस ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गैंग का राजफाश किया है। इस गैंग के तार विदेशों तक जुड़े हुए है। पुलिस ने गैंग का राजफाश करते हुए साइबर ठगी करने वाले 13 जनों को गिरफ्तार किया है। जिनमें तीन युवतियां भी शामिल है। झुंझुनूं ग्रामीण डीएसपी हरिसिंह धायल के नेतृत्व में मंडावा पुलिस, साइबर थाना पुलिस और साइबर सैल की पूरी टीम ने कार्रवाई कर इन 13 जनों को गिरफ्तार कर इनके पास से 21 लैपटॉप और 21 मोबाइल के अलावा इंटरनेट के राउटर समेत कई सामान जब्त किया है। ग्रामीण डीएसपी हरिसिंह धायल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मंडावा कस्बे की फतेहपुर रोड पर एक होटल में साइबर ठगी का कार्य हो रहा है। यह होटल मंडावा निवासी हाजी फारूक भाटी का है। जिस पर पुलिस ने रविवार शाम को दबिश दी। पुलिस जब होटल पर कार्रवाई करने के लिए पहुंची तो होटल बंद था। जिसके चलते पुलिस ने दीवार फांदकर होटल में एंट्री की तो होटल के अलग—अलग कमरों में अलग—अलग युवक युवतियां लैपटॉप और मोबाइल पर कार्य कर रहे थे। जिनके लैपटॉप चैक किए और पूछताछ की तो सामने आया कि आरोपी एक अंतरराष्ट्रीय गैंग के सदस्य है। जो माइक्रो सिप नाम के एप के जरिए माइक्रोसाफ्ट और सोशल मीडिया के इस्तेमाल में आने वाली समस्याओं को दूर करने के नाम पर यूजर्स को झांसा देते थे। माइक्रोसाफ्ट का कस्टमर केयर बताकर खुद की लोकेशन भी अमेरिका के वाशिंगटन बताते थे। माइक्रोसाफ्ट व सोशल मीडिया यूजर्स इस माइक्रो सिप एप के जरिए इन तक पहुंच जाते थे। इनके निशाने पर ज्यादातर अमेरिकन लोग होते थे। जिन लोगों के माइक्रोसाफ्ट और सोशल मीडिया को लैपटॉप और कंप्यूटर आपरेट करने में प्राब्लम आती थी। उन लोगों को झांसे में लेकर ये लोग अलग—अलग साफ्टवेयर डाउनलोड करवाकर उनके कंप्यूटर और लैपटॉप को हैंग कर लेते थे। जिसके बाद उनकी जानकारी प्राप्त कर साइबर ठगी करते थे। आरोपियों ने इस पूरे ठग गैंग के दो मास्टर माइंड के भी नाम बताए है। जो पूरा सिस्टम आपरेट करते थे। जिन तक भी पुलिस पहुंचने का प्रयास कर रही है। वहीं फिलहाल पुलिस ने इन 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें कल कोर्ट में पेश किया जाएगा। प्रारंभिक जानकारी में आरोपियों ने बताया कि वे 15 दिनों से मंडावा में अपना ठिकाना बनाए हुए है। लेकिन पुलिस इस बात की जांच में है कि आरोपी कब से यहां है और अब तक कितने लोगों से कितनों की ठगी कर चुके है।

## पृष्ठ 1 का शेष...पीएम मोदी बोले, मुसलमानों से इतनी...

प्रधानमंत्री बोले, हमें यह कभी नहीं भूलना है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ क्या किया। कांग्रेस ने उन्हें 2 बार चुनाव हराकर अपमानित किया। कांग्रेस संविधान की भक्षक बन गई है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने पेंशन में भी एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकार छीनकर धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस ने हमारे पवित्र संविधान को सत्ता हासिल करने का एक हथियार बना दिया है। जब-जब कांग्रेस को सत्ता का संकट दिखा, उन्होंने संविधान को कुचल दिया। कांग्रेस ने संविधान की स्पिरिट को कुचला। संविधान की भावना है कि सबके लिए एक जैसी नागरिक संहिता हो, जिसे मैं कहता हूं यूनिफॉर्म सिविल कोड, लेकिन कांग्रेस ने इसे लागू नहीं किया। उत्तराखंड में बीजेपी सरकार आने के बाद यूसीसी डंके की चोट पर लागू हुआ। संविधान को जेब में लेकर बैठे कांग्रेस के लोग उसका विरोध कर रहे हैं।

**हरियाणा की गाडी अब विकास के पथ पर सरपट:** यमुनानगर में सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा हरियाणा की गाड़ी अब विकास के पथ पर दौड़ रही है। कांग्रेस शासित राज्यों में जनता के साथ विश्वासघात हो रहा है। पड़ोस में देखिए, हिमाचल में सारे काम ठप पड़े हैं। कर्नाटक में देखिए, हर चीज महंगी हो रही है। कर्नाटक में जो कांग्रेस सरकार ने टैक्स लगाए हैं, उनकी सोशल मीडिया पर लोगों ने खूब आलोचना की है। खुद वहां के मुख्यमंत्री के करीबी कहते हैं कि कांग्रेस ने कर्नाटक को करप्शन में नंबर वन बना दिया। तेलंगाना में भी कांग्रेस की सरकार जंगलों पर बुलडोजर चला रही है।

पीएम मोदी मोदी बोले, कल देश ने बैसाखी का पर्व मनाया। कल ही जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ था। शंकरन नायर नाम सुना नहीं होगा, लेकिन इस नाम की चर्चा खूब हो रही है। उस जमाने में वे अंग्रेजी सरकार में बहुत बड़े पद पर विराजमान थे। उन्होंने विदेशी शासन के खिलाफ जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में आवाज उठाई। उन्होंने पद छोड़ दिया। वे केरल के थे, लेकिन घटना पंजाब में घटी। नायर ने हत्याकांड के लिए अंग्रेजों को कोर्ट में खड़ा करा दिया। कैसे केरल का एक व्यक्ति पंजाब में हुए हत्याकांड के लिए अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ खड़ा हो गया। उन्होंने आगे कहा, साल 2014 से पहले जब कांग्रेस सरकार थी, तब पूरे देश में ब्लैकआउट होते थे। कांग्रेस सरकार यदि रहती तो देश को आज भी ऐसे ही ब्लैकआउट से गुजरना पड़ता। न कारखाने चल पाते, न रेल चल पाती, न खेतों में पानी पहुंचता। यानी कांग्रेस की सरकार रहती तो ऐसे ही संकट बना रहता। आज हालात बदल रहे हैं, बीते 10 सालों में भारत ने बिजली उत्पादन की क्षमता को करीब दो गुना किया है। आज भारत अपनी जरूरत को पूरा करने के साथ-साथ पड़ोसी देशों को बिजली निर्यात भी करता है।

## पीएम नरेन्द्र मोदी ने....

वहीं, पीएम मोदी ने भी ट्वीट कर कहा कि हरियाणा के यमुनानगर में आज कैथल के रामपाल कश्यप जी से मिलने का सौभाग्य मिला। इन्होंने 14 वर्ष पहले एक व्रत लिया था कि 'मोदी जब तक प्रधानमंत्री नहीं बन जाते और मैं उनसे मिल नहीं लेता, तब तक जूते नहीं पहनूंगा।' मुझे आज उनको जूते पहनाने का अवसर मिला। मैं ऐसे सभी साथियों की भावनाओं का सम्मान करता हूं, परंतु मेरा आग्रह है कि वो इस तरह के प्रण लेने के बजाए किसी सामाजिक अथवा देशहित के कार्य का प्रण लें। रामपाल कश्यप कैथल के खेड़ीगुलामा गांव के रहने वाले हैं। यमुनानगर कार्यक्रम के दौरान स्टेज के पीछे पीएम मोदी ने जूते पहनाए हैं।

## आतंकी से...

इसलिए उसे स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल के मुताबिक दूसरे आरोपियों को दिया जाने वाला खाना मिल रहा है। राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में आतंकवाद विरोधी एजेंसी के हेडक्वॉर्टर के अंदर एक हाई सिक्योरिटी सेल में रखा गया है। यहां चौबीसों घंटे सुरक्षाकर्मी उसकी निगरानी करते हैं। 10 अप्रैल को तहव्वुर को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था। इसके बाद उसे 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा गया है। कस्टडी के दौरान एनआईए रोजाना राणा से पूछताछ की एक डायरी तैयार कर रही है।

**वॉयस सैंपल मिले तो साफ होगा हेडली से कॉल पर कनेक्ट था राणा:** शनिवार की पूछताछ में एक कर्मचारी बी का नाम आया है, इसने राणा के कहने पर हेडली के लिए ऑपरेशन और लॉजिस्टिक में मदद की थी। अब सीआईए राणा और कर्मचारी बी को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी।

## सीएम शर्मा बोले....

**मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना से दुर्लभ बीमारियों का निःशुल्क इलाज :** -शर्मा ने दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की। इस योजना के अंतर्गत 18 वर्ष तक के बच्चों को 56 दुर्लभ बीमारियों के लिए 50 लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां बाबा साहब के आदर्शों को जाने-समझें और प्रेरणा लें। इसी क्रम में आज डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर के तहत अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज एण्ड रिसर्च की शुरुआत की गई है। इस अवसर पर शर्मा ने घोषित नशामुक्ति केंद्रों का भी संचालन प्रारंभ किया।

**सामाजिक सुरक्षा के लिए राज्य सरकार ने उठाए अपूर्व कदम:** -शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार बाबा साहब के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सवा साल के कार्यकाल में कुल सवा सात लाख नए लाभार्थियों को जोड़ा है। प्रदेश में आज 91 लाख से ज्यादा लोग पेंशन पा रहे हैं। साथ ही, हमने पेंशन राशि 1,000 से बढ़ाकर अब 1,250 रुपए प्रतिमाह की है। बेसहारा और जरूरतमंद बच्चों की देखभाल के लिए पालनहार योजना के तहत हर महीने 2 हजार 500 रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। वहीं सरकार विमुक्त, घुमंतू और अर्द्धघुमंतू समुदाय के कल्याण के लिए दादूदयाल घुमंतू सशक्तीकरण योजना के माध्यम से 60 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इस अवसर पर संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र नायक, जयपुर सासंद श्रीमती मंजू शर्मा, जिला प्रमुख श्रीमती रमा चोपड़ा, विधायक श्री गोरधन लाल, राम सहाय वर्मा, लालाराम बैरवा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## अमेरिका में महंगाई की मार..

क्योंकि वह पहले ही मार्जिन के दबाव से जूझ रहे हैं। भारत की आईटी और टेक सर्विस इंडस्ट्री को ट्रेड वार से फायदा हो सकता है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में जब चीन और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर तनाव बढ़ा था, उस समय भी ऐसा हुआ था। चीन बढ़ती लागत और अस्थिरता से चिंतित अमेरिकी कंपनियां भारत से आउटसोर्सिंग बढ़ा सकते हैं। खास कर बैकएंड आपरेशंस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और एआई सपोर्ट के लिए।

**कृषि उत्पादों के लिए है मौका :** अगर चीन अमेरिका के बाजार में अपने उत्पाद नहीं बेच पाता है तो भारत के लिए मौका बन सकता है। सोयाबीन और कॉटन के बाजार में ऐसा हो सकता है। उधर वॉशिंगटन से मिली जानकारी के अनुसार अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने रविवार को कहा कि स्मार्टफोन, कम्प्यूटर, सेमीकंडक्टर और कुछ अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर अगले दो महीनों के भीतर नए शुल्क लगाए जाएंगे। एक दिन पहले ही ट्रंप प्रशासन ने स्मार्टफोन, लैपटॉप और कंप्यूटर समेत कई अन्य इलेक्ट्रानिक सामान को पारस्परिक टैरिफ से बाहर रखने का एलान किया था। चूंकि, अमेरिका बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रानिक वस्तुओं का चीन से आयात करता है, इसलिए ट्रंप प्रशासन के नए फैसले से चीन को भी इन उत्पादों पर 125 प्रतिशत के पारस्परिक शुल्क से छूट मिल गई है। इस कदम को एप्पल और डेल जैसी टेक कम्पनियों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा गया, जो चीन से आयात पर निर्भर हैं। एबीसी के दिस वीक कार्यक्रम में लुटनिक की टिप्पणियों को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ योजनाओं में एक यूटर्न के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले ट्रंप 75 से अधिक देशों पर पारस्परिक टैरिफ को 90 दिनों के लिए स्थगित करने और इलेक्ट्रानिक उत्पादों को पारस्परिक शुल्क से बाहर रखने की घोषणा कर चुके हैं।

## सुविचार

किसी को इतनी भी अहमियत ना दो कि वो आपको ही भूल जाए।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

# चालाकियों का चक्कलस

भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसियों की सात साल से अधिक समय की मेहनत और दिन-रात की गई जांच-पड़ताल का नतीजा है। जांच एजेंसियों को करीब-करीब तीन देशों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और अब उनके हाथ बड़ी सफलता लगी है। गीतांजलि समूह के मालिक पर अपने भतीजे नीरव मोदी, उनकी पत्नी अमी मोदी और उनके भाई नीशाल मोदी के साथ सरकारी पंजाब नेशनल बैंक में 12,636 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है। 65 साल का मेहुल चोकसी 2018 में भारत से भाग गया था। घोटाला सामने आने के बाद वह देश छोड़कर एंटीगुआ चला गया, जहां उसने निवेश कार्यक्रम के जरिए नागरिकता ले ली थी। इससे पहले 2021 में मेहुल चोकसी को अवैध प्रवेश के लिए डोमिनिकन गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसकी हिरासत को सुरक्षित करने के लिए सीबीआई की एक टीम कैरेबियाई देश पहुंची थी। मेहुल चोकसी के वकीलों ने डोमिनिकन कोर्ट को बताया कि उसे इलाज के लिए एंटीगुआ लौटने की जरूरत है और आश्वासन दिया कि वह बाद में मुकदमे का सामना करने के लिए वापस आएगा। 51 दिनों तक जेल में रहने के बाद चोकसी को ब्रिटिश क्वीन की प्रिवी काउंसिल से राहत मिली और प्रत्यर्पण आगे नहीं बढ़ सका। वह वापस एंटीगुआ चला गया। बाद में डोमिनिकन गणराज्य में उसके खिलाफ अवैध प्रवेश के आरोप हटा दिए गए। इस दौरान सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय ने उस पर नजर बनाए रखी। पिछले साल उन्हें पता चला कि वह बेल्जियम में है। उन्होंने तुरंत एजेंसियों को सूचित किया। धोखाधड़ी के मामले से जुड़े सभी दस्तावेज भी साझा किए गए। बेल्जियम पुलिस ने 12 अप्रैल को मेहुल चोकसी को गिरफ्तार किया और पाया कि वह स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश में था। मेहुल की पत्नी प्रीति बेल्जियम की नागरिक है। मेहुल चोकसी ने बेल्जियम में निवास कार्ड पाने के लिए जाली दस्तावेज जमा किए। उसने यह भी छिपाया कि वह भारत और एंटीगुआ का नागरिक है। इससे पहले फरवरी में चोकसी के वकील ने मुंबई की एक अदालत को बताया था कि वह भारत नहीं लौट सकता, क्योंकि वह रक्त कैंसर के इलाज के लिए बेल्जियम में है। भगोड़े कारोबारी ने यह भी कहा था कि वह भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालतों में पेश होने के लिए तैयार है। हालांकि इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया और एजेंसियां उसके प्रत्यर्पण की दिशा में काम करती रहीं। अब भारतीय अधिकारी उसे वापस लाने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं।

## भारत अब हवा में ही खत्म कर देगा

# दुश्मन के नापाक इरादे...!!



विजय कपूर

भारत अब उन गिनती के देशों- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, इंग्लैंड व इजराइल की कतार में शामिल हो गया है, जिनके पास स्टार-वार्स जैसे डायरेक्टिड एनर्जी वेपन्स (डीईडब्लू) हैं, जबकि ईरान व तुर्की का दावा है कि डीईडब्लू उसकी सक्रिय सेवा में हैं और पाकिस्तान सैन्य-ग्रेड 'के' यह हथियार विकसित करने में लगा हुआ है। इस बैसाखी (13 अप्रैल 2025) को भारत ने पहली बार प्रदर्शित किया कि उसके पास शक्तिशाली 30-किलोवाट लेज़र आधारित सिस्टम को प्रयोग करने की क्षमता है, जिससे वह छोटे रिमोट-नियंत्रित एयरक्राफ्ट, स्वार्म ड्रोन्स, मिसाइल व सेंसर्स को अक्षम, बेकार या नष्ट कर सकता है। भारत में रक्षा हेतु इस हथियार की ज़रूरत काफी समय से शिद्दत से महसूस की जा रही थी।

इमेज

गौरतलब है कि 2019 के मध्य में ड्रोन के ज़रिये पंजाब व जम्मू-कश्मीर में ड्रग्स व हथियार गिराये गये थे और तब पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने केंद्र से इन घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की थी। संदेह यह था कि सुरक्षित फासले से ड्रोन का प्रयोग आतंकी हमला करने के लिए भी किया जा सकता है। हुआ भी यही कि 27 जून 2019 की सुबह जम्मू एयरपोर्ट में आईएएफ स्टेशन पर संदिग्ध क्वैडकॉप्टर से आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेस) गिराये गये, जिनसे पांच मिनट के भीतर दो कम-तीव्रता वाले विस्फोट हुए, जिनमें बिल्डिंग की छत में छेद हो गया और टेक्निकल क्षेत्र में ड्यूटी कर रहे दो जवान घायल हो गये। आईएएफ स्टेशन पाकिस्तान की सीमा से मात्र 14 किमी के फासले पर है। भारत में पहली बार ड्रोन से हुए हमले के लिए लश्कर पर शक था। इसलिए इस ड्रोन-रूपी नए आतंक के परों को काटने के लिए जल्द टेक्नोलॉजिकल समाधान तलाश करना आवश्यक हो गया था, खासकर इसलिए कि ड्रोन को इतनी कम ऊंचाई पर उड़ाया जा सकता है कि उसे राडार के ज़रिये पकड़ना लगभग असंभव हो जाता है। अब इस ज़रूरत को पूरा कर लिया गया है। आंध्र प्रदेश के कुरनूल नेशनल ओपन एयर रेंज में 3.5 किमी की दूरी तक छोटे फिक्स्ड-विंग एयरक्राफ्ट, सात ड्रोनों के झुण्ड और साथ ही 'ब्लाइंड' सर्विलांस कैमरा व ड्रोनों पर चढ़े सेंसर्स को नष्ट करने के लिए ज़मीन पर तैनात लेज़र-डीईडब्लू मार्क-11(ए) से अनेक परीक्षण किए गये जोकि सफल रहे। डीआरडीओ के महानिदेशक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन सिस्टम्स) डा. बीके दास के अनुसार, "महंगे मिसाइल व गोला बारूद वाले 'काइनेटिक किल्स' की तुलना में 'बीम किल्स' अत्यधिक शक्तिशाली व पुनःप्रयोग किया जाने वाला हथियार है। प्रति किल (हमला) इसमें कम खर्च आता है। जिस प्रकार के आजकल हम लंबे युद्ध देख रहे हैं, उनमें यह विशेषरूप से सस्ता पड़ता है। यह भविष्य की टेक्नोलॉजी है।" इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि 30-



किलोवाट का वाहन-आधारित इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम (आईडीडी-आईएस) का विकसित किया जाना भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो इस प्रकार की सस्ती ड्रोन-रोधी व्यवस्था को बनाने के मामले में अन्य देशों से पिछड़ गया था। अब चुनौती यह है कि इस सिस्टम का छोटा संस्करण तैयार किया जाए ताकि उसे हवाई प्लेटफार्म व वॉरशिप्स पर भी तैनात किया जा सके। सशस्त्र बलों ने अभी तक 2-किलोवाट लेज़र क्षमता के 23 आईडीडी-आईएस ही तैनात किए हैं, जिनमें लगभग 400 करोड़ रूपये का खर्च आया है। वैसे डीआरडीओ ने 10-किलोवाट लेज़र भी विकसित कर लिया है। लेकिन इनकी मारक क्षमता मात्र 1 से 2 किमी ही है। लेकिन इन दोनों सिस्टम्स का अभी बड़ी संख्या में उत्पादन नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त सीमित संख्या में कुछ अन्य सिस्टम्स का भी आयात किया गया है, जैसे इजराइल से 'स्मैश-200 प्लस', जिसे राइफल पर चढ़ाकर दोनों दिन व रात में दुश्मन ड्रोनों को नष्ट किया जा सकता है। डा. दास के अनुसार, "लेज़र-डीईडब्लू मार्क-11(ए) का परीक्षण गर्म मौसम या अत्यधिक तीव्र स्थितियों में 3.5 किमी रेंज (मारक क्षमता) के लिए किया गया। यूजर ट्रायल्स 1 से 1.5 वर्ष के भीतर किए जा सकते हैं। उत्पादन के लिए डीआरडीओ कम्पनियों को टेक्नोलॉजी ट्रांसफर कर रहा है।" दुनियाभर में अब मानवरहित हवाई सिस्टम्स की भरमार होती जा रही है। फलस्वरूप बहुत तेज़ी से घातक ड्रोन झुंडों (स्वार्म) का असमतल खतरा बढ़ता जा रहा है। इसलिए डीआरडीओ 50 से 100 किलोवाट पॉवर लेवल के डीईडब्लू पर भी कार्य कर रहा है और साथ ही हाई-एनर्जी माइक्रोवेव्स पर भी काम चल रहा है। दरअसल, अल्प, मध्यम व दीर्घकालीन लक्ष्यों के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया है और यह सब कार्य उसी के अनुसार चल रहा है। डीआरडीओ के एक अन्य अधिकारी का कहना है, "डीईडब्लू अपनाकर दुनियाभर की सेनाएं सस्ते रक्षा समाधान की तलाश कर रही हैं ताकि कम-खर्च में किए जाने वाले ड्रोन हमलों का मुकाबला किया जा सके। कुछ सेकंड के लिए डीईडब्लू फायर करने पर चंद लीटर पेटोल जितना ही खर्च आता है। इसलिए विभिन्न प्रकार के निशानों को पराजित करने के लिए इसमें दीर्घकालीन व कम खर्च की क्षमता है।"

इस क्षेत्र में कुछ देश बहुत आगे निकल गये हैं। मसलन, अमेरिका पहले ही हेलीओस (हाई एनर्जी लेज़र विद इंटीग्रेटेड ऑप्टिकल डेज़लर एंड सर्विलांस) को फ्रंटलाइन वॉरशिप्स पर तैनात कर चुका है ताकि सशस्त्र ड्रोनों, मिसाइल व फ़ास्ट-अटैक क्राफ्ट को नष्ट किया जा सके। यह 60 किलोवाट लेज़र है और इसकी क्षमता को 120 किलोवाट तक बढ़ाया जा सकता है। इजराइल 100 किलोवाट 'आयरन बीम' लेज़र वेपन सिस्टम तैनात करने की तैयारी में है, जिसकी रेंज 10 किमी होगी। इंग्लैंड अपनी वॉरशिप्स के लिए 'ड्रैगन फायर' विकसित कर रहा है। यह सही है कि काइनेटिक हथियारों की तुलना में निशानों पर लेज़र बीम से हमला रोशनी की रफ्तार से किया जा सकता है और यह सस्ता भी पड़ता है, लेकिन डीईडब्लू का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाना अब भी शेष है। बहरहाल, डीईडब्लू का उपयोग आतंकी हमलों को बेअसर करने में बहुत कारगर हो सकता है। आतंकी गुट बहुत तेज़ी से आधुनिक टेक्नोलॉजी को अपनाते जा रहे हैं। सितंबर 2019 में ईरान-समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब की अरामको आयल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला किया था, जिससे पूरा संसार सकते में आ गया था। उसी वर्ष जम्मू कश्मीर व पंजाब में भी आतंकियों द्वारा ड्रोन इस्तेमाल किए जाने की खबरें प्रकाश में आईं। पिछले साल मणिपुर में भी आतंकी संगठनों ने ड्रोन से हमले किए थे।

## पंचांग

मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

| | |
|---|---|
| • विक्रम संवत् | - 2081 |
| • शक संवत् | - 1946 |
| • ऋतु | - वसंत |
| • माह | - कृष्ण |
| • तिथि | - द्वितीया 10.56 तक |
| • वार | - मंगलवार |
| • नक्षत्र | - विशाखा 27.11 तक |
| • योग | - सिद्धि 23.33 तक |
| • करण- | वणिज 24.08 तक |
| • सूर्योदय | - 06.23 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - 06.54 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - 06.19 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - 07.03 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - तुला 20.28 तक |
| • अभिजित् मुहूर्त | - 12.13 से 13.03 |
| • राहु काल | - 15.47 से 17.21 |
| • व्रत, त्यौहार | - हिमाचल डे, बिच्छुड़ा 20.28 प्रारंभ, भद्रा 24.08 प्रारंभ |
| • दिशा शूल | - उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




# मलमास खत्म, फिर से बजना शुरू हो गई शहनाई

मलमास के बाद एक बार फिर से शादियों की शहनाईयों की गूंज शुरू हो गई हैं। नव संवत्सर के बाद शुरू होने वाले विवाह आयोजनों के पहले फेज में 22 सावे तो मुहूर्त के हिसाब से और 5 अबूझ सावे होंगे। इस बार दोष रहित 10 रेखा 2 सावे रहेंगे। इसके अलावा 9 रेखा के 2 सावे, 8 रेखीय 6 सावे और 7 रेखा के 8 सावों पर वैवाहिक आयोजन हो सकेंगे मांगलिक कार्यों का ये फेज 6 जुलाई तक चलेगा, इसके बाद देवता शयन में चले जाएंगे।

**मलमास समाप्त**

धर्म विशेषज्ञ चंद्रप्रकाश ढांढण ने बताया कि 14 अप्रैल को ग्रहों के राजा सूर्य देव राशि परिवर्तन कर रहे हैं। वे मीन राशि को छोड़कर अपनी उच्च राशि मेष में प्रवेश कर रहे हैं, जिसके साथ ही मीन मलमास समाप्त हो जाएगा। इसी के साथ नव संवत्सर के बाद वैवाहिक मांगलिक आयोजनों का पहला चरण शुरू होगा, जो 6 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश, गृहारंभ, यज्ञोपवीत, नवीन कार्य प्रारंभ जैसे मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। पहला सावा 14 अप्रैल का सात रेखीय रहेगा। इसके अलावा 14 जून को गुरु अस्त होंगे।

**जारी रहेंगे मांगलिक कार्य**

एक धर्म विशेषज्ञ ने बताया कि 14 जून को गुरु अस्त अर्थात् तारा लग जाएगा, जिससे एक बार फिर मांगलिक कार्य रुक जाएंगे। गुरु अस्त 7 जुलाई तक रहेगा। इसमें कुछ अबूझ सावे हैं जिनमें मांगलिक कार्य होंगे। 4 जुलाई को भड़ल्या नवमी का रहेगा। इसके दो दिन बाद यानी 6 जुलाई को देव शयनी एकादशी अबूझ मूहुर्त होगा, जिसके साथ ही देवता शयन पर चले जाएंगे और विवाह आदि मांगलिक कार्यों पर पुनः विराम लग जाएगा। इसके बाद मांगलिक आयोजनों का दूसरा चरण 1 नवंबर को देव प्रबोधिनी यानी देव उठनी एकादशी से ही शुरू होगा।

## तारीख विशेष

# वंदना कटारिया

वंदना कटारिया भारतीय फील्ड हॉकी खिलाड़ी हैं जो भारतीय राष्ट्रीय टीम में फॉरवर्ड के रूप में खेलती हैं। 2021 में खेले जा रहे 'ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक-2020' (टोक्यो ओलम्पिक) में वह हॉकी में हैट्रिक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वंदना कटारिया को साल 2021 में अर्जुन पुरस्कार तथा 2022 में पद्मश्री से सम्मानित किया है। भारत के उत्तराखंड की रहने वाली वंदना कटारिया का जन्म 15 अप्रैल, 1992 को



रोशनाबाद में हुआ था। उनके पिता का नाम नाहर सिंह है। वे हरिद्वार स्थित बीएचईएल में टेक्नीशियन थे। उनके पिता अपने जमाने के पहलवान रह चुके थे। वंदना कटारिया ने 2006 में जूनियर इंटरनेशनल में डेब्यू किया। वहीं 2010 में उन्हें सीनियर नेशनल टीम में शामिल किया गया। वंदना कटारिया के लिए इस मुकाम तक पहुंचना इतना आसान नहीं था। वे एक ऐसे गांव से रहती थीं, जहां लड़कियों को खेल से दूर रखा जाता था। लेकिन वंदना इन सब से परे होकर अपने खेल का अभ्यास करती रहीं। जानकारी के अनुसार, वंदना पेड़ की शाखाओं से अपने खेल का अभ्यास करती थीं। वहीं उनके इस जुनून के खिलाफ हर कोई था, सिवाय उनके पिता के। उनके पिता ने उनका साथ उस समय दिया, जब सब चाहते थे कि वंदना हॉकी खेलने का जुनून छोड़ दे। वंदना की दादी हमेशा उन्हें खाना बनाने और घर के काम करने के लिए कहा करती थीं। टोक्यो ओलंपिक 2020 में पहुंचने के लिए वंदना कटारिया का सफर इतना आसान नहीं था। जब वे ओलंपिक के लिए हॉकी की तैयारी कर रही थीं, तभी उनके पिता की मृत्यु हो गई। ट्रेनिंग के चलते वे अपने पिता को आखिरी बार देख भी नहीं पाईं। वंदना कटारिया ने अपने खेल में अब तक चार मेडल हासिल किए हैं, जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। साल 2017 में जापान में आयोजित एशियन कप में वंदना कटारिया स्वर्ण पदक विजेता रह चुकी हैं।

## 'घिब्ली स्टाइल' का विस्फोट

# कला की आंधी या हताशा की भेड़ चाल?

नरेंद्र शर्मा

'घिब्ली' स्टूडियो वास्तव में एक जापानी एनीमेशन स्टूडियो का नाम है, जिसे हायाओ मियाज़ाकी और इसाओ ताकाहाता ने 1985 में स्थापित किया था। इस स्टूडियो का नाम इतालवी शब्द 'घिल्बी' से लिया गया है, जिसका मतलब है, लीबिया में चलने वाली गर्म रेगिस्तानी हवा। बहरहाल घिब्ली से आशय हाथ से बनाई गई कार्टून तस्वीरों, समृद्ध जलरंग और ऐक्रेलिक पेंट्स व विस्तृत पृष्ठभूमि वाली डिज़ाइन से है। हालांकि, 'घिब्ली' शब्द स्वयं किसी कला शैली का नाम नहीं है बल्कि एक स्टूडियो का नाम है, जिसने अपनी अनूठी कला शैली विकसित की है। जबकि घिब्ली स्टाइल इमेजरी से आशय एनीमेशन फिल्मों से जुड़ी एक खास तरह की कला शैली से है, जो कि 'घिब्ली स्टाइल' स्टूडियो की देन है। इस कला शैली की कुछ खासियतें हैं, जैसे यह शैली बेहद भावनात्मक, सजीव और प्रकृति से गहराई से जुड़ी हुई दृश्य-रचनाएं निर्मित करती है। यह आर्ट शैली बच्चों और बड़ों दोनों को छू लेने वाली कहानियां रचती है।

इमेज

आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपन एआई ने 25 मार्च, 2025 को अपने चैट जीपीटी 4 ओ मॉडल में एक नए इमेज जनरेशन फीचर की घोषणा की, जिससे उपयोगकर्ता सीधे तस्वीरें बना सकते हैं। सिएटल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर ग्रांट स्लैटन ने उसी दिन अपनी पत्नी और कुत्ते के साथ समुद्र तट पर ली गई एक तस्वीर को स्टूडियो 'घिब्ली' शैली में परिवर्तित करके अपने एक्स एकाउंट पर पोस्ट कर दिया। देखते ही देखते सोशल मीडिया में न केवल इस तस्वीर को लाइक करने वाले लोगों की संख्या लाखों में पहुंच गई बल्कि लोग खुद भी अपनी तस्वीरें घिब्ली स्टूडियो शैली में जनरेट करके अपलोड करने लगे और इस प्रवृत्ति की बाढ़ आ गई। यहां तक कि खुद ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन भी इसमें शामिल हो गए- आधे खुश, आधे निराश- खुद को "ट्विंक घिबली स्टाइल" में बदला हुआ, देखने-दिखाने के लिए। चैट जीपीटी का यह नवीनतम इमेज-जनरेशन फीचर ऐसी तस्वीरें और दृश्य बना रहा है, जो लगता है मानो सीधे घिब्ली स्टूडियो के मालिक मियाज़ाकी की स्केचबुक से निकले हों। पिछले एक पखवाड़े से हर किसी में अपनी एआई जनरेटेड मास्टरपीस को शेयर करने की होड़ मची हुई है। अब तक सोशल मीडिया में करोड़ों घिब्ली स्टूडियो स्टाइल की तस्वीरें आ चुकी हैं और ट्रेंड जारी है।

'घिब्ली' स्टूडियो वास्तव में एक जापानी एनीमेशन स्टूडियो का नाम है, जिसे हायाओ मियाज़ाकी और इसाओ ताकाहाता ने 1985 में स्थापित किया था। इस स्टूडियो का नाम इतालवी शब्द 'घिल्बी' से लिया गया है, जिसका मतलब है, लीबिया में चलने वाली गर्म रेगिस्तानी हवा। बहरहाल घिब्ली से आशय हाथ से बनाई गई कार्टून तस्वीरों, समृद्ध जलरंग और ऐक्रेलिक पेंट्स व विस्तृत पृष्ठभूमि वाली डिज़ाइन से है। हालांकि, 'घिब्ली' शब्द स्वयं किसी कला शैली का नाम नहीं है बल्कि एक स्टूडियो का नाम है, जिसने अपनी अनूठी कला शैली विकसित की है। जबकि घिब्ली स्टाइल इमेजरी से आशय एनीमेशन फिल्मों से जुड़ी एक खास तरह की कला शैली से है,जो कि 'घिब्ली स्टाइल' स्टूडियो की देन है। इस कला शैली की कुछ खासियतें हैं, जैसे यह शैली बेहद भावनात्मक, सजीव और प्रकृति से गहराई से जुड़ी हुई दृश्य-रचनाएं निर्मित करती है। यह आर्ट शैली बच्चों और बड़ों दोनों को छू लेने वाली कहानियां रचती है। इसमें अद्भुत कल्पनाशीलता का विस्तार है जैसे उड़ते हुए महल, बोलते हुए जानवर और जादुई दुनिया। अब एआई टूल्स जैसे मिडजर्नी और डल-ए, इस स्टाइल की नकल करके पलकभर झपकने की देरी में हू-ब-हू घिब्ली शैली की तस्वीरें जैसी बना रहे हैं।

एआई टूल्स की ये सटीक कलात्मकता अपनी जगह लेकिन इसने पारंपरिक रचनात्मकता को एक बड़ा नैतिक सवाल खड़ा कर दिया है? क्योंकि घिब्ली स्टूडियो ने कभी किसी एआई को अपने काम से ट्रेनिंग की अनुमति नहीं दी। फिर भी कंपनियां एआई को यह स्टाइल सिखा रही हैं। वास्तव में यह "क्रिएटिव चोरी" है। इससे दुनिया के वास्तविक कलाकारों का भविष्य खतरे में पड़ रहा है? जिन पारंपरिक कलाकारों को ये स्टाइल बनाने में बरसों लगे, उनकी वर्षों की मेहनत ए आई उनसे पलक झपकते छीन रहा है। ये कलाकार एआई से तुलना में पिछड़ रहे हैं। पिछड़ना स्वाभाविक है, हू-ब-हू दोहराव पलक झपकने की रफ़्तार में सिर्फ मशीन कर सकती हैं,इंसान नहीं। ग्राहक के लिए मशीन फायदेमंद है वह कहता है, "जब एआई ये सब मुफ्त बना सकता है, तो मैं किसी कलाकार को क्यों हायर करूं?"

सवाल संवेदना का भी है, क्या एक मशीन द्वारा बनाई गई कला भी उतनी ही "सच्ची" और "इनसानी" हो सकती है जितनी किसी इंसान द्वारा बनाई गई? कभी नहीं। सच तो यह है कि एआई नए कलाकारों को भी एक ऐसे शोर्टकट की ओर ले जा रही है, जिस तरफ जाते हुए पहले कलाकारों को संकोच होता था। यह बिना रियाज किए कंप्यूटर के सहारे गायक बनने जैसा है। जिन लोगों ने पेंटिंग सीखने में अपने दिन बर्बाद नहीं किए वे लोग भी एआई के इन टूल्स के जरिये धड़ल्ले से कलाकार बन रहे हैं।

गो कि इससे विजुअल स्टोरीटेलिंग और डिज़ाइन पहले से ज्यादा आसान और लोकतांत्रिक हो रही है। लेकिन इसमें एक स्वतः समाहित रचनात्मक आलस्य है, "मैं क्यों सोचूं, एआई कर देगा।" इसके साथ ही इसमें कला का घोर कारोबारी रूप उभर रहा है क्योंकि इसमें कला भावनाओं से नहीं डेटा से संभव होगी। यह मशीनी कलात्मकता मानव विशिष्टता पर सवाल खड़े करती है, 'अगर एआई भी कलात्मक कल्पना कर सकता है, तो फिर हममें क्या खास है?' यह सोच एक रचनात्मक हताशा को जन्म दे सकती है। इन सब सवालों के नजरिये और उनके संभावित विचारों के साथ सोचिये तो समझ में आएगा कि एआई की कलात्मकता कितने गहरे संकट का सबब बनती जा रही है। खासकर नए और स्वतंत्र कलाकारों के लिए।

## गीता सार



सुहृन्मित्रार्युदासीनमध्यस्थद्वेष्यबन्धुषु ।
साधुष्वपि च पापेषु समबुद्धिर्विशिष्यते ॥

**भावार्थ :**

ऐसा मनुष्य स्वभाव से सभी का हित चाहने वाला, मित्रों और शत्रुओं में, तटस्थों और मध्यस्थों में, शुभ-चिन्तकों और ईर्ष्यालुओं में, पुण्यात्माओं और पापात्माओं में भी एक समान भाव रखने वाला होता है।

## बोले तो...



हरियाणा की गाड़ी अब विकास के पथ पर दौड़ रही है। हिसार से अयोध्या सीधी हवाई सेवा शुरू की गई है। रेवाड़ी के लोगों को जाम से मुक्ति मिली है। चार लेन का बाइपास गाड़ियों को आसानी से शहर से बाहर निकालेगा। दिल्ली से नारनौल के लिए लगने वाले समय में एक घंटे की कमी आएगी।

- नरेंद्र मोदी

भाजपा महात्मा गांधी, बीआर आंबेडकर, भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसी महान हस्तियों को अपना बताने की कोशिश कर रही है। जिन्होंने आंबेडकर का विरोध किया, महात्मा गांधी की हत्या की, भारतीय संविधान का विरोध किया। आज वे उन्हें अपना बताने की कोशिश कर रहे हैं।



- सिद्धारमैया



देश के गरीबों का पैसा लूटने वाले बच नहीं पाएंगे। उन्हें गरीबों को पैसा लौटाना पड़ेगा। सरकार भगोड़ों पर कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी पहले ही कह चुके हैं कि गरीबों का पैसा लूटने वालों को इसे वापस करना होगा। देश में ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

- पंकज चौधरी

## कुछ अलग | अजब गजब

# सात फीट के पिता-पुत्र! पहले लोग उड़ाते थे मजाक, अब फोटो खिंचवाने लगती कतार!

पंजाब के लुधियाना के पास स्थित गांव रामपुर के मांगट परिवार की चर्चा हर तरफ हो रही है। दरअसल, इस परिवार के पिता और पुत्र दोनों का कद 7 फुट है। इतने लंबे कद के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। पहले यह परिवार अपने कद को लेकर काफी परेशान रहता था और कई लोग उनका मजाक भी उड़ाते थे, लेकिन सोशल मीडिया पर आने के बाद यह पिता-पुत्र की जोड़ी काफी मशहूर हो गई और कई लोगों ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई।

**विवाह में आईं दिक्कतें**

परिवार का कहना है कि लंबे कद के कारण उन्हें पहले काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। 7 फुट कद होने पर कई लोग उनका मजाक भी उड़ाते थे। गुरमीत सिंह ने बताया कि 7 फुट कद होने के बावजूद उनके विवाह में काफी दिक्कतें आईं, लेकिन आखिरकार उनका विवाह परवीन कौर से हुआ, जिन्होंने उनका काफी साथ दिया। धीरे-धीरे सोशल मीडिया पर आने के बाद काफी कुछ बदल गया।

**घर की छतें भी 14 फुट ऊंची करवानी पड़ीं**

उन्होंने कहा कि लोग हमारे साथ फोटो खिंचवाते हैं। गुरमीत ने बताया कि मेरे और मेरे बेटे के रेडीमेड कपड़े भी बाजार में नहीं मिलते। हमें कपड़े सिलवाने पड़ते हैं और जूतों को भी विशेष रूप से मंगवाना



पड़ता है। गुरमीत ने बताया कि 7 फुट कद होने के कारण हमें अपने घर की छतें भी 14 फुट ऊंची करवानी पड़ीं। गुरमीत सिंह के बेटे जसकरण ने कहा कि वह 14 साल का है और दसवीं कक्षा का छात्र है। उसका कद 7 फुट है और वह बास्केटबॉल का खिलाड़ी भी है। स्कूल में मेरे 7 फुट कद को देखकर मेरे दोस्त काफी खुश होते हैं। वहीं, गुरमीत सिंह की पत्नी परवीन कौर का कहना है कि उनके बेटे का कद 7 फुट है। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार मेरे काम में भी काफी मदद करता है। जब हम कहीं घूमने या शादी में जाते हैं, तो लोग हमारे साथ फोटो खिंचवाते हैं। पहले लोग हमारा काफी मजाक भी उड़ाते थे, लेकिन सोशल मीडिया पर आने के बाद लोग हमारे परिवार के कद को देखकर काफी हैरान और खुश होते हैं। परवीन कौर ने कहा कि हमने डॉक्टर से भी कद को लेकर बात की, उन्होंने कहा कि आपके बेटे का कद 7.3 फुट तक जा सकता है।


## पाठक पाती

# स्थिति को संभालने एकजुटता आवश्यक, कटाक्ष का समय नहीं

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा निंदनीय है। लोगों के घरों में आग, महिलाओं से दुर्व्यवहार और पुरुषों को पीटे जाने की वजह से 500 से अधिक हिंदुओं ने पलायन कर लिया है। हथियारों से लैस हमलावरों ने लोगों के घरों में घुस उनसे मारपीट की और उनके माफी मांगने पर भी नहीं छोड़ा जिस वजह से लोगों ने नदी पार भाग कर जान बचाई। हालात इतने तनावपूर्ण हैं और 1600 जवानों को तैनात किया गया है। ऐसे में कांग्रेस का कहना कि भाजपा जहां चाहती है वहां दंगे करवाती है और पश्चिम बंगाल की सीएम नाटक कर रही हैं, शर्मसार है। ऐसा लगता है कि विपक्ष ने सरकार पर तंज कसने का ठेका ले लिया है और बगैर कोई वक्त, और माहौल देखे कटाक्ष करने से बाज नहीं आते। ऐसी स्थिति में मानवता के तौर पर मिल कर लोगों की जान बचाना, हिंसा को रोकना और जरूरी निर्णय ले उन्हें अमल में लाना चाहिए न कि अभद्र टिप्पणियां करनी चाहिए। लोगों को सुरक्षित रखना इस समय सर्वोपरि है।

-अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com



# 'डॉ अम्बेडकर के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत'

## जिले में मनाई डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में सोमवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। जगह जगह पर डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि एवं मात्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कई स्थानों पर विचार गोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जिसमें वक्ताओं ने युवाओं को डॉ अम्बेडकर के आदर्शों को आत्मसात करने की सीख दी। जिला मुख्यालय पर भाजपा नगर मंडल की ओर से अंबेडकर सर्कल पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने मात्यार्पण किया। इससे पूर्व संध्या पर कार्यकर्ताओं द्वारा दीपोत्सव कार्य म किया गया। सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि आज हम सब यहां एक महान व्यक्ति त्व को याद करने के लिए इकट्ठा हुए हैं। जिनका नाम सुनते ही भारत के संविधान, सामाजिक न्याय और समानता की भावना हमारे मन में जाग उठती है। डॉ अंबेडकर ने समाज में सामाजिक समरसता को कायम रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण ओझा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नारायण देवासी, मंडल अध्यक्ष चिराग रावल, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल चारण, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गोपाल माली, महामंत्री रामलाल मेघवाल, बाबूसिंह, नगर मंत्री राजेंद्रसिंह चौहान, कैलाश मेघवाल, गोविंद सैनी, लुंबाराम राणा, ललित प्रजापत, अजय भट्ट, भंवर माली, प्रवीण राठौर, शंकरसिंह परिहार, प्रकाश मेघवाल, कल्पना पुरोहित, महेंद्रसिंह परिहार, रामेश्वर कंसारा, सुरेश हरिजन सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं, नेहरू युवा केंद्र ने अम्बेडकर की जयंती मनाई। मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेंद्र पुरोहित ने अम्बेडकर के जीवनी पर प्रकाश डाला। मेघवाल समाज विकास संस्थान 22 परगना के वीराराम ने युवाओं को डॉ अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर देश के विकास में योगदान के लिए प्रेरित किया। समिति के उपाध्यक्ष रमेश कुमार बामनिया ने बाबा साहेब की जीवनी एवं उनके कार्य, संविधान पर विस्तृत जानकारी दी। केन्द्र से हीराराम माली, संदीप सूर्याल, प्रदीप कुमार, मंछाराम, रघुनाथ, विजय आदि मौजूद थे। उधर, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस राष्ट्रीय सेवा समिति, केन्द्र एवं राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में डॉ अम्बेडकर की जयंती देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय कोलर में मनाई। मुख्य अतिथि लुम्बाराम मेघवाल, अध्यक्षता विद्यालय के संस्था प्रधान लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित तथा विशिष्ट अतिथि कनिष्ठ अभियंता पाताराम मेघवाल रहे। सभी ने अम्बेडकर की प्रतिमा पर मात्यार्पण कर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से उनका आभार प्रकट किया गया। छात्रा मनीषा चौधरी, सविता कुमारी, किरण देवड़ा, रंजना जीनगर ने अम्बेडकर की जीवनी पर अपने विचार व्यक्त किए। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मेघवाल ने अम्बेडकर के जीवन वृतान्त से उपस्थित समुदाय को अभिभूत करवाया। संस्था प्रधान राजपुरोहित, नरेश कुमार जीनगर, कालुराम देवासी, सुश्री बिन्दु रावल आदि मौजूद थे।











**मंडार।** डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पर प्रबुद्ध जनों -की विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्तओं ने अपने अपने विचार रखने के साथ युवाओं को आगे बढ़ने की सलाह दी गई। मफतलाल बुनकर ने अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। धरा बाबा मंदिर परिसर से भव्य रैली निकाली गई। मेघवाल वास से रैली का आयोजन किया गया। रैली में युवाओं द्वारा जय भीम के नारे लगाए। टैक्सी यूनियन द्वारा शीतल पेय की व्यवस्था की गई। वहीं मैन बाजार में व्यापारी मंडल ने पुष्प वर्षा की गई । मंडार पूर्व सरपंच परबतसिंह देवड़ा, लवजीराम मेघवाल, सेवानिवृत्त अध्यापक लवजीराम, अध्यापक कांतिलाल, शंकरलाल, रमेश कुमार, हिराराम, लालाराम, अमराराम बुनकर, शंकरलाल बुनकर, जयंतीलाल जीनगर, पोपट मेघवाल, चेतन मेघवाल, कुशाल मेघवाल, निलेश, थानाराम, समरथमल बुनकर एवं रमेश कुमार बुनकर आदि मौजूद रहे।







**आबूरोड।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को विभिन्न संगठनों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा व कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर की 134वीं जयंती पर अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने अंबेडकर की प्रेरणादायी जीवन यात्रा और सामाजिक समरसता के लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। बाबू भाई पटेल, जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, अजय वाला, पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंहल, दीपक कुमार, प्रेमसिंह लोधा, दिनेश कुमार, विक्रमसिंह, पार्षद रितेशसिंह चौहान, दीपक कुमार, अमरसिंह,रमेश वैष्णव, मोहन बंजारा, दिलीप सोनी, राधेश्याम शाक्य, भूपेंद्र सांम्बरिया, विष्णु मारू, गोविंद मखीजा, अजय ढाका, मनीष लखारा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अमित जोशी, जेपीसिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हाजी वजीर पठान, महामंत्री हाजी नूर मोहम्मद सेवादल के अध्यक्ष जसाराम मेघवाल की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पार्षद सुमित जोशी, अजलि जोशी, दिनेश मेघवाल, सुनील खोत, राहुल बारोट यूथ कांग्रेस के हैदर पठान, हरिओम शर्मा, दलाराम जोगसन, मोहम्मद असलम, गजेंद्र काग, नारायण परिहार, हीरसिंह आदि उपस्थित थे। नगर व ब्लॉक कांग्रेस के तत्वावधान में बाबा साहब की जयंती मनाई गई। मानपुर में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। नगर कांग्रेस अध्यक्ष नरगिस कायमखानी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन भारत में समानता, स्वतंत्रता व बंधुत्व की भावना को समर्पित था। ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बंजारा ने कहा कि बाबा साहब की जयंती समानता, न्याय और शिक्षा के प्रतीक के रूप में मनाई जाती है। नेता प्रतिपक्ष कांतिलाल परिहार, जिला कांग्रेस महासचिव शिवशंकर शर्मा ने विचार व्यक्त किए। सुभाष चौधरी, पार्षद शमशाद अली अब्बासी, कैलाश माली, किरण रैगर, सेवादल महिला जिलाध्यक्ष पूजा राणा, दीक्षा पारवानी, नीना परिहार, नरपतसिंह, भूपेन्द्रसिंह, आकाश चौहान, शेर मोहम्मद, रविन्द्र सलूजा, आमिर कायमखानी, मोहन प्रजापत, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद फारुख, कांतिलाल प्रजापत, देवीलाल भाटी, न्यूमन संजय, शंकरलाल परिहार आदि उपस्थित थे। उधर, भाजपा मंडल सियावा अध्यक्ष मुकेशसिंह डाभी के नेतृत्व में दीपोंत्सव कार्यक्रम मनाया गया। मावल में दीपोत्सव कार्यक्रम में संयोजक कुलदीप परमार, भैंसासिंह सरपंच दिनेश राणा, वासडा सरपंच ईश्वर कुमार दीपोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की। सियावा मंडल अध्यक्ष डाभी, सरपंच राणा, गणेश देवासी ने विचार व्यक्त किए। सियावा मंडल पूर्व महामंत्री गेनाराम गरासिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। भाजपा जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष करण मेवाड़ा, तुषार त्रिवेदी, सवाराम कीर, छगन कीर, चतरा, भबूता, चमना, अण्दा, रमेश कुमार, जोगाराम, भेराराम आदि मौजूद थे। डॉ.अंबेडकर सेवा समिति ने मानपुर में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं केक काटकर जयंती मनाई गई। पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण, तहसील अध्यक्ष गणपत मेघवाल, कैलाश डांगी, राजेंद्र परमार, मनीष बैरवा, कपिल बावल, लक्ष्मण जोगशन, भरत डांगी आदि मौजूद थे। जन चेतना संस्थान की ओर से पंचायत व राजस्व गांव स्तर पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर संविधान की शपथ दिलाई गई। जिसमें 475 से लोगों की भागीदारी रही। रॉयल राजस्थान पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने डॉ अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी। छात्रों, शिक्षकों शैक्षिक प्रभारी व अध्यक्ष दीपक पाठक की उपस्थिति में न्याय, समानता, शिक्षा के लिए उनके योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया गया।



**रेवदर।** अम्बेडकर सेवा समिति, अनुसूचित जाति- जनजाति एवं संविधानप्रेमी तहसील की ओर से अम्बेडकर जयंती मनाई। सवेरे शोभायात्रा निकाली गई। अम्बेडकर सेवा समिति के बलवंत मेघवाल ने बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। सरेसी माता मंदिर में अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। विधायक मोतीराम कोली, जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, प्रदेश मंत्री भाजपा प्रकाश मेघवाल, प्रधान राधिका देवासी, पूर्व जिला परिषद अमराराम मेघवाल, पूर्व प्रधान पूंजाराम डाबी, संघ के विभाग सह कार्यवाह अनिल कुमार, कांतिलाल कोली, मगन कोली, अशोक मेघवाल, आयोजक समिति के भरत मेघवाल, शान्तिलाल धर्मानी ने प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण किया। डीजे की धुन और आदिवासी परंपरागत नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा सरेसी माता मंदिर से रवाना हुई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए फिर से सरेसी माता परिसर में आने पर समापन हुआ। डीएसपी मनोज गुप्ता, थानाधिकारी सीताराम मय जाब्ता भी तैनात रहा। वहीं डॉ अम्बेडकर समारोह समिति एवं राजस्थान ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से आदर्श विद्या मंदिर अंबेडकर जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अगराराम चौधरी, विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार व मुख्य वक्ता अनिल कुमार सामाजिक कार्यकर्ता - सह विभाग प्रचारक रहे। मुख्य वक्ता अनिल कुमार ने भीमराव अंबेडकर के जीवन से परिचय करवाया उनके जीवन के संघर्षों को याद किया। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर एक समाज सुधारक थे। जिन्होंने हिन्दू समाज में कई सुधार के प्रयास किए थे। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, भूपेश कुमार ओझा, रावताराम, रामसिंह, संजय दवे कसनाराम, रेवाशंकर छिपा, सचिन, जितेन्द्र कुमार, प्रकाश मेघवाल, हरीश लोहार, भगवान चौधरी, अनीता बाकोलिया व अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।









**सरुपगंज।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती अंबेडकर सेवा समिति की ओर से मेघ ऋषि धारुजी पुस्तकालय मेघवाल समाज धर्मशाला में मनाई। यहां विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अंबेडकर सेवा समिति नगर अध्यक्ष अमराराम उर्फ अमन मेघवाल, सामाजिक कार्यकर्ता गोरधन मोहरेशा ने विचार व्यक्त कर वर्तमान परिदृश्य समाजिक एकता एवं शिक्षित बनने संगठित रहने एवं संघर्ष करने पर जोर दिया। नीलम, भानु, शारदा, जशोदा, डिंपल, मनोज परमार, मनोज बी. परमार, विष्णु मोहरेशा, प्रवीण रोहिन, राकेश परमार, जयंतीलाल परमार, दिलीप परमार, त्रिलोक, प्रहलाद, हरीश राठौड, अंबालाल डाबी, घनश्याम, भरत डाबी, प्रवीण डाबी, पृथ्वीराज, निलेश डाबी ने भाग लिया।



**पिण्डवाड़ा।** भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष संतोष गहलोत और झाड़ोली मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र देवासी के तत्वावधान में अम्बेडकर जयंती मनाई। भाजपा सयोजक तगाराम परमार एवं जिला सयोजक भंवर मेघवाल ने बताया की अम्बेडकर ने वंचित एवं शोषित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्ती भूमिका निभाई है। पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष महावीर यति, महामंत्री कालूराम सेन, शांतिलाल रावल, हिम्मत रावल, नूरल हयात, रमेश चौहान, रमेश गवारिया, महेंद्रसिंह डाबी, कमलेश गर्ग, माधूराम देवासी, कमलेश राजगुरु, ईश्वर खंडेलवाल, दिलीप जैन, जयंती प्रजापत, अर्जुन राजपुरोहित, महेंद्रसिंह डाबी, पूर्व पार्षद शंकर घांची, तिलोक प्रजापत, कल्पेश सोनी, सुरेंद्रसिंह, शक्तिपालसिंह एवं दिग्विजयसिंह आदि मौजूद थे। उधर, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय, भाविप, राजस्थान ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय जन चेतना नया सिरोही के संयुक्त तत्वाधान में अम्बेडकर की जयंती सन्यांस आश्रम पिण्डवाड़ा के समाधान पुरी के सानिध्य तथा यूआईटी के कनिष्ठ अभियंता अभिषेक के मुख्य वक्ता की उपस्थिति में मनाई गई। सभी ने अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शिक्षक संघ के विजय प्रकाश गौतम कार्यक्रम के उद्देश्य सामाजिक समरसता की भावना के विषय मे भूमिका प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने भारतीय संविधान निर्माण में बाबा साहब की भूमिका अविस्मरणीय है, राष्ट्र की एकता व अखंडता को उन्होंने सदैव सर्वोपरि रखा। विशिष्ट अतिथि मनोहरलाल, शंकरलाल परिहार, डॉ विजय कुमार, धर्माराम गरासिया, कार्यक्रम अध्यक्ष राठौड, फाउडेशन के डाबी आदि अम्बेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष विजय प्रकाश गौतम ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय शिक्षक संघ उपाध्यक्ष पाली संभाग शैतानसिंह राठौड, मुख्य अतिथि तहसीलदार शंकरलाल परिहार, विकास अधिकारी नवलराम, विशिष्ठ अतिथि नेत्र विशेषज्ञ जगदीश आर्य, राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्माराम गरासिया, नायब तहसीलदार अचलाराम, बीइइओ सुरेश कुमार प्रजापत, डॉ रमेश खण्डेलवाल, डॉ सीराम, भामस के प्रभुराम गरासिया, हिंदूराम, प्रधानाचार्य मनोहरलाल दहिया, डॉ विजय कुमार, मदनलाल रावल, सोमाराम प्रजापत, महेंद्रसिंह, भेराराम पटेल, धनराज पुरोहित, लादूराम गरासिया, अरविंद गरासिया, महेश व्यास, ईश्वरसिंह, मनोज शर्मा, नितेश कुमार, राकेश कुमार, ईश्वरसिंह, सौरभ रावल, सुरेश कुमार सोनी, तिलकराम प्रजापत, धर्माराम गहलोत, गोपाल प्रजापत, सुखराज खंडेलवाल, भूराराम बलाई, लक्ष्मीनारायण खंडेलवाल, प्रतापराम प्रजापत, भूपेंद्र कुमार पुरोहित, मोतीलाल गहलोत, वैभव कुमार,भीमसिंह, शैलेश कुमार, अशोक रावल, मगनलाल प्रजापत और नारायणलाल पुरोहित सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एवीएम के आचार्य राजेंद्र राठौड़ ने कार्यक्रम का संचालनकिया। इसके बाद रैली भी निकाली गई।

**जावाल।** भील समाज झोरा परगना के पंच पटेलों ने डॉ अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई। वक्ताओं ने सम्बोधित भी किया। बिरसा मुंडा, राणा पुंजा, काली बाई भील को भी याद किया।



# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दिए संकेत, दंडित होंगे ज्ञानदेव आहूजा

## ▸▸ जो जवाब आया, उसे अनुशासन कमेटी को भेजा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंदिर में गंगा जल छिड़ककर विवादों में घिरे पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को दंडित किए जाने के संकेत दिए हैं। सोमवार को जोधपुर दौरे के दौरान मीडिया से बात करते हुए इस मुद्दे पर पार्टी का मत स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा सदस्य बनने की पहली शर्त यही है कि मैं किसी भी तरह की अस्पृश्यता बर्दाश्त नहीं करूंगा। लिंग, जाति, धर्म का भेदभाव नहीं करुंगा। किसी व्यक्ति ने जो कुछ भी गलत काम किया, उस पर तत्काल कदम उठाया और निलंबित कर जवाब तलब किया। जो जवाब आया उसे अनुशासन कमेटी को सौंप दिया गया है। दंडित किया जाएगा लेकिन उससे पहले प्रक्रिया पूरी करना होती है।




### राठौड़ ने कहा-सुनवाई का पूरा अवसर दिया

राठौड़ ने कहा कि जैसा कि किसी भी दल हो, किसी को भी दंडित करने से पहले सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाता है, उसके बाद निर्णय होता है। कानून में भी ऐसा ही होता है। मुझे लगता है...दंडित किया जाएगा...लेकिन मैं अध्यक्ष होने के नाते पहले ही कुछ कहूं, वो न्यायसंगत नहीं होगा। इस बातचीत में राठौड़ ने आहूजा की ओर से दिए जवाब का भी जिक्र करते हुए कहा कि उनका कहना था कि जाति को लेकर वे भेदभाव नहीं करते।

### वक्फ की संपत्ति का लाभ जरुरतमंदों को मिलेगा

केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने वक्फ संपत्तियों को लेकर कहा कि देश में सर्वाधिक संपत्तियां वक्फ के पास है, लेकिन अब तक चुनिंदा लोग ही इसका फायदा उठा रहे थे। इसीलिए इस कानून में संशोधन करने की जरुरत पड़ी है। जरुरतमंद तबकों को इसका फायदा पहुंच पाएगा। वक्फ संपत्तियों से होने वाली आय का उपयोग भी उसी समाज के लोगों पर किया जाएगा।

# सिणधरी में नशा तस्करी पर पुलिस का वार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** सिणधरी पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत एक बड़ी कार्रवाई में डोडा-पोस्त का अवैध कारोबार करने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 14 दिनों से फरार चल रहा था। थानाधिकारी देव किशन के नेतृत्व में पुलिस ने 31 मार्च को दो अलग-अलग चाय की दुकानों पर छापेमारी की। पहली कार्रवाई में टाकूबेरी निवासी सांवलाराम को शनिदेव होटल से गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्रवाई में सिणधरी चौसिरा स्थित एक चाय की दुकान पर छापा मारा गया। यहां से दुकान संचालक सोनाराम फरार हो गया था। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमे दर्ज किए। फरार आरोपी सोनाराम की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सोनाराम को पकड़ लिया। वह सिणधरी थाने के टॉप-10 अपराधियों में शामिल था। इस कार्रवाई में कॉन्स्टेबल लाभूराम, सुखदेव और जोगेन्द्र कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस अब नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।



# पूर्वमंत्री हरीश चौधरी ने शुरू की 'थार की बात' मुहिम

## ▸▸ धरोहरों का संरक्षण और मंच प्रदान करना उद्देश्य

**बाड़मेर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और बाड़मेर के बायतु से विधायक हरीश चौधरी ने थार की बात मुहिम शुरू की है। इसका मकसद थार मरुस्थलीय क्षेत्र (बाड़मेर-बालोतरा-जैसलमेर) की सांस्कृतिक धरोहर, अपनापन, इतिहास, संगीत और पर्यावरण को संरक्षित करना और वैश्विक मंच पर पहचान दिलाना है। रविवार रात को हरीश चौधरी बाड़मेर में बनिया सांधा के धोरों के बीच टांके पर बैठकर मुहिम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने टांकों के जरिए जल संरक्षण को लेकर एक वीडियो भी लॉन्च किया। कहा कि टांके बनाना उस वक्त मजबूरी थी, लेकिन यह मजबूती बन गई है। विधायक हरीश चौधरी ने कहा- आज थार जिस जगह खड़ा है वह रेत नहीं संघर्ष, ज्ञान एवं उम्मीद की धरती है। हमारे पूर्वजों ने तमाम अभावों के बावजूद संतोषजनक जीवन जीया है। वो हम दुनिया को थार की बात के माध्यम से बताना चाहते हैं। थार की बात के जरिए हम थार के उन सभी पहलुओं चाहे प्रकृति, सांस्कृतिक, लोक देवता तमाम चीजों को जोड़ने का प्रयास करेंगे। यह मुहिम सब लोगों की मुहिम है। इस मुहिम की शुरुआत थार के टांको से की है। यह थार के टांकों की मुहिम एक तरफा नहीं है। थार के लोगों से अपील है



कि आप सभी जीवन पद्धति में सबसे अहम अपने टांके की है। इस मुहिम के जरिए दुनिया को बताकर जोड़ो। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कड़वासरा ने अपनी स्पीच में कहा कि- यहां पर अभावों से शुरुआत हुई थी। उन्होंने हमें बहुत कुछ दिया है। इन्होंने हमें सांस्कृतिक, वनस्पति विरासत दी है। थार के टांके हमें विरासत के रूप में मिले हैं। यह हमारी मजबूरी थी लेकिन आज यह मजबूती है। आज जहां हर जगह जल का संकट है उस संकट में जो कुछ अवेलेबल पानी के स्त्रोत हे। उसमें थार के निवासी अच्छा पानी पी रहे है।

### थार की आत्मा को सहेजने की पहल

विधायक ने थार को सहेजने की एक पहल की है। थार की बात कैंपेन थार क्षेत्र की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक विशेषताओं को उजागर करने का एक सशक्त मंच है। यह अभियान न केवल थार के गौरवशाली अतीत को याद करने का अवसर है, बल्कि वर्तमान में हो रहे बदलावों और भविष्य की संभावनाओं पर भी प्रकाश डालता है। हरीश चौधरी का यह प्रयास थार के लोगों में अपनी जड़ों के प्रति गर्व की भावना जागृत करने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का एक सुनहरा अवसर है। थार का रेगिस्तान अपनी अनूठी संस्कृति, रंग-बिरंगे लोकनृत्यों, मधुर लोकसंगीत, और आतिथ्य की परंपरा के लिए विश्वविख्यात है।

# मुंबई के दलाल ने जोधपुर में की ठगी



■ RTO में रजिस्ट्रेशन के दौरान खुलासा

**जोधपुर।** जोधपुर के एक शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष को वाहन बेचने के नाम पर एक गिरोह ने फर्जी इंजन और चेसिस नंबर से बस बेच डाली। जब आरटीओ में इसके रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया तो रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ। तब इस पूरे मामले की पोल खुली। अब इसको लेकर भगत की कोठी थाने में मधुबन हाउसिंग बोर्ड निवासी मुकेश राजपुरोहित ने मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि पिछले साल दिसंबर में मुंबई में मकसूद नाम के दलाल के जरिए पुरानी मिनी बस खरीदने का सौदा किया गया था। इसमें बस का मालिक मुंबई निवासी डिसूजा बताया गया। बस को आगे अशोक यादव और अशोक ने बस शेख सादिक को बेची थी लेकिन किसी ने बस अपने नाम ट्रांसफर नहीं करवाई थी। दलाल की बातों में आकर पीड़ित ने उसे 650000 ऑनलाइन जमा करवा दिए। जबकि एनओसी के 65000 शेख सादिक शेख और 20000 दलाली के लिए मकसूद को दिए गए थे। इसके बाद नाम ट्रांसफर और रजिस्ट्रेशन के लिए एनओसी जोधपुर के आरटीओ में पेश की। आरटीओ की ओर से वेरिफिकेशन के लिए बस बनाने वाली कंपनी को ईमेल भेजा तो इंजन नंबर और चेसिस नंबर की बस का निर्माण नहीं होने का पता चला। जांच में सामने आया कि बस के इंजन और चेसिस नंबर दोनों ही फर्जी है। इस पर जब उसने दलाल और अन्य से संपर्क करने का प्रयास किया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया इसके बाद मामला दर्ज करवाया गया।

# जय भीम के नारों से गूंजा जैसलमेर

## ▸▸ आंबेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में भी बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर सोमवार को शोभायात्रा का आयोजन हुआ। यह शोभायात्रा शहर के हनुमान चौराहा से रवाना हुई जो मुख्य मार्ग गांधी चौक, सदर बाजार, गोपा चौक होते हुए गड़ीसर चौराहा स्थित आंबेडकर पार्क पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत भी हुआ। शोभायात्रा के दौरान जय भीम के नारों से जैसलमेर गुंजायमान हो उठा। इस दौरान शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। जहां लोगों ने जय बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जय घोष के नारे लगाए।



## DJ की धुन पर युवाओं ने किया डांस

■ **बाड़मेर।** जिले भर में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती हर्षोल्लास मनाई जा रही है। आंबेडकर सर्किल से जन जागरण रैली निकाली गई। वहीं भगवान महावीर टाउन हॉल में मुख्य समारोह, विचार गोष्ठी व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, एएसपी नितेश आर्य, बीजेपी जिलाध्यक्ष अनंतराम विश्नोई, भाजपा नेता लक्ष्मण बडेरा, नगर परिषद आयुक्त सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



बड़ी संख्या में युवा-युवतियां रैली में शामिल हुई

सर्व समाज व विभिन्न संगठनों एवं अंबेडकर जयंती समारोह समिति के संयुक्त तत्वाधान में चौहटन रोड स्थित अंबेडकर सर्किल पर चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, एएसपी जसाराम बोस, एसडीएम वीरमाराम मेघवाल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण की। वहां से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शहर के मुख्य मार्गों से निकली।

### रैली में रथ, डीजे और युवा बाइकों पर सवार

प्रोग्राम के मुख्य अतिथि विधायक आदूराम मेघवाल, मुख्य वक्ता बगरू विधायक कैलाश वर्मा, एएसपी नितेश आर्य, जसाराम बोस, संयोजक विमला बृजवाल, जटिया समाज के अध्यक्ष सुरेश जाटोल, डॉ. राहुल बामणिया, छगनलाल जाटोल मौजूद रहे। समारोह में बगरू विधायक कैलाश वर्मा ने कहा कि- बाबा साहेब के सिद्धातों पर चलकर अपने आप को इतना मजबूत करें। शिक्षा सेहत के लिए दूध के समान है, जो पीएगा वो मजबूत होगा।

# जोधपुर में बाल विवाह की सूचना से हड़कंप


**जोधपुर।** जोधपुर में एक बाल विवाह का मामला सामने आया। जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना मिलने पर एसडीएम और पटवारी मौके पर पहुंचे। मामला बासनी थाना क्षेत्र के भोमियाजी कॉलोनी का है। सोमवार सुबह 9 बजे बासनी थाना क्षेत्र की पुलिस को इसकी सूचना मिली थी। बासनी थाना अधिकारी नितिन दवे ने बताया कि सूचना मिली कि सांगरिया इलाके में नाबालिग की शादी की तैयारी की जा रही है। इस पर हम मौके पर पहुंचे। यहां लड़की के पिता ने बताया कि उनके यहां बालिग लड़की की शादी की जा रही है, जबकि नाबालिग लड़की की शादी नहीं की जा रही है। थाना अधिकारी ने बताया कि बच्चियों की उम्र से संबंधित डॉक्यूमेंट मांगे गए और उनकी जांच की गई। लड़की के पिता को भी पाबंद किया गया कि वो नाबालिग बच्ची की शादी नहीं करे। इसके अलावा कानून के बारे में भी बताया गया। बासनी थाना अधिकारी नितिन दवे ने बताया कि आयोजकों से उम्र संबंधित दस्तावेज भी मांगे गए हैं। इसके अलावा एसडीएम और पटवारी को भी सूचना दी गई थी। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।



# जैसलमेर में पकड़ा गया पीवणा सांप

## ▸▸ जहरीले स्नैक को 25 मिनट में किया रेस्क्यू

**जैसलमेर।** पश्चिमी राजस्थान में खौफ का प्रयाय है पीवणा सांप। जैसलमेर। पश्चिमी राजस्थान में खौफ का प्रयाय है पीवणा सांप। जैसलमेर के घंटियाली गांव में रविवार रात एक दुर्लभ प्रजाति का पीवणा सांप नजर आया। बाथरूम में घुसे पीवणा सांप को देखकर घरवालों के होश उड़ गए। जैसलमेर शहर से स्नेक कैचर प्रेम चौधरी को बुलाया गया। पीवणा सांप को पकड़ने के लिए स्नेक कैचर प्रेम ने करीब 100KM की यात्रा की और घंटियाली गांव पहुंचे। वहां उन्होंने दुर्लभ पीवणा सांप को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा। प्रेम ने बताया कि ये एक दुर्लभ प्रजाति का सांप है और इस सांप के तीखे दांतों की वजह से पश्चिमी राजस्थान में इसका खौफ रहता है। किसी इंसान को काटने के 2 से 6 घंटे के अंदर उसकी मौत हो सकती है। पीवणा सांप के जहर को बेअसर करने में दवाइयां भी नाकाम हो रही हैं। प्रेम ने बताया कि घंटियाली गांव में सवाई सिंह भाटी के घर बाथरूम में नजर आए सांप को पीवणा कहते हैं। इसको मैंने भी पहली ही बार देखा है और पकड़ा है। ये बहुत ही फुर्तीला है और केवल रात को ही शिकार के लिए बाहर निकलता है। इसके दांत बहुत बारीक होते हैं इसलिए इसके काटने पर इंसान को पता ही नहीं चलता है



### पीवणा सांप की जानकारी

पीवणा सांप, राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में पाया जाने वाला सांप है। इसे कॉमन करैत भी कहते हैं। यह सांप रात में ज्यादा सक्रिय रहता है। यह इंसानों की गर्मी पसंद करता है और उनके बिस्तर पर चढ़ आता है। छोटे दांतों की वजह से काटने पर निशान नहीं दिखता। इसका जहर कोबरा से ज्यादा खतरनाक होता है। इसके डसने के बाद खून का थक्का जमता है और सांस लेने में दिक्कत होती है। काटने के 2 से 6 घंटे के अंदर व्यक्ति की मौत हो सकती है। पीवणा सांप के जहर को बेअसर करने में दवाइयां नाकाम हो रही हैं।

# व्यापार जगत

### सोना पहुंच सकता 1.30 लाख प्रति 10 ग्राम

# मंदी की आशंका के बीच सोने में बढ़ रहा निवेश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण मंदी की आशंका भी बढ गई है। ऐसे में लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना इंटरनेशनल मार्केट में 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.30 लाख रुपए तक जा सकते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने ये अनुमान जारी किया है।



### सोने को लेकर तीन अनुमान

**पहला अनुमानः** फरवरी 2025 में गोल्डमैन ने सोने के 3,100 डॉलर प्रति औंस तक की संभावना जताई थी।
**दूसरा अनुमानः** मार्च 2025 में जारी किए गए अनुमान में गोल्डमैन ने सोने के 3,300 डॉलर प्रति औंस तक जाने की संभावना जताई थी।
**तीसरा अनुमानः** अप्रैल 2025 में जारी किए गए अनुमान में गोल्डमैन ने सोने के 3,700 डॉलर प्रति औंस तक जाने की संभावना जताई है।

### ट्रेड वॉर से बढ़ा खतरा

अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ गई है। ऐसे में लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब रुपया कमजोर होता है तो इसे इंपोर्ट करने में ज्यादा पैसे खर्च होते हैं।

# उत्तर प्रदेश में 300 एकड़ जमीन खरीद रही फॉक्सकॉन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** एपल के लिए आइफोन, आइपैड और मैक बुक जैसे प्रोडक्ट्स असेंबल करने वाली कंपनी प्रोडक्ट्स फॉक्सकॉन उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में 300 एकड़ जमीन खरीदने जा रही है। यमुना एक्सप्रेसवे के पास इस जमीन पर कंपनी मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट बनाएगी। फॉक्सकॉन का उत्तर भारत में पहला प्लांट होगा और बेंगलुरु में बनी मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी बड़ी होगी। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा प्लांट हो सकता है। सोमवार को इकोनॉमिक टाइम्स ने यह जानकारी दी है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब ताइवान की कंपनी और एपल चीन पर लगाए गए टैरिफ से बचने के लिए भारत में सप्लाई चेन बनाने पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी इसको लेकर सरकार के साथ बातचीत कर रही है। फिलहाल यह तय नहीं है कि इस मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी में क्या बनेगा। यह जमीन एचसीएल-फॉक्सकॉन के सेमीकंडक्टर बनाने वाली 50 एकड़ के प्लांट के पास है, जो एचसीएल-फॉक्सकॉन के सेमीकंडक्टर असेंबली सुविधा के लिए 50 एकड़ के प्लांट के करीब है। मार्च में, यह बताया गया था कि सरकार भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम)के पहले चरण के तहत पेंडिंग सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स के लिए प्रपोजल्स के अगले सेट को मंजूरी देने के अंतिम चरण में है। अमेरिकी कंपनी एपल और ताइवान कंपनी फॉक्सकॉन के बीच लंबे समय से पार्टनरशिप है। 2000 के दशक की शुरुआत से, ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी फॉक्सकॉन एपल की प्रायमरी सप्लायर रही है, जो आइफोन, आइपैड और मैक बुक जैसे प्रोडक्स्ट्स असेंबल करती है। दोनों की साझेदारी में एपल सॉफ्टवेयर और डिजाइन पर फोकस कर पाती है। जबकि फॉक्सकॉन हाई वॉल्यूम और प्रिसिजन मैन्यूफैक्चरिंग को संभालती है।




# आज बाजार खुलते ही इन स्टॉक्स में दिखेगा एक्शन

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर सेक्टर पर टैरिफ के बयान के बाद मंगलवार को कई शेयरों में एक्शन देखने को मिल सकता है।ट्रंप ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा कि वह इस हफ्ते इंपोर्टेड सेमीकंडक्टर्स पर टैरिफ का एलान करेंगे। उन्होंने लिखा, हम सेमीकंडक्टर्स और पूरी इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन की राष्ट्रीय सुरक्षा टैरिफ जांच कर रहे हैं.र शुक्रवार को ट्रंप ने स्मार्टफोन, लैपटॉप और PC जैसे कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स को चीन पर 125% और वैश्विक 10% टैरिफ से छूट देने की बात कही थी।लेकिन रविवार को उन्होंने साफ किया कि यह छूट अस्थायी है और ये प्रोडक्टस अब एक अलग टैरिफ कैटेगरी में शामिल किए जाएंगे।अमेरिका के कॉमर्स सचिव, हॉवर्ड लुटनिक ने कहा, रइन प्रोडक्ट्स पर अभी टैरिफ नहीं है, लेकिन सेमीकंडक्टर टैरिफ में शामिल होंगे, जो एक-दो महीने में आएंगे।



# रिटेल महंगाई 4% पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली।** खाने-पीने की महंगाई फरवरी में महीने-दर-महीने आधार पर 5.97% से घटकर 3.75% हो गई थी। खाने-पीने की महंगाई फरवरी में महीने-दर-महीने आधार पर 5.97% से घटकर 3.75% हो गई थी। मार्च में रिटेल महंगाई दर बढ़कर 3.8%-4% पर जा सकती है। इससे एक महीने पहले फरवरी में महंगाई 7 महीने के निचले स्तर 3.61% पर आ गई थी। वहीं जनवरी 2025 में महंगाई 4.31% थी। सांख्यिकी मंत्रालय मंगलवार को महंगाई के आंकड़े जारी करेगा। सब्जियों की कीमतों में मिलाजुला रुख है, जबकि सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यानी, खाने-पीने की महंगाई स्थिर रहने की उम्मीद है, लेकिन अन्य चीजों की महंगाई थोड़ी बढ़ सकती है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है।



### ▸▸ CPI से तय होती महंगाई

एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी सीपीआई करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, सीपीआई उसी को मापता है। कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मेन्युफेक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जिनकी रिटेल महंगाई दर तय करने में अहम भूमिका होती है।

# आप का राशिफल 15 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-3-5-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-2-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-5-6-8

# अम्बेडकर जयंती पर रैली निकाली, जयघोष के साथ जशन मनाया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जगह जगह जय भीम के जयघोष और रैली का सिलसिला चलता रहा। देर शाम तक आयोजनों की धूम रही।जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सुबह 11 बजे संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती का कार्यक्रम राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन ने डा.  की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। साथ ही सभी कांग्रेसजन ने उनके बताए गए मार्गों एवम आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।




इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जन अभियोग निराकरण समिति पुखराज पाराशर, जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, सवाराम पटेल,शहजाद अली,जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, वीरेंद्र जोशी, ईशराराम विश्नोई, जुल्फिकार अली,ब्लॉक अध्यक्षभोमाराम मेघवाल, नगराध्यक्ष मुमताज अली, लक्ष्मण सिंह सांखला, जवानाराम परिहार, मदनलाल दहिया, खसाराम मेघवाल, बलवंत राव, आम सिंह परिहार, मिश्रीमल गहलोत, हेमराज सुथार,अशोक परिहार, देवाराम सांखला, अनिल पंडत, महेंद्र सोनगरा,सोनाराम मेघवाल, बस्तीमल चौहान, सुरेश मेघवाल, भरत सुथार, बंशीलाल माली, कृष्ण कुमार वनिका, फूसाराम माली, जोगाराम सरगरा, सुरेश चौधरी, उम्मेद सिंह चारण, पुखराज माली,वाहिद मेहर सहित तमाम कांग्रेसजन मौजूद थे।

**रानीवाड़ा।** मालवाड़ा में संविधान निर्माता भारत रत्न  डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती संत पीथाराम आश्रम में मेघवाल सुधार समिति के तत्वावधान में मनाई गई। सर्वप्रथम बाबा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद  कस्बे के मुख्य बाजार में विशाल रैली का आयोजन किया गया। इसके बाद पुनः पीथाराम आश्रम में सभा का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने डॉ. भीमराव अंम्बेडकर द्वारा भारतीय संविधान में शोषित पीड़ित वर्ग की आवाज को बुलंद करने वाला बताया। जिसमे क्षेत्रीय विधायक रतन देवासी ने बाबा साहब का भारतीय समाज में योगदान व वर्तमान समय के सिद्धान्तों को अपनाने पर जोर दिया। वही पर पूर्व प्रधान रमीला मेघवाल ने डा. अम्बेडकर की ओर से महिला वर्ग के लिए किए गए उत्पानो का विस्तृत प्रकाश डाला, इस दौरान पूर्व विधायक जालोर अमृता मेघवाल ने भी अम्बेडकर जयन्ती के उपलक्ष पर अपने विचार रखे। वही पर मालवाड़ा सरपंच प्रदीपसिंह देवल ने भी सम्बोधित करते हुए डॉ. भीमराव अंम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। सरपंच ने मालवाड़ा के सूरजवाडा रोड पर संविधान सर्किल बनाने की घोषणा की है। इस मौके ब्लॉक अध्यक्ष जीवाराम चौहान सहित कई जने मौजूद थे।



**उधर** पंचायत समिति परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम मे पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, पूर्व प्रधान रमिला मेघवाल ने पहुचकर झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। प्रतिमा स्थल पर रानीवाड़ा तहसील क्षेत्र के कई गांवों से दलित पिछड़े वर्ग के युवाओं ने डा. अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। युवाओं ने आसमानी झंडों और गगनभेदी नारों के साथ समिति परिसर से रैली काशुभारंभ किया। रैली सरकारी अस्पताल, हाई स्कूल, गरबा चोक, सदर बाजार होते हुए वापस समिति परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान कार्य' म मे समाज को समानता का दर्जा दिलाने में अग्रणी रहे बाबा साहब का समाज ने दिल से सम्मान भी किया। इस मौके पर पूर्व सरपंच रिडमलसिंह डाभी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रमेश आजणा, प्रकाश सैन आजोदर, रमेशकुमार चौधरी, दिनेश गर्ग सहित सभी लोग मौजूद रहे।

**रामसीन।** जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से ग्रामीण एवम् सामाजिक विकास संस्था की ओर से  न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के तहत  सोमवार को भूतवास और रामसीन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर युवा मंडल एवं ग्रामीण समुदाय के लोगों द्वारा बाल विवाह के रोकथाम को लेकर रैली का आयोजन किया गया। साथ ही समस्त युवा ग्रामीण जन एवं जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से शपथ दिलवाई गई। और कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समस्त लोगों ने बाल युवा रोकथाम को लेकर संवेदनशील होते हुए आगामी आखातीज पर अपने-अपने समुदाय को जागृत करने का जिम्मेदारी व जवाबदेही ली गई। ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्थान से सामाजिक कार्यकर्ता ममता परमार ने अपने विचार व्यक्त किए और हस्ताक्षर करवा कर बाल विवाह नही करवाने की शपथ दी गई। इस अवसर पर जिला समन्वयक प्रवीण कुमार,  युवा मंडल, भीम सेना, मंडल, सहीत अन्य संस्थाओं के जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसी तरह कस्बे के सरिया देवी मंदिर में डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में सामाजिक समरसता का कार्य' म संबंधी संगोष्ठी रखी गई जिसमें कार्य' म की अध्यक्षता संत हरिरामदास महाराज ने की। विशेष अतिथि के रूप में बाबूलाल बोसीर, कार्य' म के मुख्य वक्ता जालोर विभाग के विभाग कार्यवाह दिनेश  ने बाबा साहब की जयंती पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को पाथेय प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रगतिशील शिक्षक संगठन, राजस्थान शिक्षक संगठन राष्ट्रीय, सामाजिक न्यास समिति, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर समिति, भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रामसीन खंड एवं अन्य पार्टियों, समाजसेवी संस्थाओं के प्रबुद्ध जन नागरिकों एवं दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने बढ चढकर भाग लिया। केशव भाई, हरिसिंह, खंड कार्यवाह वसाराम ने अपने विचार व्यक्त कर संगोष्ठी में मौजूद लोगों को लाभान्वित किया।






**भीनमाल।** डा. अंबेडकर की जयंती सोमवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान जगह जगह रैली निकालकर और डॉ. भीमराव अंम्बेडकर की प्रतिमा व तस्वीर पर माल्यार्पण कर याद किया गया। भीनमाल नगर में सोमवार सवेरे स्थानीय नीलकंठ महादेव मंदिर से रैली का आयोजन किया गया। जिसे विधायक डॉक्टर समरजीतसिंह, जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा, प्रधान श्रीमती किरण भारतीय व पूर्व नपा उपाध्यक्ष प्रेमराज बोहरा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर स्थानीय अम्बेडकर तिराहा पहुंची। यहां बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, आतिशबाजी व नारेबाजी का खुशी मनाई गई। इस दौरान आर्य समाज मंदिर व सनातन संस्कृति जागरण संघ के राव विक्रमसिंह आर्य व राजसिंह माली सहित अन्य कार्यकर्ताओं, विभिन्न राष्ट्रवादी व व्यापारिक संगठनों और सनातन धर्मप्रेमियों द्वारा शीतल जल, शर्बत की व्यवस्था और पुष्प वर्षा  कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता नरिंगाराम चौधरी निंबावास, बीएल सुखाड़िया, प्रभुराम पंचाल, ठेकेदार ओटाराम मेघवाल,कालाराम दादलियांन, अधिवक्ता दिनेश कुमार हेगड़े, सुरेश राणा, ओमप्रकाश खोरवाल, दलाराम काबावत, दिनेश कुमार जीनगर, रणजीत मौर्य,कानाराम पंवार, बुधाराम रागी व मांगीलाल रागी सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद थे। इस दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना अधिकारी रामेश्वरलाल भाटी के नेतृत्व भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इस प्रकार राज-स्थान शिक्षक संघ की ओर से शिक्षक नेता जयकरण खिलेरी के नेतृत्व में डा. अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय अम्बेडकर तिराहा पहुंच कर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया गया।



**जीवाणा।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर सोमवार सुबह जीवाणा में लोगों की खास भीड़ नजर आई। जय भीम, जय भीम के नारों से गूंज उठा। अतिथियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके रैली रवाना किया और बाबा साहेब के बताए सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की बात कही। डीजे धुन पर नाचते गाते झूमते जोश से लबरेज युवा यहां डांस करते नजर आए है। जीवाणा चौराहे से तालियाना सर्किल होते हुए मेन बाजार तक वाहन रैली निकाली गई।  चौराहे से वाहन र-ैली निकाली गई। पूरे रास्ते जोश से लबरेज युवा जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली तालियाना तिराहे, चौधरी मार्केट, मेन बाजार होते हुए होते हुए तालियाना रोड होते हुए मेंगलवा, बावतरा होते हुए सायला पहुंच संपन्न हुई। भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलसाराम चौधरी, जिला परिषद सदस्य रामाराम चौधरी, उप तहसीलदार भरत सोनी, जितेन्द्र सिंह जीवाणा, हस्तीमल तालियाना, अकबर खां, सुरेश कुमार, आलम खां, मानाराम, मीठालाल, उदाराम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, अर्पित की पुष्पांजलि

**सायला।** पुराना बस स्टेण्ड स्थित अम्बेडकर चौक पर सोमवार को भाजपा मंडल सायला द्वारा भारत रत्न, गरीबों के मसीहा, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जन्म जयंती पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने हमें विश्व का सबसे बडा संविधान दिया। उन्होंने हमेशा गरीबों एवं वंचितों की चिन्ता की तथा उनके शिक्षा व उत्थान के लिए प्रयास किया। जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने बाबा साहब के आदर्शों एवं सिद्धान्तों का अनुसरण करने की बात कही। मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा ने मंच संचालन करते हुए अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, दीपसिंह धनानी, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, महामंत्री मांगीलाल राजपुरोहित, मूलसिंह चंपावत, वागाराम मेघवाल, पूर्व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष वि' मसिंह दहिया, पूर्व सरपंच सुरेश राजपुरोहित, राजेंद्र माहेश्वरी, एससी मोर्चा अध्यक्ष हीराराम मेघवाल, एसटी मोर्चा अध्यक्ष पारसाराम राणा, एडवोकेट रमेश कुमार मेघवाल, निंबाराम मेघवाल, पोलाराम मेघवाल, रामलाल वीरा, लाखाराम चौराऊ, अर्जुन खरल, फताराम मेघवाल, थानाराम सरगरा सहित समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।





**सायला।** बाबा साहब अंबेडकर की 134वीं जयंती पर विशाल रैली का आयोजन किया गया। बागोड़ा तिराहे से शुरू हुई रैली में भारी तादाद में लोगों ने भाग लिया। रैली का जगह जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके रैली में शामिल लोग डीजे की धुन पर नृत्य करते नजर आए। युवाओं ने बाबा साहब के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए नारेबाजी की। इसके बाद रैली पुराना बस स्टैंड स्थित अम्बेडकर चौक पहुंची। जहां बाबा साहब की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान भारी भीड़ को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव खुद मौके पर पहुंचे तथा सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। रैली के बाद पंचायत समिति सभागार में आयोजित सभा में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवनी, उनकी सामाजिक सोच और संविधान में दिए गए विशेष अधिकारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान रानीवाड़ा पूर्व प्रधान रमिला मेघवाल, जीवाणा भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलसाराम चौधरी, अम्बेडकर सेवा समिति अध्यक्ष जोइताराम राणा, दीपाराम ओटवाला , कांतिलाल , गोकुलराम मोकनी, नोपाराम, भोलाराम बावतरा, अजमल राठौड़, पारसाराम परिहार, सुरेश परिहार, लालाराम, लचेन्द्र परिहार समेत भारी तादाद में लोग मौजूद रहे।

## निकाली वाहन रैली

**सांचौर।** अम्बेडकर सेवा समिति के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुई  वाहन रैली का आयोजन किया गया। जिसे महंत गणेशनाथ महाराज व विधायक जीवाराम चौधरी व दानाराम चौधरी की उपस्थित में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सेवा समिति के महासचिव कानाराम पारीक ने बताया कि अंबेडकर उद्यान में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन प्रशिक्षु आईपीएस कांबले शरण गोपीनाथ ने डा. अम्बेडकर के विचारों व संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं एडीटीओ नानजीराम गुलसर ने शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम प्राप्त करने के लिए उत्तरोत्तर आगे बढ़ना चाहिए, पूर्व सांसद देवजी एम पटेल ने भेद-भाव व जातिवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सभी को एक जाजम पर आने के लिए दो कदम आगे बढ़ना होगा। पूर्व विधायक हीरालाल विश्नोई ने कहा कि वर्तमान में संविधान को सुरक्षित रखने के लिए सभी वर्गों को संगठित होकर काम करना होगा , अध्यक्ष नरेश पातलिया ने सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में सेवा समिति विश्वास करती है। सुभाषचंद्र जीनगर ने कहा कि डा. अम्बेडकर के अथक प्रयासों का उल्लेख करते हुए शिक्षा व समाज सुधार के क्षेत्र में सहयोग किया जाए। इस अवसर पर केशाराम मेहरा, वेरसीराम पारेगी, अर्जुनलाल राणा, नारायणलाल, पोपटलाल धोरावत, भेराराम मांजू, बीरबल राम पूनिया, अमराराम माली, भंवरलाल खांभु, प्रवीण राणा, मसराराम गर्ग समाज, नेमीचंद खोरवाल, बाबूलाल चितारा, हमीराराम, लखमाराम सोलंकी, जगदीश सारण, अली मोहम्मद नागौरी, नरपतसिंह केरिया, पूराराम पारीक, जेताराम परमार, बुध्दाराम पांचल, मनीष धोरल, करण खोरवाल, रमेशकुमार जाटोल, विरधाराम गोयल, विरधाराम धायल, मनोहरदान चारण, हरिराम खिलेरी, पुरखाराम गोयल, मेवाराम बाजक, रमेशकुमार धोरावत, वचनाराम पातलिया, जयकृष्ण मेघवंशी, बाबूलाल पारेगी, रमेशकुमार



खानवत, रामलाल पांचल, विक्रम प्रसाद गवारिया, मोटाराम मेघवाल, श्रवणकुमार गवारिया, जयकिशन भील, पारसाराम राणा, पारसमल राणा, शांतिलाल राणा, हेमराज भील, प्रकाशचंद्र जीनगर, जयंतीलाल जीनगर, श्रवण सोलंकी, अमृतलाल सोलंकी, अशोक पारीक, प्रवीण बौद्ध सहित बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## बैठक में पदाधिकारियों का मनोनयन, बाबा साहब को किया याद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील ब्लॉक  के कार्यकारिणी पदाधिकारियों व वरिष्ठ शिक्षकों की बैठक सोमवार को स्थानीय कचहरी रोड विद्यालय प्रांगण में ब्लॉक  अध्यक्ष श्रवणकुमार ढाका की अध्यक्षता में आयोजित हुई। ब्लॉक मंत्री अशोक कुमार पुरोहित ने बताया कि बैठक में ब्लाक कार्यकारिणी के रिक्त  पदों पर सर्वसम्मति मनोनयन का निर्णय लिया गया। जिसमें तृतीय श्रेणी प्रारंभिक शिक्षा प्रतिनिधि प्रकाश सियाग, व्याख्याता प्रतिनिधि रमेशकुमार राणा, पंचायत शिक्षक प्रतिनिधि किशनाराम, संगठन मंत्री गणपत सिंह राठौड़, बुद्धाराम व कानाराम सारण, प्रचार मंत्री कमलेश कुमार व दिनेश कुमार और संयुक्त मंत्री जगदीशकुमार को मनोनीत किया गया। बैठक में  कोषाध्यक्ष भैराराम सियाग द्वारा कोष का चार्ज प्राप्त किया। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं बाबत विस्तार से मंथन किया गया, जिसमें 2022 भर्ती के तृतीय श्रेणी शिक्षक, जिनके वेतन नियमितकरण व स्थायीकरण नहीं हुए हैं, उनके निराकरण के लिए ब्लॉक द्वारा उपखंड अधिकारी के माध्यम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने निर्णय लिया गया।

### विचार, चिंतन व मंथन किया

बैठक में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में विचार, चिंतन  व मंथन किया गया ।इस दौरान संगठन के  मुख्य महामंत्री पूनमचंद बिश्नोई ने आह्वान किया कि शिक्षकों को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाकर देश में समरसत्ता स्थापित करनी होगी।  श्रवण कुमार ढाका ने कहा कि हमें सभी को साथ मिलकर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं की निराकरण के लिए ठोस प्रयास करने होंगे।वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयकरण खिलेरी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर की लोकतंत्र समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्ष के सिद्धांतों को यह संगठन मानता है। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर के शिक्षकों की वाजिब समस्याओं के लिए आंदोलन व संघर्ष करना होगा।

### संगठन की मजबूती जरुरी

प्रदेश पदाधिकारी जालाराम बिश्नोई ने  प्रदेश स्तरीय संगठन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार हमें आगामी दिनों में संघर्ष और आंदोलन करने हैं और सभी साथी मिलकर के संगठन को मजबूती प्रदान करने की बात कही।ब्लाक सभा अध्यक्ष मानाराम चौधरी ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों की वाजिब समस्याएं लंबित है,उसके लिए ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता करनी होगी। शिक्षक नेता  महबूब खां सोमता ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों की पिछले तीन सत्रों की बकाया पदोन्नतियां नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए संगठन को इस समस्या के निराकरण के लिए संघर्ष करने का सुझाव दिया।  जिलामंत्री जसाराम विरास ने भी विचार व्यक्त किए। ब्लाक अध्यक्ष लाडुर राम मांजु ने कहा कि  वेतन विसंगति को लेकर बड़ा आंदोलन करना होगा। अवसर पर रामकिशन गोदारा, जगदीश कावा, मांगीलाल जांगू, बाबूलाल पवार,जगदीश खिलेरी, किशनराम जांगू, अर्जुनसिंह दहिया, ओमप्रकाश सारण, रतनलाल मेघवाल, राजूराम बिश्नोई, दिनेश मांजू व फूलाराम मेघवाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षको ने भाग लेकर अपने अपने विचार प्रकट किए।





# अपने कप्तान से भिड़ेंगे अय्यर

## पंजाब के सामने कोलकाता नाइट राइडर्स की कड़ी चुनौती

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स की टीम को आईपीएल में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के रूप में एक और चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी टीम का सामना करना होगा। ऐसा कम देखने को मिलता है कि 245 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद किसी टीम को हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में अभिषेक की 55 गेंद पर खेली गई 141 रन की विस्फोटक पारी के कारण पंजाब अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था। वहीं, श्रेयस अय्यर के सामने उनके (मुंबई) डोमेस्टिक कैप्टन अजिंक्य रहाणे हैं, जो इस सीजन केकेआर के कप्तान हैं। यहां अभी तक दो मैच खेले गए हैं, जिनमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 200 से अधिक रन का स्कोर बनाया था।

### केकेआर का मनोबल बढ़ा

केकेआर ऐसी टीम है जो सपाट और धीमे विकेट दोनों पर कमाल दिखा सकती है। उसने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान पर पटखनी दी थी जिससे टीम का मनोबल बढ़ा होगा। पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी हद तक कप्तान अय्यर (250 रन) पर निर्भर है, जिन्होंने अब तक पांच मैचों में तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। प्रियांश आर्य (194 रन) इस सत्र की खोज रहे हैं। नेहल वढेरा (141 रन), प्रभसिमरन सिंह (133 रन) और फिनिशर शशांक सिंह (108 रन) भी टीम का मजबूत पक्ष हैं, लेकिन पंजाब की कमजोर कड़ी उसके भारतीय खिलाड़ी नहीं बल्कि दो ऑस्ट्रेलियाई ग्लेन मैक्सवेल (34 रन) और मार्कस स्टोइनिस (59 रन) हैं।

### पंजाब की टीम में असमंजस

पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का आत्मविश्वास निश्चित तौर पर डिग गया होगा। विशेष कर उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल का मनोबल जरूर प्रभावित हुआ होगा क्योंकि इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में 96 रन लुटा दिए थे। इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर निश्चित तौर पर असमंजस की स्थिति में होगी। पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार करवाता है तो फिर इसकी कोई गारंटी नहीं कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नारायण, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। एक ऐसा आंकड़ा जिस पर पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग गौर नहीं करना चाहेंगे, वह है उनकी गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट। उसका कोई भी गेंदबाज नौ रन प्रति ओवर से नीचे नहीं गया। आमतौर पर भरोसेमंद चहल ने पांच मैचों में प्रति ओवर 11.13 रन दिए हैं और केवल दो विकेट लिए हैं। पंजाब अगर धीमा विकेट तैयार करवाता है तो उसका यह दांव भी उल्टा पड़ सकता है, क्योंकि नाइट राइडर्स के पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण जैसे स्पिनर है जो अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने में माहिर हैं।

- **पंजाब किंग्सः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।
- **कोलकाता नाइट राइडर्सः** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉकिया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

# हारी बाजी जीती मुंबई इंडियंस

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का 29वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स (डीसी ) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेला गया। आखिरी ओवर तक चलने वाले रोमांचक मुकाबले में मुंबई ने जीत दर्ज की। मुंबई ने 20 ओवर में 205 रन बनाए। मुंबई ने दिल्ली को 206 रनों का टारगेट दिया। दिल्ली 19 ओवर में 193 रन पर ऑल आउट हो गई। मुंबई ने इस मुकाबले को 12 रनों से अपने नाम किया है। 19वें ओवर में मुंबई ने एक-एक करके तीन विकेट गिराए। बता दें कि दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया।

### 19वें ओवर का रोमांच

अंतिम के दो ओवर में डीसी को 12 गेंद पर 23 रन चाहिए थे। 19वां ओवर में बुमराह बॉलिंग करने आए। आशुतोष शर्मा ने बुमराह के खिलाफ शुरुआती 3 गेंदों पर 2 चौके लगा दिए। चौथी गेंद पर आशुतोष दूसरा रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गए। पांचवीं गेंद पर कुलदीप यादव और आखिरी गेंद पर मोहित शर्मा ने सिंगल लेने की कोशिश मे रन आउट हो गए। 19वें ओवर के अंतिम तीन गेंदों में तीन रन आउट हुए और मैच को मुंबई ने अपने नाम कर लिया।



### मुंबई ने बनाया था बड़ा स्कोर

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस को 5वें ओवर में पहला झटका लगा। रोहित शर्मा 12 गेंदों पर 18 रन बनाकर आउट हुए। रयान रिकेल्टन और सूर्यकुमार यादव ने पारी को आगे बढ़ाया। 8वें ओवर में कुलदीप यादव की गेंद पर रयान रिकेल्टन 25 गेंदों में 41 रन बनाकर क्लीन बोल्ड हुए। इस समय मुंबई का स्कोर 79 रन पर दो विकेट था। 14वें ओवर में मुंबई को तीसरा झटका लगा। सूर्यकुमार यादव 28 गेंदों पर 40 रन बनाकर आउट हुए। 14 ओवर के बाद मुंबई का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 138 रन बना लिए थे। मुंबई की ओर से तिलक वर्मा ने 26 गेंदों में शानदार फिफ्टी लगाई। अपनी पारी के दौरान 3 छक्के और 5 चौके लगाए।

# करुण नायर को टीम इंडिया में लेने की मांग

**नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेल रहे करुण नायर ने रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 40 गेंदों में 89 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 12 चौके और 5 छक्के जड़े। यह बात दीगर है कि उनके आउट होने के बाद दिल्ली की बल्लेबाजी बिखर गई। 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम 193 रन पर सिमट गई और उसे 11 रन से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली भले हार गई लेकिन करुण नायर की पारी की खूब तारीफ हो रही है।**

### करुण नायर के मुरीद हुए अंबाती रायडू

टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायडू ने कहा है कि नायर को टीम इंडिया में जगह मिलनी ही चाहिए। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'यह दृढ़ता है...जब चीजें आपके हिसाब से नहीं चल रही हों तो टिके रहना आसान नहीं है। बहुत सारे लोगों पर ये बीती है लेकिन बहुत कम ही हैं जो करुण नायर की तरह डटकर उभरते हैं।

### विजय हरारे ट्रॉफी में नायर ने मचाया तहलका

करुण नायर ने टीम इंडिया के लिए मार्च 2017 में आखिरी बार खेला था। उसी साल उन्होंने आईपीएल में एक फिफ्टी जड़ी थी। उनके बल्ले ने पिछले डोमेस्टिक सीजन में कोहराम मचा रहा था। विजय हरारे ट्रॉफी में उन्होंने 9 मैचों में 863 रन बटोरे थे और वह टूर्नामेंट में हाइएस्ट रन-स्कोरर थे।

वैसे नायर को 2018 के इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया की टेस्ट टीम में चुना गया था लेकिन उन्हें सिर्फ बेंच पर ही बैठाए रखा गया। यहां तक कि बाद में हार्दिक पांड्या जब चोटिल हुए तब उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर हनुमा विहारी को जोड़ा गया। हनुमा खेले मगर नायर को खेलने का मौका नहीं मिला।



# जब कोहली ने सैमसन से हार्ट बीट चेक कराई

**नई दिल्ली।** जयपुर का सवाई मान सिंह स्टेडियम में रविवार के दिन दर्शकों की खचाखच भीड़ थी। राजस्थान रॉयल्स और रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच का मैच हो रहा था। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 173 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल सॉल्ट ने 65 रन की विस्फोटक पारी खेलकर आउट हो चुके थे। क्रीज पर विराट कोहली अपने चिर-परिचित अंदाज में खेल रहे थे और उनका साथ दे रहे थे देवदत्त पड्डीकल। 15वें ओवर में अचानक कुछ ऐसा हुआ कि स्टेडियम में मौजूद दर्शक और टीवी, मोबाइल पर मैच देख रहे लोग टेंशन में आ गए। कोहली कुछ परेशान दिखे और उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के कैप्टन संजू सैमसन से अपनी हार्ट बीट चेक करने को कहा। वाकया 15वें ओवर का है। वानिंदु हसरंगा गेंदबाजी कर रहे थे। पहली गेंद पर कोहली ने 1 रन लिया। दूसरी गेंद पर पड्डीकल भी सिंगल दौड़ लिए। हसरंगा की तीसरी गेंद में विराट कोहली ने गेंदबाज के सिर के ऊपर से छक्का जड़कर अपना 100वां टी-20 अर्धशतक जड़ दिया। चौथी गेंद पर कोहली ने 2 रन भागकर पूरे किए। जब वह स्ट्राइक एंड पर पहुंचे तो उन्हें कुछ परेशानी महसूस होने लगी।



वह विकेट कीपिंग कर रहे विपक्षी राजस्थान रॉयल्स के कैप्टन संजू सैमसन के पास पहुंचे। कोहली अपने सीने पर हाथ रखे हुए थे और सैमसन से अपना हार्ट बीट चेक करने को कहा।

स्टंप माइक पर वह कहते सुने गए, 'हार्ट बीट चेक करना।' इस पर सैमसन उनके सीने पर हाथ रखकर चेक करते हैं और कहते हैं, 'ठीक है।' जैसे ही वह ओवर खत्म हुआ, आरसीबी ने स्ट्रैटजिक टाइम आउट ले लिया ताकि कोहली को उबरने का समय मिल सके और वह अच्छी तरह सांस ले सकें। उसके बाद कोहली जब ठीक नजर आए तब फैंस के सांस में सांस आई। कोहली ने 45 गेंदों में नाबाद 62 रन और पड्डीकल ने 28 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाकर 18वें ओवर में ही आरसीबी को 9 विकेट से जीत दिला दी। किंग कोहली ने अपनी पारी में 4 चौके और 2 छक्के जड़े।

## म नो रं ज न

# पृथ्वीराज करीना के साथ आएंगे नजर

साउथ के सुपरस्टार एक बार फिर बॉलीवुड में किस्मत आजमाने जा रहे हैं।अभी तक वो बॉलीवुड में अय्या, औरंगजेब, नाम शबाना और बड़े मियां छोटे मियां फिल्मों में नजर आ चुके हैं। लेकिन बॉलीवुड में अभी तक उनकी किस्मत ने साथ नहीं दिया है। लेकिन एक बार फिर वह बतौर एक्टर बॉलीवुड में किस्मत आजमाने जा रहे हैं और इस बार उनको साथ मिला है डायरेक्टर मेघना गुलजार और करीना कपूर खान का। मेघना गुलजार अपनी नई फिल्म 'दायरा' के साथ दर्शकों के दिलों को छूने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में करीना कपूर और मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। जंगली पिक्चर्स के बैनर तले



बन रही दायरा थ्रिलर ड्रामा है, जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित बताई जा रही है।'राजी' और 'तलवार' जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीतने वाली मेघना गुलजार इस बार कानून और न्याय के बीच की महीन रेखा को उजागर करेंगी। फिल्म की स्क्रिप्ट मेघना ने यश केसवानी और सीमा अग्रवाल के साथ मिलकर लिखी है। जंगली पिक्चर्स के साथ मेघना का यह तीसरा सहयोग है, इससे पहले राजी और तलवार जैसी शानदार फिल्में बनाई हैं। करीना कपूर और पृथ्वीराज की जोड़ी को पहली बार स्क्रीन पर दिखेगी।


# ऋतिक को पिता से पड़ती थी खूब मार



ऋतिक का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने बचपन का एक किस्सा शेयर किया है। एक्टर ने बताया है कि बचपन में वो अपने पापा से खूब मार खाते थे। यह वीडियो कपिल शर्मा के शो का है। वीडियो में कपिल शर्मा, ऋतिक से पूछते हैं कि कभी राकेश सर ने आपको पीटा है। इस सवाल पर एक्टर कहते हैं कि आप सीरियस बात ना करें। इसके बाद अभिनेता कहते हैं कि बहुत पीटा है, बहुत मार पड़ी है। ऋतिक कहते हैं कि क्या है ना कि मैं बच्चा था, लेकिन एक दिन पता नहीं मुझमें कैसा भूत आ गया। उन्होंने कहा कि मेरे घर की छत पर कुछ खाली बौतलें पड़ी हुई थीं। कांच की बोतलें थीं और खाली थी, मैं 13वें फ्लोर पर रहता था और मैंने बोतलों को देखा और फिर नीचे देखा। ऋतिक ने कहा कि मैंने एक बोतल उठाई और नीचे फेंकी और जैसे ही वो नीचे गिरी तो मुझे बहुत मजा आया। इसके बाद मैंने बहुत सारी बोतलें उठाई और एक-एक करके नीचे फेंकने लगा। मुझे इतनी-सी बात भी समझ में नहीं आ रही थी कि अगर किसी को लग गई, तो बवाल हो जाएगा। हालांकि, शुक्र है कि किसी को लगी नहीं और इसके बाद मेरे पापा बाहर आए, इसके बाद नहीं बता सकता और एक्टर के जवाब पर सभी जोर से हंसने लगते हैं। फिर कपिल कहते हैं कि फिर आपके पापा ने निशाना लगाया होगा, तो ऋतिक हामी भर देते हैं।

# रणदीप हुड्डा ने 12 साल बाद निकाली भड़ास

रणदीप हुड्डा ने 12 साल पहले रिलीज हुई आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'हाईवे' से जुड़ी कुछ यादें शेयर की हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानी हुई थी। रणदीप ने बताया है कि किस तरह से 'हाईवे' के प्रमोशन के दौरान उन्हें साइडलाइन किया गया था। इसी के साथ उन्होंने ये भी कहा कि उस दौरान प्रमोशन में शामिल होने से उनके करियर को फायदा मिलता। रणदीप को इस बात से दिक्कत हो रही थी कि आखिर रणबीर कपूर का इस फिल्म के प्रमोशन में क्या काम है? रणदीप ने कहा , 'मैंने बी वो देखा और मुझे बी समझ नहीं आया रणबीर का इस पिक्चर से क्या लेना देना है?' जाट एक्टर ने कहा, 'हो सकता है कि यही से इनकी लव स्टोरी शुरू हुई थी और अगर उस दौरान ही दोनों साथ आए हैं तो मैं उनके लिए खुश हूं। दोनों को ऑल दे बेस्ट कहूंगा।'



# रैम्प पर चलते-चलते दो बार लड़खड़ाईं हिना खान



टीवी एक्ट्रेस हिना खान का रैम्प वॉक इंस्टाग्राम पर बहुत वायरल हो रहा है। रैम्प वॉक तो हिना करती आई हैं लेकिन इस बार ये वीडियो चर्चा में इसलिए आ गया क्योंकि इस वॉक के दौरान हिना दो बार लड़खड़ाईं। दरअसल हिना ने हेवी वर्क वाले टॉप के साथ एक डिजाइनर स्कर्ट पहनी थी । ये स्कर्ट काफी लंबी थी और इसका कपड़ा बार बार हिना के पैरों की नीचे आ रहा था। वो तो हिना ने इस धक्के को दोनों बार संभाल लिया नहीं तो हादसा हो सकता था। नीचें गिरतीं तो घायल हो जाती। वीडियो में एक बार हिना का पैर अटकता है लेकिन वो खुद को संभाल लेती हैं। इसके बाद थोड़ी देर बाद फिर वैसे ही होता है। दूसरी बार झटका खाने के बाद हिना स्कर्ट के फैब्रिक को हाथ से पकड़कर घुमाते हुए उसकी लंबाई बैलेंस करती हैं। इस तरह उनकी वॉक भी बिना किसी परेशानी के पूरी होती है और उन्होंने दिखा दिया कि अगर थोड़ा सा कॉन्फिडेंस है तो किसी भी सिचुएशन से बड़ी ही शान से बाहर निकल सकते हैं।




# इमरान की जीरो ग्राउंड का श्रीनगर में होगा प्रीमियर


एक्सेल एंटरटेनमेंट की आने वाली एक्शन थ्रिलर ग्राउंड जीरो को लेकर हर दिन जोश और उत्साह बढ़ता जा रहा है।दमदार ट्रेलर रिलीज के बाद फिल्म के नए-नए पोस्टर्स ने भी लोगों की दिलचस्पी और बढ़ा दी है। इसी बीच अब ये फिल्म इतिहास रचने जा रही है। दरअसल 38 साल बाद इस फिल्म का श्रीनगर, कश्मीर में रेड कार्पेट प्रीमियर होने वाला है। प्रीमियर 18 अप्रैल को होगा। हैरानी की बात ये है कि पिछले 38 सालों में श्रीनगर में किसी भी फिल्म का प्रीमियर नहीं हुआ और अब ग्राउंड जीरो इस खामोशी को तोड़ने वाली पहली फिल्म बनेगी। इस खास मौके पर फिल्म सबसे पहले दिखायी जाएगी उन जवानों और आर्मी अफसरों को जो बॉर्डर पर खड़े होकर हमारी हिफाजत कर रहे हैं। ये कदम न सिर्फ फिल्म के देशभक्ति से जुड़े विषय को बखूबी दर्शाता है, बल्कि असली हीरोज को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। ग्राउंड जीरो को दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिल रहा है और इसके रिलीज को लेकर जोश साफ झलक रहा है। बीएसएफ का सपोर्ट पा चुकी। इसके अलावा फिल्म ग्राउंड जीरो की कहानी कश्मीर पर आधारित है और इसकी शूटिंग वहीं हुई है। इमरान हाशमी ने फिल्म में बीएसएफ कमांडेंट नरेंद्र नाथ धर दुबे का किरदार निभाया है, जिन्होंने गाजी बाबा को मार गिराने वाले ऑपरेशन को लीड किया था। यह मिशन बीएसएफ के पिछले 50 सालों में सबसे बेहतरीन ऑपरेशन के तौर पर दर्ज है। ग्राउंड जीरो एक सच्ची घटना पर आधारित है जो भारतीय इतिहास के एक कम सुने गए लेकिन बेहद अहम अध्याय को दर्शकों के सामने लाती है जो रोचक है।

# शिक्षा के क्षेत्र में केपी संघवी परिवार का अनूठा है योगदानः चौधरी

## मालगांव विद्यालय का हुआ शिलान्यास

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** मालगांव में सोमवार को मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना के तहत केपी संघवी चेरिटेबल ट्रस्ट पावापुरी की ओर से श्री सच्चियाय मां केपी संघवी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास सांसद लुम्बाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। सांसद चौधरी ने कहा कि पावापुरी ट्रस्ट ने शिक्षा के क्षेत्र अपनी मातृ भूमि से लगाव रखते हुऐ अनूठे प्रेरणादायक कार्य करवाए है। इससे आने वाली पीढ़ी को शिक्षा का व्यापक लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि पैसा तो बहुत लोगों के पास है। लेकिन, उसको जनकल्याण कार्यो में लगाना एक बडी बात हैं। उन्होनें 31 हजार वर्गफीट भूमि में स्कूल का नया भवन बनाने पर भामाशाह के पी संघवी परिवार का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया। समारोह के बाद सांसद, भामाशाह संघवी परिवार एवं अन्य अतिथियों ने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। भामाशाह परिवार से दिलीप भाई हजारीमल संघवी, अपूर्व भाई कीर्तिभाई संघवी, विधायक मोतीराम कोली, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, प्रधान राधिका देवासी, गुलाबगंज की प्रशासक निरमा देवी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मृदुला व्यास, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विपिन डाबी व नरेश परमार, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी घनश्यामसिंह आढ़ा और सहायक अभियंता समग्र शिक्षा विभाग रघुराम रावल एवं थानाधिकारी श्रीमती सरिता विश्नोई भी समारोह में उपस्थित थे।





### चांदी की गेती व फावड़े से किया खनन

कार्यक्रम का शुभांरभ वेदाचार्य पंडित मनीष भाई शुक्ला ने वैदिक मंत्रों से स्थान शुद्धिकरण करवाते हुऐ किया। भामाशाह संघवी परिवार के दिलीप भाई एवं अपूर्व भाई संघवी और अन्य अतिथियों ने शुभ मुहूर्त में चांदी की गेती व फावडे से मिट्टी का खनन किया। यज्ञ की पूर्णाहति आरकिटेक्ट पंकज वरिया, सुरेन्द्र जैन एवं सतीश रावल ने की। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने आभार व्यक्त किया। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, विधायक मोतीराम कोली एवं पूर्व विधायक जगसीराम कोली ने केपी संघवी परिवार के परोपकारी कार्यो की प्रशंसा कर विचार व्यक्त किए। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मृदुला व्यास ने भी संघपी परिवार का आभार व्यक्त किया। छात्र प्रतिनिधि के रूप में चिराग नागर ने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि चौधरी ने बताया कि संघवी परिवार एवं पावापुरी ट्रस्ट की मेनजमेंट की प्रशंसा करते हुए मेनिजिंग ट्रस्टी महावीर जैन को सजग व्यक्ति त्व बताकर उनको एक अच्छा सलाहकार बताया।

### संघवी परिवार ने यहीं से ग्रहण की शिक्षा

अपूर्व भाई ने कहा कि संघवी परिवार के परिवारजनों ने सुमतिनाथ विद्यालय मालगांव में शिक्षा ग्रहण की हैं। इसलिए परिवार ने मालगांव में एक अत्याधुनिक स्कूल भवन बनाकर सरकार को सुपुर्द करने का निर्णय लिया। जिसका सोमवार को शुभारंभ किया गया। उन्होने कहा कि मालगांव हर क्षेत्र में आगे बढ़े इसके लिए के पी संघवी परिवार हमेशा अपने गांव के साथ खडा रहेगा। दयावन्ती सूरवानी, ग्रामवासी हरिसिंह देवडा, छैलसिंह देवड़ा, गजाराम चौधरी, अजयराज पुरोहित, नाथुराम प्रजापत, प्रभाराम मेघवाल, खेताराम देवासी, मदनलाल रावल सहित सैकडों ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश पुरोहित ने किया।

## 'समाज में कोई भूखा नहीं सोए'



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** श्याम शक्ति फाउंडेशन की ओर से आमजन को जागरुक करने के लिए सदस्यों ने शहर के हर सर्किल पर खड़े रहकर पोस्टर से जागरुकता दिलाई। रिंकोस देवड़ा ने बताया कि उनकी टीम हर प्रकार के कार्य कर रही। जिससे लोगो में जागरूकता आए और अपने समाज में कोई भूका नहीं सोए। संस्थान की ओर से जरुरतमंद लोगों की सहायता कर रही है। सोमवार को फाउंडेशन ने फल वितरण किए। सीमा सेन, आरती कुमारी, दीपिका कुमारी एवं अंजली प्रजापत आदि मौजूद रहे ।

## जिला प्रमुख के नेतृत्व में जिले में विकास की कमी नहीं आएगी : खरे

### » निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** जिला परिषद सदस्य कन्हैयालाल खरे ने चंन्द्रावती में अम्बेडकर दिवस पर जिला परिषद मद से बन रहे अम्बेडकर भवन निर्माण का अवलोकन किया। जिला परिषद सदस्य खरे, भैंसासिंह पंचायत सरपंच दिनेश राणा, भाजपा सियावा मंडल अध्यक्ष मुकेश डाबी, गैनाराम गरासिया, गणेश देवासी, गोकुल देवासी, भेराराम देवासी का ग्रामीणों ने जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित एवं जिला परिषद सदस्य खरे का आभार व्यक्त किया। खरे ने कहा कि जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित के नेतृत्व में जिले में विकास की कमी नहीं आएगी।

## परशुराम जयंती को लेकर सौंपी जिम्मेदारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** परशुराम जयंती महोत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक अध्यक्ष अमित जोशी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 23 से 29 अप्रैल तक सात दिवसीय परशुराम जयंती समारोह के रूप में मनाने का निर्णय किया गया। समाज के सदस्य व प्रतियोगिता प्रभारी ज्योतिर्मय शर्मा, प्रवीण शर्मा, मनीष परषाई, अनिल जोशी, गोपाल शर्मा, महिला वर्ग की प्रभारी सुमन शर्मा, कल्पना छंगाणी, शकुंतला वाजपेयी, एडवोकेट दुर्गेश शर्मा, मंजू शर्मा, मालती शर्मा आदि ने कार्यक्रमों की रूपरेखा व सुझाव लिए। ओमप्रकाश शर्मा, सतीश लेहरी, सुमीत जोशी, रोहित शर्मा, नवल शर्मा, महेश शर्मा, जगदीश मिश्रा, गोपाल शर्मा, हरीश शर्मा, योगेश मिश्रा, धर्मेंद्र गौतम, सूर्यकांत दायमा, कैलाश शर्मा, ब्रजमोहन शर्मा, मोहित शर्मा, रजत पांडे, दिव्यांशु मिश्रा, अनुज शर्मा, संजय शर्मा, राजन वशिष्ठ समेत विप्र बंधु उपस्थित थे।

## परमार बने घांची समाज नवयुवक मंडल के अध्यक्ष

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** छावणी स्थित घांची समाज धर्मशाला में रविवार को श्री घांची समाज नवयुवक मंडल की बैठक अध्यक्ष दिनेश पररमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें कोषाध्यक्ष मांगीलाल बोराणा ने 3 वर्ष के कार्यकाल के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। मंडल कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर मंडल के चुनाव करवाने पर चर्चा की गई। जिसके बाद सर्वसम्मति से चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया। चुनाव करवाने के लिए पर्यवेक्षक शंकरलाल बोराणा एवं चुनाव अधिकारी मोहनलाल जोराराम परमार, करण कुमार देवाराम परमार



व पदमाराम हिराराम सोलंकी को नियुक्त किया गया। अध्यक्ष पद के लिए भरत परमार चुन्नीलाल, दिनेश परमार मालाराम व नरपत परमार हिराराम ने चुनाव अधिकारी के समक्ष नामांकन जमा करवाए। चुनाव अधिकारी की देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्र ़िया सम्पन्न हुई। जिसके बाद मतो की गणना की गई। चुनाव अधिकारी मोहनलाल परमार ने परिणामों की घोषणा की जिसमें दिनेश परमार को विजेता घोषित किया गया। समाज के प्रबुद्धजनों ने परमार को दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर स्वागत किया। परमार ने कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी गई हैं उस पर पुरी तरह से खरा उतरने की कोशिश करूंगा। समाज विकास व धर्मशाला के निर्माण में भामाशाहों से सहयोग लेकर विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार जल्द ही करके दायित्व सौंपे जाएंगे।

## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, किया रेफर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** चनार में रविवार शाम को पांच युवकों में कहासुनी के बाद आपसी विवाद विवाद हो गया। इसी दौरान एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घायल युवक को उपचार के लिए आकराभटटा उपजिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए अन्यत्र रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही माउंट आबू डीएसपी अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार चनार में परिचित पांच युवकों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। चार युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से चनार के रेबारिया फली निवासी माला पुत्र वाला गरासिया गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। लहूलुहान अवस्था में उसे आकराभटटा उप जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां, उसका प्राथमिक उपचार किया गया। माउंट आबू डीएसपी गोमाराम चौधरी मौके पर पहुंचे। लेकिन, घायल जानकारी देने की स्थिति में नहीं था। गंभीरावस्था के चलते उसे पालनपुर रेफर कर दिया गया। डीएसपी ने बताया कि हमलावार व घायल युवक आपस में परिचित है। उसकी हालत गंभीर होने के चलते रेफर कर दिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## मंदिर निर्माण को किया शिलान्यास



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** किवरली में ठाकुरजी मंदिर निर्माण को लेकर सोमवार को राहुल गिरी के मुख्य यजमान, पंडित शरद व्यास, शिल्पकार शिवराम राजपुरोहित की देखरेख, शक्तिसिंह देवड़ा के मार्गदर्शन एवं भरत राजपुरोहित की अध्यक्षता मे शिलान्यास किया गया। यहां 9 शिलाओं का पूजन 9 यजमानो द्वारा किया गया। सुमेरसिंह देवड़ा, पन्नालाल पुरोहित, कमलेश पुरोहित, नारायणसिंह देवडा, नरसाराम माली, भवरसिंह देवडा, मोहनलाल सेन, वक्ताराम पुरोहित, बाबूलाल पुरोहित, अभयसिंह परमार, भोपालसिंह राठौड़, एडवोकेट विक्रमसिंह, धर्मेंद्र राजपुरोहित, लक्ष्मण भाई सोनी, चम्पालाल माली, पोपट सुथार, केसरसिंह देवडा, साकलाराम पुरोहित, सूरजमल दर्जी, कृष्ण मंदिर युवा मण्डल कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# 'सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के पक्षधर थे अंबेडकर'

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** अम्बेडकर जयंती पर उपतहसील कालन्द्री में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर हुआ। प्रदेश कांग्रेस सचिव हरीश परिहार ने अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। नेत्र विशेषज्ञ केजल दवे ने मरीजो की जांच करके नेत्रों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वही शिविर प्रभारी नटवरसिंह ने बताया की शिविर में 211 की जांच की गई। जिसमे 8 जनों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए उदयपुर भेजा गया। मंगेस ठाकुर, सुजल दवे, मंछाराम, अशोक रांगी आदि का सहयोग रहा। तंवरी में भाजपा ग्रामीण मंडल की ओर से अम्बेडकर जयंती मनाई। सिरोही प्रधान हंसमुख कुमार मेघवाल, मंडल अध्यक्ष हितेंद्रपालसिंह, प्रशासक नैनसिंह राजपुरोहित नून, मंडल महामंत्री नाथु देवासी नून, किसान मोर्चा जिला मंत्री छगनलाल पुरोहित, उप सरपंच थानाराम चौधरी, केराराम चौधरी रोड़ा खेड़ा,पूर्व मंडल अध्यक्ष हिदाराम माली, चौथाराम मेघवाल, राजेंद्रसिंह तंवरी, दौलाराम मेघवाल, बाबूलाल मेघवाल, रविसिंह, जालमसिंह देवड़ा, डूंगाराम, माधुसिंह, आशुसिंह आदि मौजूद थे। उधर, जवाहर




नवोदय विद्यालय में अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। प्राचार्य पी सेलवम, जगदीश प्रसाद और बीएल मीणा के सानिध्य में दीप प्रज्वलन किया गया। छात्रा नमितासिंह और हिमांशु ने डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला । प्राचार्य सेलवम ने कहा कि आज सफलता के लिए विद्यार्थियों को कर्मशील होना चाहिए तथा एकता के सूत्र में संघठित होकर समाज और देश के लिए सफलता की सीढ़ी पर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। मंच संचालन राजाराम वैष्णव ने किया। जगदीश प्रसाद ने आभार व्यक्त किया। कालंद्री। होली चौक स्थित बाबा बिल्डर मंदिर में अम्बेडकर जयंती मनाई। युवाओं ने अपने विचार व्यक्त कर बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इधर अम्बेडकर की जयंती नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में मनाई गई। ग्रामीण उत्थान मानव संस्थान निदेशक रामेश्वरलाल विश्नोई ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बताया कि अम्बेडकर ने जो संगठित रहो शिक्षित बनो का मंत्र को जिसने भी ग्रहण किया वह प्रशासनिक व जनप्रतिनिधी बनेगा। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के पक्षधर थे। सामाजिक कार्यकर्ता नटवरसिंह ने भी सम्बोधित किया। स्वास्थ्य कर्मी प्रभाराम घांची, करणीदान चारण, मोतीलाल, विष्णु, गोवाराम घांची, उत्तम, बहादुर, वि ंमसिंह, यूथवीर राजपुरोहित मौजूद रहे।



## आज दो घंटे बंद रहेगी बिजली



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** नवाखेड़ा जीएसएस पर मंगलवार को रखरखाव को लेकर दो घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। डिस्कॉम के अनुसार 220 केवी मेन जीएसएस के रखरखाव के लिए सवेरे 7. 30 से 9.30 तक बिजली बंद रहेगी। इससे सम्पुर्ण रिको जीएसएस, मांडवा एवं सारणेश्वर गांव में सप्लाई बंद रहेगी।

## अफीम मंगवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** पुलिस ने अफीम का दूध मंगवाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कमलसिंह ने बताया कि 9 अप्रेल को उप निरीक्षक राजेन्द्रसिंह मय जाब्ता की ओर से मालेरा तिराहे पर नाकाबंदी की गई थी। उसी दौरान उदयपुर मार्ग से एक कार को आते देख उसको रुकवाने का प्रयास किया। लेकिन, चालक कार को वापस मोड़ने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान पुलिस ने मौके पर जाकर कार की तलाशी ली तो उसमें दो जनों को बाहर निकालकर कार की जांच की तो उसमें से 3.390 किलोग्राम अफीम बरामद कर दोनों जनों को गिरफ्तार कर कार को जब्त किया। दोनों को पूछताछ की गई। इसके बाद पुलिस ने पिण्डवाडा में अपने परिचित के लिए अवैध अफीम मंगवाने वाले आरोपी आकोली पुलिस थाना मावसरी जिला बनासकांठा गुजरात निवासी ठाकरसी भाई पुत्र वैरसी भाई रेबारी को थराद गुजरात से दस्तयाब किया गया । जिसको बाद पूछताछ के गिरफ्तार किया गया।



## स्काउट का बिगिनर्स कोर्स 17 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** स्काउट की ओर से जिला स्तरीय स्काउट गाइड अध्यापक अध्यापिकाओं का बिगिनर्स कोर्स भारत स्काउट गाइड कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। सीओ एमआर वर्मा ने बताया कि इस जिलास्तरीय स्काउट गाइड बिगिनर्स कोर्स में जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं महाविद्यालय से अध्यापक अध्यापिकाएं सम्मिलित होंगे। जिला स्तरीय बिगिनर्स कोर्स में निजी विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाएं भी सम्मिलित होंगे

## अधेड़ ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** सरतरा मार्ग पर बबूल की झाड़ियों में एक अधेड़ ने फंदा लगाकर आत्महत्या की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी। पुलिस के अनुसार सोमवार को सूचना मिली की कालंद्री से सरतरा जाने वाले कच्चे रास्ते पर बबुल की झाड़ी पर एक अधेड़ का शव लटकता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त छगनलाल पुत्र कपूराराम लोहार के रुप में हुई। जिसकी पहचान मृतक के भतीज रमेश कुमार ने की। मृतक का पुत्र किशोर कुमार कोल्हापुर में कार्य करता है उसके आने के बाद रिपोर्ट दर्ज करवाई जाएगी। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कालंद्री स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया है।

## लग्जरी जीप की टक्कर से टूटा ट्रांसफार्मर का खंभा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** पारसीचाल क्षेत्र में लोधवाड़ा जाने वाले मार्ग पर तेज रफ्तार अनियंत्रित लग्जरी जीप ट्रांसफार्मर लगे खंभे से टकरा गई। तेज धमाके के साथ हुई दुर्घटना के चलते सीमेंट का पोल टूट गया। क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुनानक कॉलोनी के पास लोधवाड़ा जाने वाले मार्ग पर अनियंत्रित लग्जरी जीप ट्रांसफार्मर लगे खंभे से टकरा गई। जिससे सीमेंट का खंभा टूट गया। क्षेत्र की बिजली



आपूर्ति गुल हो गई। हादसे चालक सलामत रहा। मौके पर पहुंचे लोगों ने डिस्कॉम अधिकारियों को सूचना दी। जिसके चलते डिस्कॉम कार्मिक मौके पर पहुंचे। क्षतिग्रस्त खंभे को बदल दिया गया। क्षतिग्रस्त खंभे पर बड़े ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। हादसे के दौरान ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट नहीं हुआ। जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## राज्यपाल ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर सोमवार को अम्बेडकर सर्किल पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्यपाल बागडे ने इस अवसर पर संविधान निर्माण के उनके महती योगदान के साथ वंचित वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उनके कार्यों को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि संविधान के जरिए देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, प्रतिष्ठा और अवसर की समता और बंधुत्व का मंत्र देने वाले बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों को जन-जन को अपनाने की आवश्यकता है।

# गुजरात में 1800 करोड़ की 300 किलो ड्रग्स जब्त

## पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र में फेंककर भागे तस्कर, पाकिस्तानी बोट होने की आशंका

**अहमदाबाद।** गुजरात में इंडियन कोस्ट गार्ड ने 300 किलो ड्रग्स जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 1,8 00 करोड़ रुपए बताई जा रही है। जब्त ड्रग्स मेथामफेटामाइन हो सकता है। गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड और कोस्ट गार्ड ने 12-13 अप्रैल की रात ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र से ड्रग्स की खेप को पकड़ा है।

गुजरात एटीएस से मिली जानकारी के बाद कोस्ट गार्ड ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की ओर सर्च के लिए जहाज भेजा था। अंधेरे के बीच कोस्ट गार्ड की टीम ने एक बोट को स्पॉट किया। बोट सवारों से पहचान बताने को कहा। इससे घबराए तस्करों ने ड्रग्स को समुद्र में फेंका और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भाग निकले। कोस्ट गार्ड टीम ने समुद्र में फेंकी गई ड्रग्स को रेस्क्यू बोट की मदद से बाहर निकाला। बोट का कनेक्शन पाकिस्तान से होने की आशंका है। फिलहाल जांच के लिए जब्त की गई ड्रग्स को पोरबंदर में एटीएस को सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि गुजरात ड्रग्स तस्करी का अहम रूट बनता जा रहा है। पिछले साल अप्रैल 2024 में भी आईसीजी ने पोरबंदर के पास 8 6 किलो ड्रग्स (6 00 करोड़ की कीमत) पकड़ी थी। फरवरी 2024 में नौसेना और एनसीबी ने 3300 किलो ड्रग्स जब्त की थी, जिसकी कीमत 1300 से 2000 करोड़ रुपए थी।



### नवंबर में अंडमान के पास 6 हजार किलो ड्रग्स जब्त हुई थी

*इंडियन कोस्ट गार्ड ने 24 नवंबर को अंडमान-निकोबार आइलैंड के पास से 6 हजार किलो की ड्रग्स जब्त की।*

*कोस्ट गार्ड के अधिकारी ने बताया कि पोर्ट ब्लेयर से 150 किलो मीटर दूर बैरेन आइलैंड के पास एक नाव से ड्रग्स के 2-2 किलो के 3 हजार पैकेट मिले थे। नाव में म्यांमार के 6 नागरिक सवार थे। सभी को हिरासत में लिया गया।*



### गुरुग्राम में आशियाने के नाम पर करोड़ों का खेल

## फर्जी दस्तावेजों से 100 प्रतिशत पेमेंट लेकर भाग निकला बिल्डर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर मंतर पर तपती धूप के बीच छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग माताएं-पिताएं और दिव्यांग लोग एक दर्दनाक मांग के साथ खड़े हैं-इच्छा मृत्यु की। ये वो लोग हैं जिनका सपना था एक छोटा सा घर, लेकिन उनकी बरसों की कमाई और उम्मीदें-दोनों एक झटके में छिन गईं।

गुरुग्राम के सेक्टर 6 8 स्थित माहिरा होम्स प्रोजेक्ट से जुड़ा ये मामला अब 6 000 से ज्यादा परिवारों की जिंदगी में भूचाल बन चुका है। साल 2017 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों ने फ्लैट बुक किए थे।

2021 तक सभी से 100 फीसदी पेमेंट लिया गया, लेकिन 2022 में खुलासा हुआ कि बिल्डर ने फर्जी दस्तावेजों के दम पर ये पूरा खेल रचा था। बायर्स जब रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) पहुंचे तो पता चला कि उनके खातों से पूरा पैसा निकाल लिया गया है, बिल्डर ने पीछे सिर्फ एक लाख रुपए छोड़े हैं। अब इन पीड़ितों के पास सरकार और सुप्रीम कोर्ट से इच्छा मृत्यु की गुहार लगाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा है।

### 19 विस्थापित परिवार वापस लौटे

## मुर्शिदाबाद में 3 दिन बाद हालात सामान्य

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 10-12 मार्च के बीच हुई हिंसा के बाद अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। सोमवार को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर जावेद शमीम ने बताया- दुकानें खुलने लगी हैं। अब तक 19 विस्थापित परिवार अपने घर लौट चुके हैं। मालदा और मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन मिलकर लोगों की सुरक्षित वापसी करवा रहा है।

शमीम ने कहा- अब तक 210 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पिता-पुत्र की हत्या मामले में अलग केस दर्ज किया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 16 00 जवान तैनात किए हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बैन है। बीएनएस की धारा 16 3 भी लागू है। इधर, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व सांसद कुणाल घोष ने मुर्शिदाबाद हिंसा के पीछे भाजपा और दूसरी राजनीतिक पार्टियों के होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- हमें इनपुट मिले हैं कि हिंसा की घटनाओं के पीछे एक बड़ी साजिश थी। केंद्रीय एजेंसियां, सीमा सुरक्षा बल और कुछ राजनीतिक दलों का एक सेक्शन इस साजिश में शामिल था। सीमा सुरक्षा बल ने मदद करके उपद्रवियों को राज्य का बॉर्डर पार करवाया। कुछ उपद्रवी मुर्शिदाबाद के इलाके में घुसे, अराजकता फैलाई और सीमा सुरक्षा बल ने उन्हें वापस जाने के लिए भी मदद की।

# मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को सुना तथा अधिकारियों को उनकीपरिवेदनाओंके निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन के उच्च मापदंडो के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। जन आकांक्षाओं की पूर्ति और उनकी परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण ही हमारे सुराज संकल्प का केन्द्र बिंदु है।

### आमजन को मिली राहत

इस दौरान उन्होंने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम,शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, राजस्व, मनरेगा,ऊर्जा एवं ग्रामीण विकाससहित विभिन्न विभागोंसे संबंधित समस्याएं सुनी तथा उनका मौके पर ही निस्तारण कर परिवादियों को राहत दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

## बाबा साहब की सामाजिक न्याय की अवधारणा को मूर्त रूप दे रही है सरकार : नागर

### डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**जयपुर।** प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर दो दिवसीय प्रवास पर जिला उदयपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विविध कार्यक्रमों में भाग लिया। नागर ने सोमवार को कोर्ट चौराहा पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान निर्माण में बाबा साहब का योगदान सर्व विदित है। उन्होंने सामाजिक न्याय की अवधारणा को लेकर संविधान में प्रावधान किए, ताकि वंचित वर्ग भी मुख्य धारा में आकर देश के विकास में सहभागिता निभा सके। नागर ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार बाबा साहब की इसी अवधारणा को मूर्त रूप देने के प्रयासों में जुटी हैं। केंद्र व राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्यरत हैं।

## राजस्थान के स्कूलों में इस बार 17 मई से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश

### 10 साल बाद बदल रहा है फॉर्मेट



**जयपुर।** भजनलाल सरकार ने आने वाले शिक्षा सत्र पर बड़ा बदलाव कर दिया है। 2025-26 का नया शिक्षा सत्र 1 जुलाई से ही शुरू किया जाएगा। ऐसे में शिक्षा विभाग 10 साल बाद पुराने पैटर्न पर लौट आया है।

बीते एक दशक यानि 10 साल से नया सत्र मई माह में ही शुरू किया जा रहा था और ग्रीष्मावकाश के बाद 20 जून को ही वापस स्कूलें खोल दी जाती हैं। जानकारी के अनुसार, भाजपा की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल में स्कूलों के शिक्षा सत्र और छुट्टियों में बदलाव हुआ था। उसे भाजपा राज में ही बदल दिया गया है।

### 10 साल बाद शिक्षा विभाग 'पुराने ढरे' पर लौटा

*हालांकि अलग से इस बात की अधिकारिक घोषणा हाल फिलहाल नहीं की गई है लेकिन शिक्षा विभाग की ओर से मई 2025 के लिए जारी शिविरा पंचाग में इस बात का उल्लेख कर दिया गया है। शिविरा पंचाग में बताया गया है कि इस बार 17 मई से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश होगा। शिविरा पंचाग में जून के पूरे महिने में ग्रीष्मावकाश दर्शाया गया है। इससे पहले 16 मई तक तमाम कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं प्रगति पत्र का वितरण सहित चालू सत्र के बचे कार्यो को निपटाना होगा।*

### नया सत्र 1 जुलाई से होगा प्रारंभ

*मीडिया रिपोटर्स में कहा जा रहा है कि अब ऐसे में लगभग साफ हो गया है कि प्रदेश की तमाम सरकारी स्कूलों में नया सत्र 2025-26 इस बार 1 जुलाई से प्रारंभ होगा। आपको बताते चले कि बीते दस सालों से नया सत्र मई से प्रारंभ किया जा रहा था। बड़े बदलाव में इस बार शिक्षकों का अवकाश भी 30 जून तक रहेगा। अभी तक ग्रीष्मकालीन अवकाश कभी 18 जून तक तो कभी 23 जून तक रहता आ रहा था।*

### प्रदेश के 4 लाख से अधिक शिक्षकों को राहत

*मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि अब नया सत्र एक जुलाई से शुरू होने के दिन से ही शिक्षक व बच्चे स्कूल आएंगे। इस फैसले से राजस्थान के 4 लाख से ज्यादा सरकारी शिक्षकों को राहत मिलने से वे बेहद खुश हैं। सरकार के इस फैसले से जहां छात्रों को राहत मिली है, वहीं शिक्षकों के लिए तो ये फैसला गर्मी में ठंडी छांव जैसा साबित हुआ है। शिक्षा विशेषज्ञों ने भी इसे समय और मौसम के हिसाब से बिल्कुल सही निर्णय बताया है। सोशल मीडिया पर तो कुछ शिक्षकों ने धन्यवाद भजनलाल हैशटैग तक चला दिया।*



# दिल्ली में 55 लाख गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द

### राजधानी में बढ़ता वायु प्रदूषण चिंता का विषय

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या है, ऐसे में इसे रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। सरकार ने 15 साल से पुरानी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द्द कर दिया है। दिल्ली में 15 साल से पुराने वाहन करीब 55 लाख से ज्यादा है। परिवहन विभाग द्वारा जारी सूचना के मुताबिक 2024 से दिल्ली में 10 साल से पुरानी डीजल और 15 साल से पुरानी पेट्रोल/सीएनजी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है। इन वाहनों में ट्रक, कैब, कार, मोटरसाइकिल और ऑटो रिक्शा भी शामिल है। सार्वजनिक जगहों पर इन गाड़ियों को पार्क करने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसमें घर के बाहर की जगह भी शामिल है। वाहन मालिक इन गाड़ियों को सिर्फ अपने निजी पार्किंग स्पेस में ही रख सकेंगे जो शेयर पार्किंग स्पेस न हो। अगर ये पुराने वाहन दिल्ली के सार्वजनिक स्थानों में चलती या पार्क होती दिखाई दीं तो इन्हें जब्त किया जा सकता है। इसके अलवा पांच-दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इसके साथ ही ऐसे वाहनों के लिए पेट्रोल-डीजल और सीएनजी भी नहीं मिलेगा।

### पुराने वाहन सार्वजनिक स्थानों में दिखाई दीं तो इन्हें जब्त किया जा सकता है

## एसडीएम से विधायक बोलीं- तुमने भी दारू पी रखी है क्या ?

# कांग्रेस विधायक इंदिरा मीना ने भाजपा नेता से की मारपीट

### शर्ट फाड़ी, कॉलर पकड़कर खींचा

**सवाई माधोपुर।** सवाईमाधोपुर के बौंली में अंबेडकर प्रतिमा पर नाम की पट्टिका लगाने को लेकर विवाद हो गया। बामनवास से कांग्रेस विधायक इंदिरा मीना ने बौंली भाजपा मंडल अध्यक्ष हनुमत दीक्षित से हाथापाई की। कॉलर पकड़कर खींचा और शर्ट फाड़ दी। धमकाते हुए बोलीं- बीजेपी है तो क्या गुंडाराज हो गया क्या? जब एसडीएम ने कहा- इस मामले को दिखवाएंगे और ये लोकार्पण है, तो विधायक भड़क गई। वह बोलीं-तुमने भी दारू पी रखी है क्या ? मामला रविवार रात 2 बजे का है। करीब 2 घंटे तक ये पूरा विवाद चला। मामल बढ़ता देख एसडीएम चंद्र प्रकाश वर्मा, एएसपी नीलकमल, एसएचओ राधा रमन गुप्ता मौके पर पहुंचे और दोनों ही पक्षों से समझाइश की। अभी दोनों पट्टियों को सुरक्षित जगह पर रखा गया है।



दरअसल, बौंली में 2 साल पहले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण हुआ था। यहां पीडब्ल्यूडी की ओर से चौराहे का निर्माण करवाया जा रहा है।

दो साल पहले बामनवास विधायक इंदिरा मीना ने इसका शिलान्यास किया गया था। इस पट्टिका पर उनके साथ पूर्व सीएम अशोक गहलोत का नाम भी था, जिसे रविवार रात को हटा दिया गया था। इस दौरान बौंली भाजपा मंडल अध्यक्ष हनुमत दीक्षित के साथ प्रधान कृष्ण पोसवाल भी थे। बताया जा रहा है कि इंदिरा मीणा और पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी जोशी के नाम की पट्टिका प्रतिमा के नीचे लगाई जानी थी। प्रधान और बौंली मंडल अध्यक्ष ने इस पर आपत्ति की और वहां से उसे हटा दिया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद रात करीब 12 बजे विधायक इंदिरा मीना मौके पर पहुंचीं।

### आप अधिकारी हो तो नॉलेज होनी चाहिए

विधायक बोलीं- आप अधिकारी हो तो नॉलेज होनी चाहिए। बिल्डिंग कोई बन नहीं रही है और हमने शिलान्यास किया। हमारी शिलान्यास की पट्टिका को क्यों नहीं लगा सकते। इसमें अब बीजेपी-कांग्रेस क्या कर लेगी। आप लोग इशू बनवाना चाहते हो। अब सौंदर्यीकरण में क्या दिक्क त आ रही है। तुम भी संविधान विरोधी हो क्या ? पट्टिका को लगाने में क्या तुमसे परमिशन लेनी पड़ेगी क्या ? शराब पीकर पट्टिका तोड़ रहे हैं, पुलिस को गालियां दे रहे हैं, तो इनके खिलाफ मामला दर्ज करवाइए। इस पर जब उन्हें जवाब मिलता है कि इस मामले को दिखवाएंगे और ये लोकार्पण है तो विधायक भड़क गई। वह बोलीं-तुमने भी दारू पी रखी है क्या?

# अमरनाथ यात्रा 25 जुलाई से नौ अगस्त तक

### बाबा बर्फानी के दर्शन को रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**हरिद्वार।** अमरनाथ यात्रा की रजिस्ट्रेशन 14 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होता है। अमरनाथ यात्रा की रजिस्ट्रेशन करने के लिए अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। यहां से श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए एक तस्वीर, आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर, ईमेल आईडी जैसी जरूरी चीजों की जरूरत होगी। वहीं यात्रियों को अपने साथ अपना एक हेल्थ सर्टिफिकेट भी साथ रखना होगा। गर्भवती महिलाएं, 70 साल से ज्यादा उम्र के लोग और 13 साल से कम उम्र के बच्चे अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करा सकते हैं। इस साल अमरनाथ की यात्रा 25 जुलाई 2025 से शुरू होगी और यात्रा समाप्त 19 अगस्त को होगा। अमरनाथ में शिवलिंग का निर्माण गुफा की छत से टपकती पानी की बूंदों से होती है।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com